# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच


बुधवार, 29 अप्रैल, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 115, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स में 417 अंकों की गिरावट

विदेशी निवेशकों की बिकवाली के दबाव में घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट रही। सेंसेक्स 417 अंकों के नुकसान में रहा, निफ्टी 97 अंक गिरकर बंद हुआ। } 10

## रक्षा मंत्री ने चीन व रूस के समकक्षों से की मुलाकात



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बिश्केक में अपने चीनी समकक्ष से मुलाकात की और वास्तविक नियंत्रण रेखा पर शांति और स्थिरता बनाए रखने तथा व्यापक क्षेत्रीय सुरक्षा चिंताओं के संबंध में चर्चा की। } 12

### संक्षेप

## 9400 खातों पर व्हाट्स ऐप ने लगायी रोक

नयी दिल्ली। केंद्र ने उच्चतम न्यायालय से कहा कि डिजिटल अरेस्ट घोटालों के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए दूरसंचार नियामकों, सेवा प्रदाताओं, भारतीय रिजर्व बैंक, प्रौद्योगिकी क्षेत्र की बड़ी कंपनियों एवं केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो को शामिल करते हुए बहुस्तरीय कार्रवाई की गई है तथा व्हाट्सऐप ने ऐसे अपराधों में शामिल 9,400 खातों पर रोक लगाई है। सूत्रों के अनुसार, गृह मंत्रालय के भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र ने अपनी विस्तृत स्थिति रिपोर्ट में इस कार्रवाई का ब्योरा दिया है। यह रिपोर्ट देश में डिजिटल अरेस्ट के बढ़ते मामलों पर रोक लगाने के लिए उच्चतम न्यायालय के नौ फरवरी के निर्देशों के अनुपालन में दाखिल की गई है।

## मदरसा गैरकानूनी घोषित

जम्मू। दारुल उलूम जामिया सिराजुल उलूम के 17 पूर्व छात्रों के आतंकवादी संगठनों में शामिल होने और बाद में अलग-अलग मुठभेड़ों में मारे जाने के बाद अधिकारियों ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत मदरसे को गैरकानूनी घोषित कर दिया है। एक पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर कहा, संस्थान के 17 पूर्व छात्र आतंकवादी संगठनों में शामिल हो गए और बाद में अलग-अलग मुठभेड़ों में मारे गए, जो कि विचारधारा थोपने और भर्ती करने के एक सुसंगत पैटर्न को दर्शाता है। कश्मीर के संभागीय आयुक्त अंशुल गर्ग ने 24 अप्रैल को शोपियां के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा पेश एक दस्तावेज के आधार पर दो पृष्ठों का आदेश जारी किया, जिसमें शोपियां के इमाम साहिब स्थित दारुल उलूम जामिया सिराजुल उलूम में कथित अवैध गतिविधियों की ओर इशारा किया गया था। गर्ग के आदेश के अनुसार, संस्थान के जमात-ए-इस्लामी के साथ निरंतर और गुप्त संबंधों को इंगित करने वाले विश्वसनीय इनपुट और साक्ष्य रिकॉर्ड पर मौजूद हैं। जमात-ए-इस्लामी पर केंद्र ने 2019 में प्रतिबंध लगा दिया था।

## भाजपा प्रचंड जीत की ओर अग्रसर

अहमदाबाद। गुजरात के स्थानीय निकाय चुनावों की मंगलवार को जारी मतगणना के बीच सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने निर्णायक जीत की ओर अग्रसर होते हुए 9,900 से अधिक सीटों में से 6,472 सीटें जीत ली हैं। अब तक की मतगणना के अनुसार, भाजपा ने प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस और अन्य पार्टियों पर काफी बढ़त बना ली है। राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) द्वारा साझा किए गए नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, कांग्रेस ने 1,412 सीटें हासिल की हैं, जबकि निर्दलीय, आम आदमी पार्टी (आप), एआईएमआईएम सहित अन्य दलों ने 597 सीटें जीती हैं। अधिकारियों ने बताया कि भाजपा ने अब तक 15 में से नौ नगर निगमों में जीत हासिल की है।



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 46.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 26.00 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- स्कूलों में कमियों को चिन्हित कर दूर करायें सभी डीएम (पृष्ठ-02)
- प्रदेश में घुमन्तू विकास बोर्ड गठन की सिफारिश (पृष्ठ-02)
- औद्योगिक उत्पादन मार्च में 4.1 प्रतिशत पर (पृष्ठ-14)
- देश में बिजली मांग 256 गीगावाट के करीब पहुंची (पृष्ठ-14)


## चुनाव के बाद नहीं बढ़ाये जायेंगे तेल के दाम: सरकार

एजेंसी

नई दिल्ली। सरकार ने साफ किया है कि विधानसभा चुनावों के बाद पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़ेंगे। महंगे कच्चे तेल और तेल कंपनियों के भारी घाटे के बावजूद पेट्रोलियम मंत्रालय ने मूल्य वृद्धि की अटकलों को खारिज किया।

केंद्र सरकार ने साफ किया है कि विधानसभा चुनावों के समापन के बाद पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में बढ़ोतरी की कोई योजना नहीं है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने मंगलवार को उन अटकलों को सिरे से खारिज कर दिया, जिनमें पश्चिम बंगाल में 29 अप्रैल को मतदान खत्म होने के तुरंत बाद ईंधन के दाम बढ़ने की आशंका जताई जा रही थी। सरकार की ओर से यह स्पष्टीकरण ऐसे समय में आया है जब पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण पिछले दो महीनों में कच्चे तेल की लागत 50 प्रतिशत से अधिक बढ़ गई है, जिससे सरकारी तेल कंपनियों पर भारी वित्तीय दबाव है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने पश्चिम एशिया के घटनाक्रमों पर एक प्रेस वार्ता के दौरान कहा, पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं है। वह इस सवाल का जवाब दे रही थीं कि क्या बुधवार को पश्चिम बंगाल में मतदान संपन्न होने के बाद खुदरा ईंधन की कीमतें बढ़ाई जाएंगी। यह बयान उन अटकलों को शांत करने के लिए महत्वपूर्ण है, जिनके कारण आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों के कुछ हिस्सों ...शेष पृष्ठ 10 पर

## यूपी पुलिस में इस वर्ष होगी एक लाख नयी भर्ती: सीएम

### सीएम ने बांटे 10 नवचयनितों को नियुक्ति पत्र, कहा- ईमानदारी से नियुक्ति हुई है तो साफ नीयत से काम कीजिये

विशेष संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को युवाओं को बड़ी खुशखबरी दी। उन्होंने युवाओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि योग्य, क्षमतावान, स्वतः स्फूर्त भाव के साथ नौजवान यूपी पुलिस बल का हिस्सा बनना चाहता है और इसके लिए भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड युवाओं को अच्छा अवसर उपलब्ध कराएगा।

उप्र पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड इस वर्ष लगभग एक लाख नई भर्ती करने जा रहा है। पिछले तीन दिन में यूपी होमगार्ड में भी 41 हजार भर्ती के लिए परीक्षा हुई। सिविल पुलिस, एसआई, होमगार्ड आदि की भर्ती प्रक्रिया तेजी से बढ़ी है। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार विभाग में चयनित 936 प्रधान परिचालक/प्रधान परिचालक (यांत्रिक) को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में नियुक्ति पत्र वितरित किए। कार्यक्रम में पुलिस दूरसंचार विभाग पर आधारित लघु फिल्म भी दिखाई गई। सीएम ने सफल अभ्यर्थियों से कहा कि सभी चाहते थे कि ईमानदारी से भर्ती हो। डबल इंजन सरकार ने ऐसा माहौल बनाया है कि भर्ती निष्पक्ष व ईमानदारी से हुई। अब आपका भी दायित्व है कि साफ नीयत, ईमानदारी, पारदर्शिता के साथ यूपी पुलिस के माध्यम से सेवा देकर राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्वों का निर्वहन करें। हर भारतीय नागरिक जब अपने क्षेत्र में ईमानदारी से कर्तव्यों का निर्वहन करेगा, तब पीएम मोदी के विकसित भारत की परिकल्पना साकार होगी। किसी व्यक्ति, जाति, मत-मजहब का अहंकार या व्यक्तिगत इच्छा, राष्ट्र से बढ़कर नहीं हो सकती। सीएम योगी ने कहा कि जिस निष्पक्षता से पुलिस भर्ती प्रक्रिया संपन्न हुई, वह 9 वर्ष पहले संभव नहीं थी। पहले प्रक्रिया ही सकुशल संपन्न नहीं होती थी। लेनदेन, नियुक्ति में भेदभाव होता था, परंतु अब पूरी ...शेष पृष्ठ 10 पर

# पीएम ने वाराणसी को दी 6350 करोड़ की सौगात

## महिलाओं के आरक्षण के अधिकार को लागू कराने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे: मोदी

विशेष संवाददाता



वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को 6350 करोड़ रुपये से ज़्यादा की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में 163 योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

उन्होंने 1050 करोड़ रुपये से अधिक की पूरी हो चुकी 48 परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित कीं और लगभग 5300 करोड़ रुपये की 112 परियोजनाओं की आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस, समाजवादी पार्टी (सपा), तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और द्रमुक समेत विपक्षी दलों पर महिला आरक्षण से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक को रोकने के लिए हमला बोला। मोदी ने कहा कि वह भरोसा दिलाना चाहते हैं कि महिलाओं के आरक्षण के अधिकार को लागू कराने के लिए वह कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। वहीं मुख्य आधारभूत परियोजनाओं में वाराणसी-आजमगढ़ सड़क का चौड़ीकरण पूरा होना, कज्जाकपुरा और कादीपुर में महत्वपूर्ण रेल ओवर ब्रिज का खुलना, और भगवानपुर में 55 एमएलडी क्षमता वाला जल शोधन संयंत्र शामिल हैं। जिन 112 परियोजनाओं की आधारशिला प्रधानमंत्री ने रखी, उनमें अमृत 2.0 के तहत 13 सीवरेज और जलपूर्ति योजनाएं, श्री शिव प्रसाद गुप्त मंडलीय जिला अस्पताल में 500 बिस्तरों वाला मल्टी-सुपर स्पेशलिटी अस्पताल और भोजूबीर तथा सिगरा में मार्केट कॉम्प्लेक्स और ऑफिस स्पेस का निर्माण शामिल है। अन्य परियोजनाओं में तालाबों का नवीनीकरण और जीर्णोद्धार, 198 बिस्तरों वाले अस्पताल का पुनर्विकास, 100 बिस्तरों वाले क्रिटिकल केयर ब्लॉक का निर्माण, और अस्सी घाट, दशाश्वमेध घाट और नमो घाट सहित प्रमुख घाटों पर पर्यटन सुविधाओं का विकास शामिल है। प्रधानमंत्री ने वाराणसी के रामनगर में एकीकृत मंडलीय कार्यालय, नगर निगम कार्यालय भवन, और एक सरकारी बाल आश्रय गृह तथा किशोर न्याय बोर्ड की आधारशिला रखी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि उन्होंने बनास डेयरी से जुड़े उत्तर प्रदेश के दूध आपूर्तिकर्ताओं को बोनस के रूप में 105 करोड़ रुपये से ज़्यादा की राशि भी हस्तांतरित की। मोदी ने वाराणसी जंक्शन-पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन तीसरी और चौथी रेलवे लाइन ...शेष पृष्ठ 10 पर

## पीएम मोदी नये भारत के निर्माता विकास को दी नयी रफ्तार: योगी



वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नए भारत के निमार्ता हैं और उनके विजन से देश विरासत से विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम को रोकने के लिए विपक्ष, विशेष रूप से कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और इंडी गठबंधन के अन्य दलों ने जो प्रयास किए, उसके खिलाफ पूरे देश में आक्रोश है। मुख्यमंत्री मंगलवार को पीएम मोदी की उपस्थिति में बनारस लोकोमोटिव वर्क्स ग्राउंड में आयोजित नारी वंदन सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सीएम योगी ने सम्मेलन के दौरान प्रदेश की आधी आबादी और पूरे प्रदेशवासियों की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हृदय से स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन का ही परिणाम है कि आज हम सभी नए भारत का दर्शन कर रहे हैं। यह नया भारत न केवल भौतिक विकास के नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है, बल्कि समग्र विकास की अवधारणा को भी साकार कर रहा है। विरासत से विकास की इस नई यात्रा के माध्यम से विकसित भारत की संकल्पना को पूरा कर रहा है। भारत को एक नई पहचान दिला रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने हमेशा इस बात पर जोर दिया है कि देश में चार ही जातियां हैं- नारी, ...शेष पृष्ठ 10 पर

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम जल्द लागू किया जाये: धामी

### उत्तराखंड विधानसभा का विशेष सत्र आयोजित: नारी सम्मान-लोकतंत्र में अधिकार संकल्प पारित

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा के विशेष एक दिवसीय सत्र नारी सम्मान-लोकतंत्र में अधिकार में महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और राजनीतिक सहभागिता को मजबूत करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण संकल्प पारित किया गया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण विषय को राजनीति से ऊपर रखा जाना चाहिए तथा संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत प्रतिनिधित्व देने वाला नारी शक्ति वंदन अधिनियम शीघ्र प्रभावी किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड सदैव मातृशक्ति के साहस, संघर्ष और नेतृत्व की प्रेरणाभूमि रहा है। उन्होंने राज्य आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रदेश की अनेक प्रेरक महिलाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि गौरा देवी, टिंचरी माई, बिशनी देवी शाह, जशूली शौक्याण, कुंती वर्मा, भागीरथी देवी, मंगला देवी, हंसा धनाई, सरला बहन, बेलमती चौहान, सुशीला बहन और कमला पंत जैसी महिलाओं ने समाज सुधार और जनजागरण में अहम योगदान दिया। धामी ने कहा कि भारतीय परंपरा में नारी को शक्ति, समृद्धि और विद्या का स्वरूप माना गया है। मां दुर्गा, मां लक्ष्मी और मां सरस्वती के रूप में महिलाओं ...शेष पृष्ठ 10 पर

## महाराष्ट्र में पहलगाम दोहराने की कोशिश

### कलमा नहीं पढ़ा तो सुरक्षाकर्मी पर जानलेवा हमला, एक गार्ड लहूलुहान, दूसरे ने भागकर बचायी अपनी जान

एजेंसी



मुंबई। महाराष्ट्र के मीरा-भायंदर क्षेत्र में कश्मीर के पहलगाम जैसी घटना सामने आई है। सोमवार तड़के एक मुस्लिम युवक ने ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा गार्ड्स को जबरन कलमा पढ़ने के लिए मजबूर किया और कलमा पढ़ने से इनकार करने पर चाकू से हमला बोल दिया। इस हमले में एक गार्ड लहूलुहान होकर गंभीर रूप से घायल हो गया है, जबकि दूसरे ने भागकर अपनी जान बचाई। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल है।

मिली जानकारी के अनुसार, घटना सोमवार तड़के की है, जब नया नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली एक निमार्णाधीन इमारत के बाहर दो सुरक्षाकर्मी तैनात थे। पुलिस को दी गई शिकायत में बताया गया है कि आरोपित युवक सोमवार सुबह करीब चार बजे अचानक उनके पास आया और बिना किसी उकसावे के उनसे मजहबी बातें करने लगा। युवक ने गार्ड् राजकुमार मिश्र पर दबाव बनाया कि वे 'कलमा' पढ़ें। जब सुरक्षाकर्मी ने इससे इनकार किया और उसे वहां से जाने को कहा, तो आरोपी तैश में आ गया। विवाद इतना बढ़ा कि युवक ने अपने पास छिपाकर रखा चाकू निकाल लिया और राजकुमार पर हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले से राजकुमार संभल नहीं पाए। आरोपित ने उनपर चाकू से ताबड़तोड़ वार किए, जिससे वह बुरी तरह घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। दूसरे गार्ड सुब्रतो सेन ने बीचबचाव करने की कोशिश की, तो हमलावर ने उनपर चाकू से हमला बोल दिया। सेन ने सूझबूझ दिखाते हुए वहां से भागकर अपनी जान बचाई और तुरंत शोर मचाया। शोर सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा होने लगे, जिन्हें देखकर आरोपित मौके से फरार हो गया। दोनों घायल गार्डों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां राजकुमार मिश्रा की हालत गंभीर बनी हुई है और सुब्रतो सेन को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। घटना की जानकारी मिलते ही नया नगर पुलिस ...शेष पृष्ठ 10 पर

**विशेष खबर** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हरदोई से कार्यक्रम को करेंगे संबोधित

## देश के सबसे बड़े डिजिटल हाईवे गंगा एक्सप्रेसवे का लोकार्पण आज

विशेष संवाददाता



लखनऊ। गंगा एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश में न केवल आर्थिक तरक्की का नया रास्ता बनेगा, बल्कि ये टेक्नोलॉजी और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में भी नायाब नजीर बन रहा है। मेरठ से प्रयागराज तक 594 किमी के इस एक्सप्रेसवे के निर्माण में लाखों टन कचरे का इस्तेमाल हुआ है।

साथ ही 18 लाख पेड़ लगाए गए हैं एक्सप्रेसवे के साथ ही ऑप्टिकल फाइबर, बिजली और गैस पाइपलाइन भी गुजरेंगी, जिससे यूपी सरकार को हर साल अरबों रुपये का फायदा होने वाला है. एक्सप्रेसवे के मेंटेनेंस का खर्च खुद डिजिटल नेटवर्क ही निकल जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को गंगा एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री हरदोई से कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। बदायूं के घटपुरी इंटरचेंज पर इस संबोधन का सजीव प्रसारण किया जाएगा। गंगा एक्सप्रेसवे के साथ 2 मीटर चौड़ा यूटिलिटी कॉरिडोर बनाया गया है। इंटरनेट केबल बिछाने या मरम्मत के लिए एक्सप्रेसवे की सड़क को कभी खोदना नहीं पड़ेगा। इस प्री-बिल्ट कॉरिडोर के भीतर ऑप्टिकल फाइबर, गैस पाइपलाइन, बिजली के तार या कोई और वायर बिछाई जा सकती है। एक्सप्रेसवे के नीचे ये डार्क फाइबर उत्तर प्रदेश के उन 519 गांवों और पिछड़े जिलों के लिए ब्रॉडबैंड हाईवे का काम करेगा, हर गांव को हाईस्पीड 5जी कनेक्टिविटी मिलेगी। इस फाइबर नेटवर्क से एक्सप्रेसवे के किनारे एज डेटा सेंटर बनाए जा सकते हैं, जो यूपी को बेंगलुरु या हैदराबाद जैसा डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर देंगे। एक्सप्रेसवे के यूटिलिटी कॉरिडोर में केबल के साथ नेचुरल गैस पाइपलाइन का भी विकल्प है। प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा परियोजना के तहत एक्सप्रेसवे के किनारे बसे गांवों और उद्योगों को सस्ती पीएनजी मिल सकेगी। स्मार्ट स्ट्रीट लाइटिंग के तहत गंगा एक्सप्रेसवे सेंसर वाली एलईडी लाइटों से लैस है। इसके लिए बिजली और डेटा लाइनें इसी कॉरिडोर में बिछाई गई हैं। हर 2-3 किलोमीटर पर लगे हाई-रेजोल्यूशन कैमरे और सेंसर इसी फाइबर से जुड़े हैं। जमीन के नीचे छिपे डिजिटल फाइबर नेटवर्क से एक्सप्रेसवे का स्मार्ट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम काम करेगा। जैसे ही कोई गाड़ी रुकती है या कोई हादसा होता है तो स्मार्ट अलर्ट सिस्टम से पलक झपकते ही कंट्रोल रूम को अलर्ट भेजा ...शेष पृष्ठ 10 पर

## पटियाला रेल पटरी पर विस्फोट एनआईए कर सकती है जांच

एजेंसी

चंडीगढ़। खालिस्तान समर्थक आतंकी मॉड्यूल ने पटियाला के शंभू इलाके के पास एक मालगाड़ी कॉरिडोर की पटरी पर देर रात विस्फोट किया और इस दौरान मॉड्यूल का एक सदस्य भी मारा गया। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि मॉड्यूल के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस ने बताया कि यह विस्फोट सोमवार रात शंभू-अंबाला रेलवे पटरी के पास हुआ। उन्होंने बताया कि शुरू में इसे कम तीव्रता का विस्फोट माना गया था लेकिन बाद में जांच से पता चला कि यह पटरी को विस्फोट से उड़ाने की साजिश थी। पुलिस ने बताया कि यह विस्फोट बोथोनिया गांव के पास सोमवार रात मालगाड़ियों के लिए निर्धारित पटरी पर हुआ। विस्फोट के कारण पटरी को भी कुछ नुकसान पहुंचा और रेल लाइन के नीचे एक छोटा सा गड्ढा बन गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस बात की ओर ध्यान दिलाया कि तीन महीने में यह इस तरह की दूसरी घटना है। उन्होंने संकेत दिया कि इस मामले में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) द्वारा जांच किए जाने की संभावना है। पुलिस को घटनास्थल पर एक अज्ञात शव मिला, जो विस्फोट के कारण क्षत-विक्षत हो गया था। शव के कुछ हिस्से रेलवे पटरी पर बिखरे हुए थे। पटियाला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ...शेष पृष्ठ 10 पर

# सरकार ने युवाओं को दिया पारदर्शी अवसर

## चयनित महिला अभ्यर्थियों ने कहा, यूपी में बेटियों की सुरक्षा चाक-चौबंद

विशेष संवाददाता (vol)



भ्रष्टाचार की कमर तोड़ने का काम किया योगी सरकार ने

लखनऊ। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में मंगलवार को उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार विभाग में चयनित 936 प्रधान परिचालक एवं प्रधान परिचालक (यांत्रिक) अभ्यर्थियों चेहरे नियुक्ति पत्र पाकर खुशी से खिल उठे। अधिसंख्य अभ्यर्थियों ने इसे अपने परिवार में पहली सरकारी नौकरी बताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हृदय से आभार जताया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दूरसंचार पुलिस बल में नवचयनित 936 अभ्यर्थियों से कहा कि अब संचार यूनिट को और सशक्त बनाने में मदद मिलेगी। अगले 8 महीने की आपकी ट्रेनिंग महत्वपूर्ण होगी। सीएम ने युवाओं व पुलिस कार्मिकों को फिट रहने का मंत्र दिया। कहा कि फिजिकली फिट रहेंगे तो मेंटली भी फिट होंगे और तभी ईमानदारी से देश व समाज को सेवा दे पाएंगे।

चयनित अभ्यर्थियों ने कहा कि योगी सरकार ने प्रदेश में भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष और भ्रष्टाचार मुक्त बनाया है, जिससे मेहनत करने वाले युवाओं को अवसर मिल रहा है। प्रयागराज की महिमा यादव ने कहा कि वर्ष 2006 के बाद इतने बड़े स्तर पर सीधी भर्ती होना युवाओं के लिए बड़ी उपलब्धि है। पूरी प्रक्रिया बेहद सुचिता और पारदर्शिता के साथ सम्पन्न हुई। सीएम योगी के नेतृत्व में प्रदेश लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है। एटा के कुशाल चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री की मौजूदगी में नियुक्ति पत्र प्राप्त करना उनके लिए गर्व का क्षण है। योगी आदित्यनाथ ने जमीनी स्तर पर काम करते हुए गुंडों और माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है, जिससे प्रदेश भयमुक्त बना है। उन्होंने मुख्यमंत्री को तेजतर्रार, तुरंत निर्णय लेने वाला और भ्रष्टाचार की कमर तोड़ने वाला नेता बताया। प्रयागराज के सौरभ मिश्रा ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में योगी सरकार ने माफियाओं के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम किया है।

पुलिस बल की संख्या और संसाधनों में वृद्धि कर अपराधियों पर अंकुश लगाने का काम किया गया है। मुख्यमंत्री की निर्भीक कार्यशैली युवाओं को प्रेरित करती है। प्रयागराज की अदिति राठौर ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के दृष्टिकोण से प्रदेश में बड़ा बदलाव आया है। आज महिलाएं खुद को पहले से अधिक सुरक्षित महसूस करती हैं। मुख्यमंत्री के फास्ट रिएक्शन और तत्काल कार्रवाई की नीति से कानून-व्यवस्था मजबूत हुई है। गोरखपुर की शालू गुप्ता और अयोध्या की सपना पांडेय ने भी मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया।

वहीं अभिषेक कुमार ने कहा कि योगी सरकार में पारदर्शी तरीके से नियुक्तियां हो रही हैं, इसी वजह से उन्हें उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार विभाग में सेवा का अवसर मिला है। अलीगढ़ के अरविंद ने कहा कि नियुक्ति पत्र पाकर पूरा परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहा है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि मेहनत करते रहें, सरकार लगातार रोजगार के अवसर दे रही है। झांसी के विशाल कुमार शर्मा ने कहा कि नियुक्ति पत्र मिलना जीवन का यादगार दिन है और अब सभी प्रशिक्षण लेकर सेवा के लिए तैयार होंगे। वहीं हेवल कुमार रत्नागर ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष रही। एटा के रामहरि ने कहा कि रेडियो एवं दूरसंचार विभाग में चयन उनके परिवार के लिए खुशी का बड़ा अवसर है। उन्होंने मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि योगी सरकार में प्रतिभा और मेहनत को सम्मान मिल रहा है।

**मुख्यमंत्री के हाथों नियुक्ति पत्र पाकर हुए गौरवान्वित :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों नियुक्ति पत्र पाकर नवचयनित युवा गौरवान्वित हुए। सीएम योगी ने मंच पर पूजा गुप्ता (मऊ), वैशाली (लखनऊ), शालिनी आनंद (झांसी), अमन त्यागी (मेरठ), भूपेंद्र सिंह वर्मा (बाराबंकी), अंकित कुशवाहा (बांदा), शुभम चौरसिया (प्रतापगढ़), श्याम सुंदर (सोनभद्र), मोनू पासवान (गोरखपुर), मनीष गौड़ (महराजगंज) को नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

# प्रदेश के 39 ऐतिहासिक स्थल संरक्षण सूची में शामिल

## सरकार का बड़ा कदम, विरासत संरक्षण के साथ पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण की दिशा में बड़ा निर्णय लेते हुए 41 चिन्हित स्थलों में से 39 को संरक्षण की मंजूरी दे दी है। यह फैसला राज्य पुरातत्व सलाहकार समिति की उच्च स्तरीय बैठक में लिया गया, जिसकी अध्यक्षता पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने की। मंत्री ने बताया कि राज्य में वर्तमान में 278 स्मारक संरक्षित हैं और वर्ष 2027 तक इनकी संख्या बढ़ाकर 300 करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

स्वीकृत 39 स्थलों के संरक्षण से इस लक्ष्य को हासिल करने में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल ऐतिहासिक धरोहरों को बचाना ही नहीं, बल्कि उन्हें पर्यटन के दृष्टिकोण से भी विकसित करना है, ताकि आने वाली पीढ़ियां अपने गौरवशाली इतिहास से जुड़ सकें।

चिन्हित स्थलों में प्राचीन मंदिर, ऐतिहासिक इमारतें और पुरातात्विक टीले शामिल हैं, जिनमें कुछ स्थल लगभग 2500 वर्ष पुराने बताए जा रहे हैं। इसके अलावा कई स्थल 3000 वर्ष पुराने भी हैं, जिन्हें संरक्षित करने की योजना है। सरकार कुषाण काल से जुड़े स्थलों को जोड़कर कुषाण ट्रेल विकसित करने की योजना पर भी काम कर रही है, जिससे प्रदेश में पर्यटन को नया आयाम मिलेगा। साथ ही चयनित स्थलों पर पुस्तकालय और बुनियादी सुविधाएं विकसित कर पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाने की रणनीति भी तैयार की जा रही है। पर्यटन मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि समन्वय के साथ कार्य करें ताकि हमारी सभ्यता की अनमोल धरोहर को आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखा जा सके। जयवीर सिंह ने कहा कि 3000 वर्ष पुराने टीले और प्राचीन मंदिर संरक्षित किये जायेगे। चिन्हित किये गये 41 स्थलो में प्राचीन मंदिर, टीले, ऐतिहासिक इमारतें और पुरातात्विक टीले शामिल हैं। इनमें से कुछ स्थल उत्तरी कृष्ण मार्जित मृदभांड काल के हैं। जो लगभग 2500 वर्ष पुराने हैं। संरक्षित स्थलों में राजधानी के प्राचीन भवन, मूसा बाग, कानपुर नगर के पंचमुखी मंदिर, हरदोई का नागेश्वर मंदिर, उन्नाव का महेपासी टीला, झांसी का गोंडवानी मंदिर, रामपुर का तूती का मकबरा, वाराणसी का शिव मंदिर, महोबा का बासुदेव मंदिर आदि शामिल हैं। बैठक में प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति तथा धर्मार्थ कार्य ने कहा कि विरासत स्थलों का संरक्षण करके इन्हें भावी पीढ़ी के लिए संरक्षित रखना जरूरी है। ताकि आने वाली पीढ़ियां अपने गौरवशाली इतिहास तथा सांस्कृतिक धरोहरों को देख सके। उन्होंने सुझाव दिये कि चिन्हित स्थलों में से कई कुषाण काल से संबंधित हैं। जिन्हें जोड़कर एक कुषाण काल टेज्ल विकसित की जा सकती है। इसके अतिरिक्त पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए चयनित स्थलों में पुस्तकालय एवं अन्य बुनियादी सुविधाएं सृजित करने पर रणनीति बनाई जा सकती है।

# प्रदेश में घुमन्तू विकास बोर्ड गठन की सिफारिश

## हर पात्र तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर जोर

विशेष संवाददाता (vol)

- शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश

लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की मासिक बैठक मंगलवार को इंदिरा भवन में आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने की।

बैठक में पिछड़े वर्गों के सामाजिक और आर्थिक सशक्तीकरण को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में विमुक्त, घुमन्तू एवं अर्द्ध-घुमन्तू समुदायों के समग्र विकास को प्राथमिकता देते हुए उत्तर प्रदेश घुमन्तू विकास बोर्ड के गठन की सिफारिश को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई। यह पहल राज्य सरकार की समावेशी विकास नीति को मजबूती देने वाली मानी जा रही है।

आयोग ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन समुदायों से जुड़ी शिकायतों का त्वरित और प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, यह भी स्पष्ट किया गया कि सरकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए विशेष अभियान चलाए जाएं।

बैठक में योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए आधुनिक तकनीक के उपयोग पर भी जोर दिया गया, ताकि पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके। आयोग ने विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर जमीनी स्तर पर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए, जिससे समाज के वंचित तबकों को वास्तविक लाभ मिल सके।

आयोग के उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल, सोहन लाल श्रीमाली समेत अन्य सदस्यों की मौजूदगी में प्रदेश में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में निर्देश दिए गए कि पिछड़ा वर्ग के हितों की रक्षा और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए व्यापक और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग से प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को सख्त निर्देश दिए। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेष रूप से पिछड़ा वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

हमारी प्राथमिकता है कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित न रहे। इसके लिए योजनाओं के क्रियान्वयन में आधुनिक तकनीक का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि पारदर्शिता के साथ हर जरूरतमंद तक लाभ पहुंच सके।

# स्कूलों में कमियों को पहचान कर दूर करायें सभी डीएम : पार्थ सारथी

विशेष संवाददाता (vol)

- अपर मुख्य सचिव बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने दिया निर्देश
- बच्चों को स्कूल में अच्छा और सुविधायुक्त माहौल देने के लिए उठाया कदम

लखनऊ। विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने के साथ-साथ बच्चों को बेहतर और सुविधायुक्त शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से योगी सरकार ने प्रदेश भर में स्कूलों के कायाकल्प को गति देते हुए बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण पर विशेष जोर दिया है। इसी क्रम में अपर मुख्य सचिव बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सभी मंडलायुक्त और जिलाधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि विद्यालयों में मौजूद अवसंरचनात्मक कमियों की पहचान कर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र दूर किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी विद्यालय में आवश्यक सुविधाओं का अभाव अब स्वीकार्य नहीं होगा और सभी संस्थानों को निर्धारित मानकों के अनुरूप विकसित किया जाएगा।

शिक्षा के क्षेत्र में आधारभूत ढांचे को मजबूत कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में लगातार ठोस कदम उठा रही है, जिससे प्रदेश के हर बच्चे को बेहतर और सुसज्जित विद्यालयी वातावरण मिल सके। ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत अब तक हुए कार्यों की समीक्षा करते हुए शेष कमियों को दूर करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत गैप एनालिसिस के माध्यम से हर विद्यालय की जरूरतों का आकलन कर उन्हें पूरा किया जाएगा। जहां संसाधनों की कमी होगी, वहां कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व और संबंधित विभागों के सहयोग से आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी, ताकि कोई भी स्कूल बुनियादी सुविधाओं से वंचित न रहे।

माध्यमिक विद्यालयों में प्रोजेक्ट अलंकार के अंतर्गत अधोसंरचना को और मजबूत बनाने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा गया है कि जिन स्कूलों में किसी प्रकार की कमी पाई जाती है, उसे प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए। यदि अतिरिक्त संसाधनों की आवश्यकता हो, तो समेकित प्रस्ताव तैयार कर विभाग को भेजा जाए, जिससे समयबद्ध समाधान सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही सभी विद्यालयों को विद्यांजलि पोर्टल से जोड़ने की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

इस पोर्टल के माध्यम से स्कूल अपनी आवश्यकताओं को दर्ज करेंगे और एनजीओ, सीएसआर व अन्य सहयोगियों के माध्यम से उन जरूरतों को पूरा किया जाएगा। जिला स्तर पर इसकी सतत निगरानी की जाएगी।

# सपा प्रतिनिधिमंडल ने की पीड़ित परिवार की आर्थिक मदद



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि गाजीपुर के पीड़ित परिवार को हमारे पूरे पीडीए समाज ने मिलकर, एक समुदाय के रूप में 5 लाख रुपये एकत्र कर, इस कठिन घड़ी में अपने प्रतिनिधिमंडल के माध्यम से जो मदद की है, वो दरअसल पीडीए की एकता का प्रतीक है। इससे पीड़ित पीडीए परिवार के रूप में इनका मनोबल बढ़ेगा और ये विश्वास भी कि वर्चस्ववादियों के अत्याचार के खिलाफ समस्त पीडीए समाज एक साथ संघर्ष कर रहा है और करता रहेगा। अखिलेश यादव ने कहा कि हम पीडीए के मान-सम्मान, समान अवसर -स्थान और चतुर्दिक उत्थान के लिए संघर्ष करते रहेंगे, इसमें साल लगे या सदी ! पीड़ा ही वो धागा है, जिससे पूरा पीडीए समाज जुड़ा है। बता दें कि अखिलेश यादव के निर्देश पर सपा प्रतिनिधिमण्डल में शामिल पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा, समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष सीमा राजभर, विधायक जयकिशन साहू और रीता विश्वकर्मा ने पीड़ित परिवार से मिलकर सपा की ओर से 2 लाख रुपये और विश्वकर्मा समाज की ओर से 3 लाख रूपये कुल पांच लाख रुपये की आर्थिक मदद की और न्याय की लड़ाई में परिवार का साथ देने का भरोसा दिया।

# अखिलेश ने पुलिस अधिकारी को लेकर उठाये सवाल

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि बंगाल चुनाव के दौरान ऑब्जर्वर बने, उत्तर प्रदेश के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी का जो अभद्र वीडियो सरेआम चल रहा है, उससे उत्तर प्रदेश सरकार के शासन-प्रशासन की छवि बेहद क्षतिग्रस्त हुई है साथ ही भाजपा सरकार के तथाकथित महिला सम्मान व नारी वंदन के दावों की पोल भी महिलाओं के सामने पूरी तरह खुल गई है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा शासन-प्रशासन में ऐसे व्यक्ति व अधिकारी अपवाद नहीं है। नारी को लगता है कि जिनके हाथ में महिला सुरक्षा की बागडोर है अगर वो ऐसे हैं, तो हमारी सुरक्षा कैसे होगी।

# किसानों को 04 मई को मिलेगी 122.28 करोड़ रुपये की फसल क्षतिपूर्ति

लखनऊ। प्रदेश सरकार की ओर से प्रतिकूल मौसम के कारण प्रभावित होने वाली फसलों से किसानों को सुरक्षा प्रदान करने और उनकी आय स्थिर बनाए रखने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। निदेशक कृषि सांख्यिकी एवं फसल बीमा, सुमिता सिंह ने इस संबंध बताया कि प्रदेश के समस्त जनपदों में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और चयनित 60 जनपदों में पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना का सफल क्रियान्वयन खरीफ 2016 से बीमा कंपनियों के माध्यम से किया जा रहा है। इसी क्रम में आगामी 04 मई, 2026 को अपराह्न 04 बजे प्रदेश के समस्त जनपदों में माननीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से खरीफ 2025 एवं रबी 2025-26 की फसल क्षतिपूर्ति धनराशि का वितरण किया जाएगा। आगामी 04 मई को होने वाले वितरण कार्यक्रम के विवरण के अनुसार, खरीफ 2025 मौसम की कुल देय क्षतिपूर्ति 730.04 करोड़ रुपये में से 624.88 करोड़ रुपये का भुगतान पहले ही किया जा चुका है और शेष 105.16 करोड़ रुपये का भुगतान इस दिन किया जाएगा। इसी प्रकार रबी 2025-26 मौसम की शेष 17.11 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति का भी भुगतान किया जाएगा। इस प्रकार 04 मई को कुल 122.28 करोड़ रुपये की राशि लाभान्वित किसानों के खातों में अंतरित की जाएगी। 21 फरवरी, 2026 को माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा 'वन-क्लिक' के माध्यम से खरीफ 2025 की 285.00 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति 2.51 लाख किसानों को वितरित की गई थी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2017-18 से वर्ष 2025-26 तक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत अब तक कुल 67.86 लाख किसानों को 5755.68 करोड़ रुपये की राशि क्षतिपूर्ति के रूप में प्रदान की जा चुकी है।

# बाजार हस्तक्षेप योजना के अंतर्गत लखनऊ व फरुखाबाद में आलू की खरीद शुरू

विशेष संवाददाता (vol)

- 10 जिलों में क्रय केन्द्र खोलने की प्रक्रिया तेज

लखनऊ। प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने मंगलवार को उद्यान विभाग की समीक्षा बैठक में किसानों के हित में महत्वपूर्ण निर्देश जारी करते हुए विभिन्न जिलों में आलू क्रय केन्द्र तत्काल स्थापित कर खरीद प्रक्रिया प्रारंभ करने को कहा। मंत्री के निर्देशों के क्रम में उत्तर प्रदेश राज्य औद्यानिक सहकारी विपणन संघ (हॉफेड) को 10 जनपदों में क्रय केन्द्र स्थापित करने की जिम्मेदारी दी गई है, जिसमें लखनऊ एवं फरुखाबाद को प्राथमिकता देते हुए दोनों जनपदों में आज से ही खरीद प्रक्रिया शुरू कर दी गई।

मंत्री के निर्देशानुसार जनपद लखनऊ के बक्शी का तालाब स्थित इंदौरा बाग में स्थापित क्रय केन्द्र का उद्घाटन अपर मुख्य सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण बीएल मीणा द्वारा किया गया, जबकि जनपद फरुखाबाद के मंडी समिति सातनपुर में स्थापित क्रय केन्द्र का शुभारंभ उद्यान निदेशक बीपी राम ने किया। इस अवसर पर विभागीय अधिकारी एवं कृषक उपस्थित रहे। यह पूरी प्रक्रिया भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा अनुमोदित बाजार हस्तक्षेप योजना (एमआईएस) के अंतर्गत संचालित की जा रही है, जिसके तहत किसानों से सीधे आलू की खरीद सुनिश्चित की जा रही है।


बैठक में मंत्री ने निर्देश दिए कि जिन जिलों में बाजार में आलू का मूल्य कम है, वहां प्राथमिकता के आधार पर क्रय केन्द्र खोले जाएं और किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाया जाए। योजना के अंतर्गत बाजार हस्तक्षेप मूल्य 650.09 रुपये प्रति कुन्तल तथा ओवरहेड व्यय 162.52 रुपये प्रति कुन्तल निर्धारित किया गया है, जबकि क्षतिपूर्ति की अधिकतम सीमा कुल खरीद लागत का 25 प्रतिशत तय की गई है, जिसका वहन केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा समान रूप से किया जाएगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि अन्य जनपदों में भी चरणबद्ध तरीके से क्रय केन्द्र स्थापित कर अधिकतम किसानों को लाभान्वित किया जाए।

समीक्षा के दौरान मंत्री ने प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित की जा रही रूफ टॉप गार्डेनिंग योजना के भव्य शुभारंभ की तैयारियां शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस योजना का शुभारंभ मुख्यमंत्री द्वारा किया जाएगा, जिससे शहरी नागरिकों में बागवानी के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहन मिलेगा। इसके अतिरिक्त मंत्री ने उत्तर प्रदेश राज्य औद्यानिक निर्यात प्रोत्साहन बोर्ड के कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदेश में अधिशेष औद्यानिक फसलों की पहचान कर उनके निर्यात को बढ़ाने हेतु ठोस रणनीति तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि इससे किसानों की आय में वृद्धि के साथ-साथ प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

मंत्री ने औद्यानिक उन्नयन गोष्ठियों के आयोजन की विस्तृत रूपरेखा तैयार कर प्रदेशभर में इनके आयोजन के निर्देश दिए तथा विभागीय परियोजनाओं के शीघ्र लोकार्पण पर भी जोर दिया, ताकि आमजन को समयबद्ध रूप से लाभ मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को सभी योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से सुनिश्चित करने तथा सतत निगरानी रखने के निर्देश भी दिए। उद्यान मंत्री ने अपील की है कि किसान निर्धारित क्रय केन्द्रों पर अपनी आलू उपज लाकर योजना का अधिकतम लाभ उठाएं तथा उन्होंने निर्देश दिए कि विभागीय अधिकारी किसानों को हर संभव सहयोग प्रदान करें।

# महिला आरक्षण पर विशेष सत्र का स्वागत, कांग्रेस का विरोध मात्र ढोंग

प्रमुख संवाददाता (vol)



देहरादून। भाजपा शिवालिक ग्रामीण मंडल की मंडल उपाध्यक्ष सुमन बासकण्डी ने महिला आरक्षण को लेकर विधानसभा के विशेष सत्र का स्वागत करते हुए कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन को राजनीतिक ढोंग करार दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा नारी शक्ति का अपमान किया है और महिलाओं को केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया है।

मंडल उपाध्यक्ष सुमन बासकण्डी ने कहा कि कांग्रेस की कथनी और करनी में बड़ा अंतर है। एक ओर दिल्ली में महिला आरक्षण का विरोध किया जाता है, वहीं दूसरी ओर राज्य में समर्थन के नाम पर प्रस्ताव की मांग की जाती है। यह दोहरी राजनीति जनता भली-भांति समझ चुकी है।

उन्होंने आरोप लगाया कि संसद के विशेष सत्र में नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध कर कांग्रेस और विपक्ष ने महिलाओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है, जिससे मातृशक्ति और आमजन में भारी रोष है। उन्होंने कहा कि जनभावनाओं के सम्मान तथा महिलाओं का अपमान करने वालों का वास्तविक चेहरा जनता के सामने लाने के उद्देश्य से 28 अप्रैल को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया गया है। इस सत्र के माध्यम से उत्तराखंड की जनता की भावना देश के सामने एकमत होकर रखी जाएगी। सुमन बासकण्डी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा और कल्याण के लिए निरंतर प्रभावी कार्य कर रही है, जिसका लाभ प्रदेश की मातृशक्ति को मिल रहा है।

# उप्र को-ऑपरेटिव संघ के चुनाव में भाजपा ने हासिल की ऐतिहासिक विजय

विशेष संवाददाता (vol)

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश महामंत्री संगठन ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को दी बधाई
- धर्मपाल सिंह ने कहा कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत, अनुशासन और संगठन की मजबूती का परिणाम

लखनऊ। उत्तर प्रदेश को-ऑपरेटिव संघ के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने ऐतिहासिक विजय हासिल की है। संघ के सभापति, उपसभापति सहित सभी संचालक पदों पर भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने निर्विरोध विजय प्राप्त की है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी एवं प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने नव निर्वाचित सभापति चौधरी शिवेन्द्र सिंह एवं उपसभापति ब्रज किशोर गुप्ता सहित सभी संचालकों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को-ऑपरेटिव संघ विकास, पारदर्शिता और जनसेवा के नए आयाम स्थापित करेगा। उन्होंने निर्विरोध निर्वाचित संचालकों रामनिवास यादव, बालेन्द्र प्रताप सिंह, धनंजय कुमार सिंह, शिवदत्त नारायण सिंह, अभय सिंह, हरिओम मिश्रा, सुरेश गंगवार, जयवीर सिंह सिरोही, दिवाकर मिश्रा, शारदा चौधरी, आकांक्षा सोनकर एवं ऊर्षा मौर्या को भी विजय की बधाई दी है।

प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश को-ऑपरेटिव संघ के चुनाव में भाजपा समर्थित सभी उम्मीदवारों का निर्विरोध चयन यह दर्शाता है कि प्रदेश की सहकारिता व्यवस्था में भाजपा के प्रति व्यापक विश्वास और समर्थन है। यह विजय केवल एक संगठनात्मक सफलता नहीं, बल्कि प्रदेश में सहकारिता के माध्यम से समावेशी विकास के प्रति जनता की आस्था का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सहकारिता क्षेत्र किसानों, छोटे व्यापारियों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में सहकारिता क्षेत्र को सशक्त करने के लिए अनेक ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं। उत्तर प्रदेश में भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सहकारिता संस्थाओं को पारदर्शी, जवाबदेह और जनोन्मुख बनाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नव-निर्वाचित सभापति एवं उनकी टीम प्रदेश की सहकारिता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाएगी तथा किसानों और आम जनमानस के हितों को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का लक्ष्य सहकारिता के माध्यम से आत्मनिर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्था का निर्माण करना है, और यह जीत उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से अपेक्षा की है कि वे सहकारिता की भावना को मजबूत करते हुए प्रदेश के विकास में सक्रिय योगदान देंगे तथा आमजन के हितों की रक्षा करते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जायेंगे। प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने इस जीत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता पार्टी कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत, अनुशासन और संगठन की मजबूती का परिणाम है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा सहकारिता को जनसेवा का सशक्त माध्यम माना है और इसी भावना के साथ संगठन ने कार्य किया है। उन्होंने कहा कि निर्विरोध चुनाव यह दर्शाता है कि भाजपा की नीतियों और कार्यशैली पर सभी वर्गों का विश्वास बढ़ा है। नव-निर्वाचित पदाधिकारी निश्चित रूप से संगठन की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे और सहकारिता क्षेत्र में पारदर्शिता, दक्षता एवं जनकल्याण के नए मानक स्थापित करेंगे।

# एकेटीयू में समर्थ पोर्टल के माध्यम से होगी प्रवेश प्रक्रिया

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) में मंगलवार को कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय की अध्यक्षता में केंद्रीय प्रवेश समिति की बैठक हुई। बैठक में विभिन्न प्रस्तावों पर अनुमोदन प्रदान किया गया। विश्वविद्यालय के यूपीटीएसी की ओर से हर वर्ष इंजीनियरिंग सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों में होने वाली प्रवेश प्रक्रिया इस बार समर्थ पोर्टल के जरिये करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। शैक्षिक सत्र 2026-27 में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए समस्त प्रवेश प्रक्रिया समर्थ पोर्टल के माध्यम से करायी जाएगी। बीटेक में प्रवेश प्रक्रिया शुरू करने पर भी बैठक में चर्चा की गयी। इसके जल्द ही कार्यक्रम जारी किया जाएगा। बैठक में प्रतिकुलपति प्रो. राजीव कुमार, कार्यवाहक कुलसचिव एवं वित्त अधिकारी केशव सिंह, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. ओपी सिंह, प्राचार्या एफओएपी प्रो. वंदना सहगल सहित अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

# एक साल में 156 करोड़ से अधिक पर्यटकों का यूपी आगमन

## पर्यटन का बजट 22 गुना, संस्कृति के लिए बजट 20 गुना बढ़ा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश ने पर्यटन के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए एक वर्ष में 156 करोड़ से अधिक पर्यटकों के आगमन का आंकड़ा पार कर लिया है। यह उपलब्धि राज्य सरकार की पर्यटन-हितैषी नीतियों और बुनियादी ढांचे में किए गए व्यापक सुधारों का परिणाम मानी जा रही है।

पर्यटन विभाग की स्थायी समिति की बैठक में सामने आए आंकड़ों ने इस सफलता पर मुहर लगा दी, जहां बताया गया कि पर्यटन बजट में 22 गुना और संस्कृति के लिए बजट में 20 गुना वृद्धि हुई है। वर्ष 2025 में 156 करोड़ से अधिक पर्यटकों का आगमन प्रदेश की लोकप्रियता का प्रमाण है। अयोध्या, काशी, प्रयागराज समेत धार्मिक स्थलों का भव्य विकास योगी सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धि माना जा रहा है। मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले जहां पर्यटन विकास सीमित दायरे में था, वहीं आज उत्तर प्रदेश देश के प्रमुख पर्यटन राज्यों में शामिल हो चुका है। उन्होंने कहा कि सरकार पारदर्शिता, सुशासन और योजनाबद्ध विकास के माध्यम से पर्यटन को रोजगार और अर्थव्यवस्था से जोड़ रही है। अपर मुख्य सचिव पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य अमृत अभिजात ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में पर्यटन विभाग के बजट में लगभग 22 गुना और संस्कृति विभाग के बजट में करीब 20 गुना वृद्धि की गई है। यह बढ़ोतरी मुख्यमंत्री योगी की दूरदर्शी सोच और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनामी बनाने में पर्यटन की अहम भूमिका होगी। बैठक में यह भी बताया गया कि वर्ष 2025 में 156 करोड़ से अधिक पर्यटकों का उत्तर प्रदेश आगमन हुआ, जो अपने आप में ऐतिहासिक उपलब्धि है।

महाकुंभ-2025 के सफल आयोजन ने दुनिया भर का ध्यान उत्तर प्रदेश की ओर आकर्षित किया। प्रयागराज, अयोध्या और काशी को जोड़ने वाला स्पिरिचुअल ट्रायंगल श्रद्धालुओं और पर्यटकों को अनूठा आध्यात्मिक अनुभव दे रहा है। मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि सरकार अब एक्सपीरियंशल टूरिज्म पर फोकस कर रही है, ताकि पर्यटक सिर्फ भ्रमण न करें बल्कि प्रदेश में अधिक समय रुकें और स्थानीय संस्कृति, खानपान तथा परंपराओं को करीब से जान सकें। इससे स्थानीय रोजगार और व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने झांसी में हेली सेवा, प्रयागराज में वाटर स्पोर्ट्स, सहारनपुर में जंगल सफारी, कानपुर में औद्योगिक पर्यटन और गाजीपुर सहित अन्य क्षेत्रों में पर्यटन विस्तार से जुड़े सुझाव भी दिए हैं।

संक्षेप

## बांसी सीट पर सपा आगे, जय प्रताप को लेकर नाराजगी

**सिद्धार्थनगर।** बांसी विधानसभा सीट पर किए गए सर्वे में भाजपा विधायक जय प्रताप सिंह के प्रति जनता में नाराजगी दिखी है। 67% लोगों ने कहा कि उन्हें टिकट नहीं मिलना चाहिए, फिर भी भाजपा में वे ही सबसे पसंदीदा उम्मीदवार बने हुए हैं। पाटीर्वार स्थिति में समाजवादी पार्टी को पहली पसंद, भाजपा को दूसरे और बसपा को तीसरे स्थान पर रखा गया है। भाजपा में जय प्रताप सिंह को 55% समर्थन मिला, जबकि अशोक तिवारी (27%) और पूजा पाल (11%) पीछे रहे। सपा में मोनू दूबे 62% के साथ सबसे आगे हैं, जबकि कमाल अहमद खान (26%) और लालजी यादव (10%) को कम समर्थन मिला। बसपा में भरतलाल निषाद 60% वोट के साथ पहली पसंद बने, जबकि विनोद राव को 27% समर्थन मिला। कुल मिलाकर सीट पर सपा मजबूत स्थिति में नजर आ रही है।

## इटवा सीट पर भाजपा से सतीश चंद्र पहली पसंद

**सिद्धार्थनगर।** इटवा विधानसभा सीट पर भास्कर सर्वे में समाजवादी पार्टी को जनता की पहली पसंद बताया गया है, जबकि भाजपा दूसरे और बसपा तीसरे स्थान पर रही। सपा में मौजूदा विधायक माता प्रसाद पांडे को 46% लोग टिकट के पक्ष में नहीं हैं, लेकिन उम्मीदवार के तौर पर वही सबसे आगे हैं। उन्हें 78% लोगों ने पसंद किया, जबकि बेचई यादव को 18% और अजय चौधरी को 2% समर्थन मिला। भाजपा में पूर्व मंत्री सतीश चन्द्र द्विवेदी 70% समर्थन के साथ शीर्ष पर हैं। हरिशंकर सिंह को 15% और शिवनाथ चौधरी को 1% लोगों ने पसंद किया।

## शोहरतगढ़ सीट पर भाजपा आगे, अनिल चौधरी पहली पसंद

**सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ विधानसभा सीट पर कराए गए सर्वे में भाजपा सबसे पसंदीदा पार्टी बनकर उभरी है, जबकि समाजवादी पार्टी दूसरे स्थान पर रही। सर्वे के अनुसार भाजपा से अनिल चौधरी 47% के साथ पहली पसंद हैं। सपा में उग्रसेन प्रताप को 36% समर्थन मिला, जबकि पूर्व विधायक चौधरी अमर सिंह दूसरे स्थान पर रहे। कांग्रेस में रविन्द्र प्रताप चौधरी उर्फ पप्पू चौधरी को 64% लोगों ने पसंद किया, वहीं बसपा से रमेश गौतम को 75% समर्थन मिला। वर्तमान विधायक विनय वर्मा को लेकर जनता में नाराजगी दिखी।

# भंडारा में विधायक ने की श्रद्धालुओं की सेवा

## भंडारे में सरवन निषाद ने वितरित किया प्रसाद



**चौरीचौरा, गोरखपुर।** चौरीचौरा थाना क्षेत्र के माँ तरकुलहा देवी मंदिर परिसर में मंगलवार को भव्य भंडारे का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा चौरीचौरा के विधायक ई0 सरवन निषाद तथा विशिष्ट अतिथि तारकेश्वर जायसवाल रहे। आयोजक मंडल द्वारा बताया गया कि प्रत्येक माह के अंतिम मंगलवार को मां तरकुलहा देवी धाम चैरिटेबल ट्रस्ट एवं व्यापार मंडल द्वारा नियमित रूप से भंडारे का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम के दौरान ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं स्थानीय व्यापारियों द्वारा फूल-मालाओं व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। विधायक द्वारा सुख समृद्धि व जनकल्याण की कामना हेतु मां तरकुलहा की विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया।दोपहर 12 बजे आयोजित भंडारे में मुख्य अतिथि द्वारा श्रद्धालुओं को अपने हाथों से प्रसाद वितरित किया गया। उक्त अवसर पर महामंत्री राजेश जायसवाल, व्यापार मंडल के महामंत्री मुन्नीलाल चौहान, हिमाचल साहनी, रमेश राय, अमरनाथ जायसवाल, दीपक सिंह, सचिन पासवान, सोनू पासवान, उज्ज्वल, हरिश राजभर,धर्मेन्द्र जायसवाल, रामनयन राजभर समेत भारी संख्या में समर्थक व ग्रामीण भंडारा में शामिल

## गुर्दे की पथरी : कारण, लक्षण व बचाव

**इंटवा, सिद्धार्थनगर।** गुर्दे की पथरी एक आम लेकिन बेहद दर्दनाक समस्या है, जिससे भारत में करोड़ों लोग प्रभावित हैं।सिद्धार्थनगर जनपद के जाने माने गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड सहित सैकड़ों पुस्तकों के लेखक विश्व प्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. भास्कर शर्मा के अनुसार, यह समस्या पेशाब में मौजूद खनिज और लवण के बढ़ने से होती है, जो धीरे-धीरे पथरी का रूप ले लेते हैं।

**मुख्य कारणः** कम पानी पीना, अधिक नमक-प्रोटीन वाला भोजन, मोटापा, पारिवारिक इतिहास और कुछ दवाएं पथरी बनने का खतरा बढ़ाती हैं। अधिकतर मामलों में कैल्शियम ऑक्सलेट पथरी पाई जाती है, जबकि कुछ में यूरिक एसिड या फॉस्फेट पथरी भी होती है।

**लक्षणः** छोटी पथरी बिना लक्षण के निकल सकती है, लेकिन बड़ी पथरी में तेज दर्द, पेशाब में खून, बार-बार पेशाब आना, मतली, उल्टी और बुखार जैसे संकेत मिलते हैं।

**डॉ.भास्कर शर्मा ने कहा कि इसके बचाव और घरेलू उपाय**

पर्याप्त पानी पीना सबसे जरूरी है। साथ ही नींबू पानी, अनार जूस, आंवला, अदरक और कम नमक वाला आहार पथरी बनने से रोकने में मदद करता है।

**किन चीजों से बचेंः** पालक, भिंडी, शकरकंद, बादाम और फ्रेंच फ्राइज जैसे खाद्य पदार्थ पथरी का खतरा बढ़ा सकते हैं।

**इलाजः** डा 0 भास्कर शर्मा ने कहा कि होम्योपैथी में हाइड्रेंजिया, लाइकोपोडियम, सरसापैरिला जैसी दवाओं का उपयोग किया जाता है, लेकिन किसी भी उपचार से पहले विशेषज्ञ की सलाह लेना जरूरी है।

**निष्कर्षः** गुर्दे की पथरी से बचाव का सबसे आसान तरीका है पर्याप्त पानी पीना और संतुलित आहार अपनाना।

## महिला से मंगलसूत्र छीना, सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

**शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर।** जिले के चिल्हिया थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर सोमवार शाम करीब 6:30 बजे स्नैचिंग की वारदात हुई। कपिया चौराहे के पास पैदल जा रही 37 वर्षीय महिला उर्मिला से बाइक सवार दो बदमाशों ने झपट्टा मारकर मंगलसूत्र छीन लिया और फरार हो गए। बदमाशों ने चेहरे गमछे से ढक रखे थे। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मैयंक द्विवेदी (क्षेत्राअधिकारी) ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए हैं। अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और संभावित रास्तों पर चेकिंग बढ़ा दी गई है। जल्द खुलासे का दावा किया जा रहा है।

# धूमधाम से निकाली गयी कलश यात्रा, लगे जयकारे



**प्रतापगढ़।** विकासखण्ड लालगंज क्षेत्र के हिरऊ का पुरवा बेलहा से मंगलवार को गाजे बाजे के साथ धूमधाम से कलश शोभा यात्रा निकाली गयी। लोकमंगल के निमित्त आयोजित श्रीमदभागवत कथा को लेकर निकाली गयी कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिला पुरूष श्रद्धालु शामिल हुए। कलश यात्रा में उमड़े श्रद्धालु अबीर गुलाल उड़ाते राधेकृष्ण की भक्ति में रमे दिखे। भगवान वासुदेव के जयकारे से इलाका गुंजायमान हो उठा दिखा। कथाव्यास रसाभूषण आचार्य धीरेन्द्रपाल कृष्ण त्रिपाठी की अगुवाई में निकाली गयी कलश यात्रा क्षेत्र भ्रमण किया और क्षेत्र में स्थापित विभिन्न देवी-देवताओं के मन्दिरों में श्रद्धालुओं ने पूजन अर्चन कर आशीर्वाद की कामना की। मुख्य आयोजक रामदुलारे यादव व लक्खू देवी ने वैदिक मंत्रोचार के बीच वेदी पूजन कर मंगलकामना की। कथाव्यास आचार्य धीरेन्द्रपाल कृष्ण त्रिपाठी ने कहा कि कलियुग में श्रीमदभागवत कथा का श्रवण करने से मनुष्य के मोक्ष का मार्ग सुगम हुआ करता है। कलश यात्रा का संयोजन कमलेश यादव उर्फ लवलेश व मिथलेश ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर पप्पू तिवारी, केशवदत्त पाण्डेय, अतुल शुक्ला, आचार्य पवन द्विवेदी, आचार्य बाल मुकुन्द, विजय यादव, श्याम नारायण तिवारी, राम मिलन यादव, अंकित यादव, राजाराम, रामबली, रामकिशोर, राम आसरे, रामबरन, अम्बिका प्रसाद आदि मौजूद रहे।

## गाजे-बाजे और जुलूस के साथ अधिवक्ताओं ने किया विभिन्न पदों पर नामांकन

**प्रतापगढ़।** संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव में नामांकन के आखिरी दिन भी बड़ी संख्या में प्रत्याशियों ने अधिवक्ताओं के भारी हुजूम के साथ नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया। विभिन्न प्रत्याशियों के साथ समर्थकों की भारी तादात के मददेनजर चुनाव समिति के कार्यालय में मंगलवार को फोर्स की भी तैनाती देखी गयी। गाजे बाजे व नारेबाजी के बीच नामांकन दाखिल करने वालों में मंगलवार को निवर्तमान महामंत्री हरिश्चंद्र पाण्डेय ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर चुनाव समिति के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल के समक्ष अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत किया। हालांकि नामांकन पत्र हासिल करने के बाद चर्चा में आये संघ के वर्तमान अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने नामांकन नहीं किया। इसके अलावा अध्यक्ष पद पर पूर्व अध्यक्ष संदीप सिंह व विकास मिश्र तथा विजय कुमार तिवारी, राजेशचंद्र तिवारी ने उपाध्यक्ष पद पर पूर्व महामंत्री रामकुमार पाण्डेय तथा पूर्व कोषाध्यक्ष राजेश द्विवेदी ने नामांकन पत्र प्रस्तुत किया। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर हरिश्चंद्र पाण्डेय के अलावा महेन्द्र कुमार सरोज, पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष विभाकर नाथ शुक्ल एवं नीलेश बहादुर सिंह निर्भय व महामंत्री पद पर शिवरंजन यादव, संजीव कुमार तिवारी एवं अरविन्द पाण्डेय तपन तथा आय व्यय निरीक्षक पद पर संतोष कुमार तिवारी, अनन्त प्रसाद तिवारी एवं रंजीत कुमार साहू ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। सदस्य कार्यकारिणी पद पर निर्भय शुक्ल व कमलराज सरोज ने नामांकन पत्र दाखिल किया। समिति के महामंत्री वीरेन्द्र सिंह अगई ने बताया कि आज नामांकन पत्रों की चुनाव समिति द्वारा जांच की जाएगी। नामांकन प्रक्रिया की देखरेख में एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्र, शिवाकांत उपाध्याय, रामलगन यादव, बेनीलाल शुक्ल, शैलेन्द्र चतुवेर्दी व संतोष पाण्डेय प्रमुख भूमिका में दिखे। नामांकन दाखिल करने को लेकर मंगलवार को तहसील परिसर में खासी गहमागहमी का माहौल दिखा। प्रत्याशियों के साथ समर्थक अधिवक्ताओं की भारी भीड़ के मददेनजर लालगंज पुलिस भी नामांकन स्थल पर एहतियातन मुस्तैद दिखी।

## किशोरी के अपहरण का केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** किशोरी के अपहरण को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के एक गांव की पीड़ित पिता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती सत्ताईस अप्रैल को सुबह करीब दस बजे उसकी तेरह वषीर्या पुत्री को गांव का ही युवक शिवम सरोज पुत्र अभयराज बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया। घटना को लेकर पीड़ित पिता ने अनहोनी की आशंका जतायी है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपी के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया है।

## डीएम की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित

जिला संवाददाता (vol)

**श्रावस्ती।** कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम अन्नपूर्णा गर्ग की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीएम ने निर्देश दिया कि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर ढंग से लागू कर मरीजों को अधिक से अधिक लाभ दिया जाए और जनपद की रैंकिंग सुधारी जाए।

- इमरजेंसी वार्ड में तैनात डॉक्टरों को समय पर उपस्थित रहने की सख्त हिदायत दी गयी

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को हर व्यक्ति तक पहुंचाना प्राथमिकता है। सीएमओ को जिला अस्पताल का नियमित व औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए, ताकि मरीजों को अच्छी सुविधाएं मिल सकें। इमरजेंसी वार्ड में तैनात डॉक्टरों को समय पर उपस्थित रहने की सख्त हिदायत दी गई और लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई। जिलाधिकारी ने प्रसव पूर्व देखभाल (एएनसी) के लक्ष्य पूरे करने, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम (जेएसएसके) के तहत आयरन सीरप का शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आरबीएसके के अंतर्गत हृदय रोग से ग्रसित बच्चों का आयुष्मान कार्ड बनवाकर इलाज कराने और जन्मजात दोष वाले बच्चों का भी 100 प्रतिशत कार्ड बनवाने को कहा। सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जिन गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण नहीं हुआ है, उन्हें चिन्हित कर टीकाकरण पूरा कराया जाए और पोर्टल पर नियमित निगरानी रखी जाए। सीएमओ को भी इसकी नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए गए।

डीएम ने यह भी कहा कि सभी सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर जरूरी सुविधाएं उपलब्ध हों। औचक निरीक्षण में कमी मिलने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सीडीओ शाहिद अहमद, सीएमओ डॉ. अशोक कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजपाल सिंह, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. वी.के. श्रीवास्तव, के.के. वर्मा, यूनिसेफ के प्रतिनिधि, सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, हेल्थ पार्टनर्स व अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# डीएम का औचक निरीक्षणः अव्यवस्था पर सख्ती, 4 का वेतन काटने का आदेश



जिला संवाददाता (vol)

**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थनगर में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय असनहरा का औचक निरीक्षण किया, जहां लचर व्यवस्थाएं और शिक्षकों की अनुपस्थिति सामने आई।

निरीक्षण में प्रधानाध्यापक गणेश कुमार मिश्रा और शिक्षामित्र विजय प्रताप अनुपस्थित मिले, जिनका एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया गया। वहीं मिड-डे मील योजना बंद मिलने और अभिलेख न होने पर सहायक अध्यापक विशाल कुमार श्रीवास्तव व ज्योत्सना तिवारी पर भी कार्रवाई की गई।

विद्यालय में कम छात्र उपस्थिति, गंदगी और खराब पेयजल व्यवस्था पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताते हुए तत्काल सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि शिक्षा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी और आगे भी ऐसे निरीक्षण जारी रहेंगे।

## किसान का घर धू-धू कर जला

**भरथना, इटावा।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गजनियापुर (साम्हों) में बीती रात्रि करीब 3 बजे अज्ञात कारणों के चलते किसान संतोष कुमार पुत्र दान सिंह का घर धूं-धूकर जलने पर ग्रामीणों में हाहाकार मच गया और घर के अन्दर भीषण आग में फंसे संतोष, उसकी पत्नी पूनम देवी के अलावा बेटी अंजली 13 वर्ष, अंशिका 9 वर्ष, बिंदु 5 वर्ष, बेटा अंशू 7 वर्ष, शिवांग मात्र 8 माह को आग में जिंदा जलने से सुरक्षित बचा लिया। हालांकि अग्निकांड की सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड मशीन ने मौके पर पहुंच ग्रामीणों के सहयोग से जब तक आग पर काबू पाया, तब तक किसान संतोष कुमार के घर की सम्पूर्ण गृहस्थी, 20 कुंतल अनाज, कपड़े, बिस्तर, चांदी की पायलें, करधनी, एक जोड़ी सोने के झाले, 25 हजार की नगदी जलकर स्वाहा हो गई और घर में बंधी पांच बकरियों की आग में जिंदा जलकर मौत हो गई।

## जिलाधिकारी ने बैंक योजनाओं की समीक्षा कर दिये सख्त निर्देश

**श्रावस्ती।** डीएम अन्नपूर्णा गर्ग की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय सलाहकार समिति एवं जिला परामर्शदात्री समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में बैंकों के माध्यम से संचालित विभिन्न योजनाओं की गहन समीक्षा की गई और बैंक प्रबन्धकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। डीएम ने कहा कि स्वरोजगार हेतु ऋण के लिए उद्योग विभाग अथवा अन्य विभागों के माध्यम से प्राप्त आवेदनों का गंभीरता से परीक्षण किया जाए। यदि किसी आवेदन में अभिलेखों की कमी हो, तो आवेदक से समय पर उसे पूर्ण कराकर सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ ऋण उपलब्ध कराया जाए, ताकि बेरोजगार युवा समय से अपना व्यवसाय शुरू कर सकें। समीक्षा के दौरान विभिन्न योजनाओं में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति कम पाए जाने पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए निर्देश दिया कि निर्धारित समयसीमा के भीतर लक्ष्य पूर्ण किया जाए। जिन आवेदनों पर ऋण स्वीकृत नहीं हो पा रहा है, उनके कारण स्पष्ट रूप से बताने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में ऋण-जमा अनुपात (सीडी रेशियो) व प्राथमिक क्षेत्र के ऋणों की विस्तृत समीक्षा की गई। 60 प्रतिशत से कम सीडी रेशियो वाले बैंकों को अपनी मासिक कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। साथ ही मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, ओडीओपी, स्वयं सहायता समूह क्रेडिट लिंकेज, पीएमएफएमई तथा केसीसी फिशरीज जैसी योजनाओं के अंतर्गत लंबित प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित करने और बिना कारण आवेदनों को निरस्त न करने के निर्देश दिए गए। डीएम ने रबी फसल बीमा योजना के तहत सभी खातों को समय से आच्छादित करने के भी निर्देश दिए। बैठक का संचालन अग्रणी बैंक प्रबन्धक जुगल किशोर ने किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद, लीड डिस्ट्रिक्ट अधिकारी (आरबीआई), डीसी एनआरएलएम, उपायुक्त उद्योग राजेश कुमार पाण्डेय सहित समस्त बैंक शाखा प्रबन्धक एवं जिला समन्वयक उपस्थित रहे।

# श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की धूम, भक्ति में झूम उठा पूरा गांव




**पटखौली खुर्द, श्रावस्ती।** ग्राम पटखौली खुर्द में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन। कथा के पांचवें दिन का दृश्य किसी अलौकिक उत्सव से कम नहीं रहा। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव प्रसंग ने पूरे वातावरण को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। जैसे ही कथा वाचिका ने श्रीकृष्ण जन्म का दिव्य वर्णन आरंभ किया, पंडाल में बैठे श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे और देखते ही देखते पूरा परिसर नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा। धार्मिक चार धाम भारत यात्रा के पावन अवसर के उपरांत मुन्ना सिंह परिहार द्वारा आयोजित इस कथा में भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। मथुरा-वृंदावन धाम से पधारी कथा वाचिका आचार्या दिव्या रामायणी जी ने अपनी मधुर वाणी और भावपूर्ण शैली से श्रीकृष्ण जन्म की लीला को इस तरह सजीव किया कि हर श्रोता खुद को उसी दिव्य क्षण का साक्षी महसूस करने लगा। उनके कथन, भाव और भजनों ने श्रद्धालुओं के हृदय को छूलिया। जन्मोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं ने न केवल जयकारे लगाए, बल्कि भक्ति में डूबकर नृत्य भी किया। महिलाएं, पुरुष, बच्चे–सभी कृष्ण भक्ति में ऐसे रंगे नजर आए मानो पूरा गांव ही वृंदावन बन गया हो। वातावरण में भक्ति, आनंद और उल्लास की ऐसी लहर दौड़ी कि हर कोई इस दिव्य अनुभव को अपने भीतर संजो लेना चाहता था। इस आयोजन को सफल बनाने में संयोजक मंडल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। एस.पी. सिंह परिहार, राजेश सिंह परिहार, राकेश सिंह परिहार, राहुल सिंह परिहार, अमित सिंह परिहार, सचिन सिंह परिहार, आदर्श सिंह परिहार, अंश सिंह परिहार एवं छोटू परिहार ने पूरे समर्पण भाव से कार्यक्रम की व्यवस्था संभाली। कथा में कई गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे, जिनमें पंडित धरनी धर शास्त्री, पंडित वीरेंद्र शास्त्री, सामाजिक कार्यकर्ता विनय तिवारी, शिक्षक भगत सिंह (बलरामपुर), बी.एस. परिहार (यूपी हेड, ग्लोबल इंडिया टीवी) एवं पत्रकार शिव कुमार पाठक प्रमुख रहे। इसके अलावा क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु, महिलाएं और बच्चे बड़ी संख्या में मौजूद रहे। पूरे आयोजन ने गांव को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। भक्ति, श्रद्धा और सामूहिक उत्साह का यह अद्भुत संगम लंबे समय तक लोगों के हृदय में यादगार बना रहेगा।

## इकौना में जनगणना प्रशिक्षण का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण



**श्रावस्ती।** डीएम अन्नपूर्णा गर्ग ने तहसील इकौना स्थित जगतजीत इंटर कॉलेज में चल रहे जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशिक्षण की व्यवस्था और गुणवत्ता को बारीकी से परखा तथा कर्मचारियों को जिम्मेदारी से कार्य करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कुल 235 कर्मचारियों में से 8 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। इस पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए सभी अनुपस्थित कर्मचारियों के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा जनगणना एक महत्वपूर्ण कार्य है, जिसे सभी विभाग मिलकर समय से पूरा करें। उन्होंने बताया कि इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से होगी और नागरिकों को स्वयं गणना का विकल्प भी मिलेगा, जिससे प्रक्रिया और पारदर्शी व आसान बनेगी। इस मौके पर एसडीएम इकौना पीयूष जायसवाल, नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# मोबाइल की दुकान चलाने वाला बेचने लगा अवैध तमंचे

- एसपी देहात ने किया खुलासा
- मेरठ की मवाना पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ा, 7 तमंचे, एक पिस्टल, एक मोटरसाइकिल, कारतूस किया बरामद
- आरोपी के तार जेल में बंद बदमाशों से जुड़े होने के बावजूद पुलिस कर रही जांच

मुकेश कुमार गुप्ता




**मेरठ।** मेरठ पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक सूचना के आधार पर थाना मवाना क्षेत्र में एक आरोपी के बैग से एक अवैध तमंचा बरामद किया है बाद में इसी गिरफ्तार आरोपी की निशानदेही पर थाना मवाना पुलिस ने उसके थाना इचौली क्षेत्र स्थित बिसोला गांव से सात अवैध तमंचे तथा एक पिस्टल तथा करीब तीन दर्जन कारतूस भी बरामद किए हैं। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक देहात अभिजीत कुमार ने दी, पुलिस अधीक्षक देहात ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना इंचौली के गांव बिसौला निवासी मुजमिमल पुत्र मूसा है जिसकी उम्र 25 वर्ष के आसपास है इसका पूर्व में कोई अपराधिक इतिहास अभी तक सामने नहीं आया है इसकी शिक्षा इंटर तक बताई गई है। उन्होंने बताया कि आर्थिक तंगी के चलते मोबाइल की दुकान चलाने वाला गिरफ्तार आरोपी अवैध हथियारों के खरीद फरोस्त के काम में उतर गया। उन्होंने बताया कि आरोपी 6 से ?7 हजार में हथियार खरीदता था तथा उन्हें 12 से ?15 हजार में बेचने के लिए प्रयास कर रहा था। उन्होंने बताया कि वह गिरफ्तारी के समय भी किसी को तमंचा दिखाने के लिए गया था लेकिन सौदा नहीं हो पाया और पुलिस के हत्थे चढ़ गया। आईपीएस अधिकारी पुलिस अधीक्षक देहात अभिजीत कुमार के मुताबिक आरोपी ने पुलिस को कुछ ऐसे नाम भी बताएं हैं जिनसे वह अवैध हथियार खरीदता था पुलिस इन सभी नामो की जांच में जुटी है इस पूरे मामले की गहराई तक पहुंचाने के बाद ही पुलिस अधिकारी खुलासा करने की बात कह रहे हैं। पत्रकार वार्ता के दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी मवाना तथा थाना प्रभारी मवाना पूनम जादौन भी मौजूद थी। पुलिस अधीक्षक देहात के मुताबिक पुलिस आरोपी से पूछताछ के बाद उन सभी बिंदुओं पर काम कर रही है जहां से इस आरोपी के तार जुड़े हुए हैं पुलिस अधिकारी के मुताबिक इस आरोपी के तार आसपास के जिलों तथा अन्य प्रदेश से भी हो सकते हैं या फिर जेल में बंद कुछ आरोपियों से भी होने की संभावना है।

**लखनऊ विकास प्राधिकरण**
(ISO 14001: 2004, ISO 9001: 2008 प्रमाणित संस्था)
प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, (उ0प्र0)
टोल-फ्री : 1800 1800 5000 वेबसाइट : http://www.ldalucknow.in

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय/व्यवसायिक/रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेन्ट – ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तांतरण/नामांकरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है:-

| क्र. सं. | मूल आवंटी का नाम | भवन/भूखण्ड संख्या | योजना का नाम | मृत्यु दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं का नाम | मूल आवंटी (मृतक) से आवेदक का संबंध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | आवंटी/मृतक श्रीमती सुमन देवी | भवन सं0-ई-1/398 रूचि खण्ड-2 | शारदा नगर योजना | 02.10.2025 | श्रीमती जया बबलू सोनी | – | मृतका की पुत्री |
| 2 | आवंटी/मृतक श्रीमती स्वर्ण लता एवं श्री मोहन भाटिया | भवन सं0-एम0एम0आई0 जी-460, सेक्टर डी-1 | कानपुर रोड योजना | 14.09.2020 02.02.2022 | श्रीमती मिनाक्षी जसवानी | – | मृतक की पुत्री |
| 3 | स्व0 निर्मला सिंह | भवन संख्या- एम-4/21 | विनय खण्ड गोमती नगर योजना | 11.02.2025 | श्री अजय सिंह | वसीयत के आधार पर | पुत्र |
| 4 | स्व0 संजय कुमार | भवन सं0-डी0एस0/936 सेक्टर-सी | सीतापुर रोड योजना | 18.11.2016 | श्रीमती सुषमा (पत्नी) श्री अंकुर (पुत्र) | – | पत्नी/पुत्र |
| 5 | श्री अतुल कुमार मेहरोत्रा | व्यवसायिक भूखण्ड संख्या-डी-106 | विभूति खण्ड गोमती नगर योजना | 23.07.1998 | श्रीमती शोभा मेहरोत्रा, श्री मयंक मेहरोत्रा, श्रीमती सोनाली टंडन, श्रीमती नेहा सिंह | श्रीमती शोभा मेहरोत्रा, श्रीमती सोनाली टंडन, श्रीमती नेहा सिंह | पत्नी/पुत्र/पुत्रियां |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम-6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव

संक्षेप

## परीक्षा देकर लौट रहे युवक को कार ने रौंदा

**इटावा।** होमगार्ड परीक्षा देकर लौट रहे युवक को कार सवार ने रौंद दिया। कार सवार ने पहले टक्कर मारी और फिर युवक को करीब दो किलोमीटर तक घसीटता रहा। इस दर्दनाक हादसे में युवक की मौत हो गई, जबकि उसे बचाने की कोशिश में एक सिपाही भी घायल हो गया। पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। बकेवर क्षेत्र के सरायमिट्ठे के पास सोमवार को एक बेहद भयावह घटना सामने आई। औरैया जिले के जेतापुर कोतवाली निवासी 30 वर्षीय महेंद्र सिंह दोहरे होमगार्ड भर्ती परीक्षा देकर बाइक से घर लौट रहे थे। गोमती पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद महेंद्र कार के नीचे फंस गए, लेकिन चालक ने गाड़ी नहीं रोकी और उन्हें करीब दो किलोमीटर तक सड़क पर घसीटता रहा। इस दौरान उनका शरीर बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया। घटना को देख मौके पर ड्यूटी पर तैनात सिपाही प्रवीण सिंह ने कार को रोकने की कोशिश की, लेकिन अनियंत्रित वाहन की चपेट में आकर वह भी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और गुस्साए लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। लोगों ने घटना को लेकर जमकर आक्रोश जताया।

## किसान यूनियन टिकैट गुट ने ज्ञापन दिया

**पाटन, उन्नाव।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की बीघापुर इकाई की एक बैठक मुन्ना सिंह देवारा जिला उपाध्यक्ष के नेतृत्व में तथा तहसील अध्यक्ष राजेश सिंह की अध्यक्षता मे संपन्न हुई। जिसमें सैकड़ो किसान खेतिहर मजदूर महिलाएं सम्मिलित हुए। चार सूत्रीय प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी रणवीर सिंह को दिया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी मधुप नाथ मिश्रा, थाना प्रभारी बिहार राहुल सिंह उप निरीक्षक वीरेंद्र सिंह सहित काफी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से मुन्ना सिंह जिला उपाध्यक्ष, राजेश सिंह तहसील अध्यक्ष, अजय बाजपेई तहसील प्रभारी, धर्मेंद्र शुक्ला जिला अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन भानू, फतेह बहादुर ब्लॉक अध्यक्ष, मीना तिवारी महिला तहसील अध्यक्षा, मोहिनी त्रिवेदी महिला ब्लॉक अध्यक्षा, राकेश त्रिवेदी कौशल, उमाशंकर, अमरनाथ, रामा देवी आदि किसान मौजूद रहे।

## युवती को घायल किया

**सरहरी, गोरखपुर।** चिलुआताल थाना अर्न्तगत मजनू चौकी क्षेत्र के ग्राम सभा प्रतापपुर में अपने मायके शादी समारोह में शरीक होने आई युवती व उसके चचेजात भाई को मनबढ़ो ने मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। युवती के तहरीर पर चिलुआताल पुलिस मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है। खजनी थाना क्षेत्र के ग्राम सभा सीयर निवासी सुशीला पत्नी ओमप्रकाश चौहान ने चिलुआताल पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताई कि बीते सोमवार को वह अपने मायके चाचा के नाती के शादी समारोह में शरीक होने आई थी, मेरे सगे भाई ने पुरानी रंजिस को लेकर चाचा के घर आकर मुझे पीछे से लाठी से वार कर दिया। जिससे नीचे गिर गयी। आरोपी का लड़का एवं उसकी पत्नी उसे लात घूसा से मारने लगे।

**सूचना**

सूचित हो कि कुछ अभिलेखों में मेरी पुत्री का नाम त्रुटिवश कु. महक हो गया है। भविष्य में उसे मुस्कान अग्रहरि पुत्री संगीता अग्रहरि पत्नी ठाकुर प्रसाद अग्रहरि नि.-ई-3/522 विनय खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ से जाना जाये।

**आवश्यकता**

**गया सिंह सुमित्रा सिंह चौहान महाविद्यालय**
कल्यानपुर-हरगांव, सीतापुर
आवश्यकता है

**प्राचार्य-01 पद**

**कला संकाय हेतु** सहायक आचार्य-हिन्दी साहित्य-01 पद, अंग्रेजी साहित्य-01 पद, गृह विज्ञान-01 पद, समाजशास्त्र-01 पद, शिक्षाशास्त्र-01 पद, अर्थशास्त्र-01 पद एवं राजनीति शास्त्र-01 पद

**विज्ञान संकाय हेतु** रसायन विज्ञान-01 पद भौतिक विज्ञान-01 पद जंतु विज्ञान-01 पद वनस्पति विज्ञान-01 पद गणित-01 पद

योग्यता-यू.जी.सी. के नियमानुसार

**नोट**-इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक योग्यता सम्बन्धी अभिलेखों की छायाप्रति दो-दो फोटो सहित निम्नलिखित पते पर प्रेषित करें।

प्रबंधक
**इंद्रपाल सिंह चौहान**
ग्राम-कल्यानपुर, पोस्ट-हरगांव
जिला- सीतापुर

# तमंचे के बल पर व्यापारी से 16 लाख की लूट



**भरथना, इटावा।** कस्बा क्षेत्र के मुहल्ला नेविलगंज (पुरानी गल्ला मंडी) में बीती रात्रि करीब 9 बजे बाइक सवार लुटेरों ने तमंचे के बल पर एक जनरल स्टोर के थोक व्यापारी से करीब 16 लाख रूपयों से भरा थैला लूटकर पुलिस को सनसनीखेज चुनौती दे डाली और लुटेरे बड़े आराम से लूट की घटना को अंजाम देकर फुर्र हो गए। व्यापारी से बड़ी लूट की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कम्प मच गया। जिस पर एसएसपी बृजेश कुमार, एसपी ग्रामीण श्रीस चन्द्र, पुलिस क्षेत्राधिकारी रामदवन मौर्य, प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह, कस्बा पुलिस चैकी प्रभारी तन्मय चैधरी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंच गये और पुलिस ने पीड़ित व्यापारी की शिकायत पर बारीकी से घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास व मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है और व्यापारियों को लुटेरों की जल्द गिरफ्तारी का भरोसा दिलाया है।

व्यापारी गोविंद कुमार शाक्य (35) पुत्र श्याम कुमार शाक्य निवासी विशम्भर कॉलोनी भरथना ने बताया कि वह नेविलगंज स्थित अपनी जरनल स्टोर थोक की दुकान रोज की तरह सोमवार की रात्रि करीब 9 बजे दुकान बन्दकर बाइक से घर जाने को निकला था, जैसे ही वह जयगोपाल इंटर कॉलेज से पहले पतली गली में पहुंचा, जहां पहले से एक घर की सीढ़ियों पर बैठे दो युवक व बाइक से पहुंचे तीन युवकों ने उसे घेर लिया और तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी देकर उससे 16 लाख रूपयों से भरा थैला लूट लिया और तीन लुटेरे बाइक पर बैठकर यूनियन बैंक के रास्ते से व दो लुटेरे गलियों के रास्ते पैदल भाग ने में सफल हो गए। लूट के शिकार व्यापारी गोविन्द शाक्य ने बताया कि घटना के दौरान उन्होंने चीखने चिल्लाने और शोर मचाने का प्रयास किया, जिस पर लुटेरों ने तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी देकर उनकी चीख बन्द कर दी। हालांकि पुलिस ने पीड़ित व्यापारी गोविन्द शाक्य की शिकायत पर घटनास्थल से आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से लुटेरों की शिनाख्त करना और उनके फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। अभी कुछ दिनों पहले एक बदमाश ने तिलक रोड से एक सरार्फा की दुकान से सोने की अंगूठियों से भरी थैली लूटकर भाग निकला था, जिस घटना को पुलिस ने समय रहते सीसीटीवी कैमरों की मदद से लुटेरे की शिनाख्त कर मय लूटे माल के गिरफ्तार कर लिया था। जिसको लेकर सर्राफा व्यापारियों सहित नगर के व्यापारी संगठनों ने पुलिस के सम्मान में कई स्वागत सम्मान के कार्यक्रम आयोजित कर पुलिस को शाबासी दी थी, लेकिन पुलिस अभी अपनी पीठ ठीक से थपथपा भी नहीं पाई थी, कि लुटेरों ने योजनाबद्ध तरीके से बड़ी लूट की घटना को अंजाम देकर पुलिस को फिर से चुनौती दे डाली।

# आक्रोशित ग्रामीणों ने पावर हाउस घेरा, कर दी चेतावनी

**गीडा, गोरखपुर।** विद्युत उपकेन्द्र नौसढ़ के अंतर्गत जैतपुर फीडर में आने वाले नगवा गाँव में बिजली की बदहाली से त्रस्त ग्रामीणों का धैर्य मंगलवार को जवाब दे गया। कई वर्षों से तकनीकी खराबी और लो-वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों ने अवर अभियंता को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द समाधान की मांग की है। ग्रामीणों ने दो टूक चेतावनी दी है कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो वे उपकेन्द्र का घेराव करेंगे। ग्रामीणों का नेतृत्व कर रहे विनोद यादव ने बताया कि गाँव में लगा 400 केवीए का ट्रांसफार्मर पिछले कई वर्षों से तकनीकी रूप से अक्षम हो चुका है। स्थिति इतनी दयनीय है कि वोल्टेज न के बराबर रहता है, जिससे पंखे, कूलर और पानी की मोटरें महज शोपीस बनकर रह गई हैं। कम वोल्टेज के कारण आए दिन लोगों के कीमती बिजली उपकरण जल रहे हैं, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। सबसे बुरा असर बच्चों की पढ़ाई और दैनिक कार्यों पर पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार यह समस्या नई नहीं है। इससे पहले जुलाई 2025 में भी विद्युत उपकेन्द्र नौसढ़ को लिखित शिकायत दी गई थी। उस समय विभागीय कर्मचारियों ने त्वरित कार्यवाही का आश्वासन देकर मामला शांत करा दिया था, लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। विभाग की इसी निष्क्रियता को लेकर ग्रामवासियों में भारी रोष व्याप्त है। ज्ञापन सौंपने के दौरान ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि यदि इस बार भी केवल कोरा आश्वासन मिला तो वे एकजुट होकर विद्युत उपकेन्द्र नौसढ़ का घेराव करेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि आंदोलन की स्थिति में होने वाली किसी भी अव्यवस्था की संपूर्ण जिम्मेदारी बिजली विभाग की होगी। इस दौरान राजू लाल, अरविंद सिंह, केशभान सिंह, दुर्गेश यादव, अंकित, राजू, आकाश, शिवम, विशाल और रमेश सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।




# अवैध असलहे की फैक्ट्री पकड़ी मुठभेड़ के बाद 4 गिरफ्तार




**इटावा।** पुलिस ने पंचायत चुनाव को देखते हुए अवैध असलह तैयार करने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। मुठभेड़ के दौरान चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें एक आरोपी के पैर में गोली लगी है। मौके से बड़ी संख्या में बने और अधबने तमंचे, जिंदा कारतूस, खोखा कारतूस और हथियार बनाने के उपकरण बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार ये असलहे पंचायत चुनाव में खपाने के लिए तैयार किए जा रहे थे। इटावा एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि जिले में अवैध शस्त्र निर्माण और तस्करी रोकने के लिए अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि महोला से रामेत जाने वाले रास्ते पर बबूल के जंगल में कुछ लोग छिपकर असलह बना रहे हैं। इस सूचना पर एसओजी, सर्विलांस टीम और वैदपुरा व बसरेहर थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से मौके पर घेराबंदी की और दबिश दी। पुलिस टीम को देखते ही आरोपियों ने फायरिंग शुरू कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस ने जवाबी फायरिंग की, जिसमें अमित कुमार उर्फ नित्ता के पैर में गोली लग गई। उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया, जबकि सोनू कुमार, अंशू और भूप सिंह को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान पुलिस ने 20 तैयार तमंचे 315 बोर, 1 अधबना तमंचा 315 बोर, 12 बोर के तमंचे, 32 बोर का तमंचा, 15 कारतूस 12 बोर, 20 जिंदा कारतूस 315 बोर और 4 खोखा कारतूस बरामद किए। इसके अलावा 3 मोबाइल फोन और हथियार बनाने में इस्तेमाल होने वाले कई उपकरण, भट्टी का सामान, कोयला और लोहे के औजार भी जब्त किए गए।

## स्मार्ट मीटर से परेशान किसानों और महिलाओं ने किया प्रदर्शन

**इटावा।** किसान सभा एवं एसकेएम के आह्वान पर बिजली निजीकरण-स्मार्ट-प्रीपेड मीटर रद्द करने, बर्बाद फसलों का मुआवजा देने, गेहूं खरीद सुनिश्चित करने, नोएडा में मजदूर आंदोलन के दमन को रोकने आदि मांगों पर भीषण गर्मी के बावजूद चैधरी पेट्रोल पंप से कचहरी तक किसानो-महिलाओं ने हंगामी प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम डीएम के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित करते हुए मांगे स्वीकार न करने पर आंदोलन को और तेज करने का संकल्प लिया। किसान सभा के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री एवं प्रांतीय महामंत्री मुकुट सिंह ने डबल इंजन सरकार को कॉर्पोरेट्स- सांप्रदायिक गठजोड़ के हित में और किसान- मजदूर विरोधी बताया। मुकुट सिंह ने आगे कहा कि बिजली निजीकरण संशोधन विधेयक स्मार्ट - प्रीपेड मीटर लगाकार और उत्तर प्रदेश के 42 जिलों की दक्षिणांचल, पूर्वांचल निगमों बिजली का निजीकरण कर डबल इंजन सरकार अदानी के पक्ष में काम कर रही है, जो आम जनता के खिलाफ है जिसके खिलाफ जनता सड़क पर उतर रही है। बिजली कर्मचारी, अधिकारी भी आंदोलित है संयुक्त किसान मोर्चा और किसान सभा लगातार इसका विरोध कर रहे हैं। माकपा जिला मंत्री एन.आर. यादव ने किसानों की मांगों का समर्थन करते हुए ताखा के 20 गांव में ओलावृष्टि और भरथना तथा अन्य क्षेत्रों में अग्निकांड से बर्बाद गेंहू का 50000 एकड़ व भूसा का 18000 एकड़ मुआवजा देने की मांग उठाई। किसान सभा के जिला मंत्री संतोष शाक्य ने जिले में सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीद में ढिलाई व अवैध कटौतियां एवं स्मार्ट- प्रीपेड मीटर पर गहरा रोष प्रकट कर कहा कि इन मांगों पर आंदोलन और तेज किया जाएगा। सीटू नेता अमर सिंह शाक्य, पूर्व उप-कुल सचिव डॉ. शौकीन सिंह, संतोष राजपूत, इंद्रपाल यादव, उमा देवी आदि ने भी संबोधित किया। अध्यक्षता जिलाउपाध्यक्ष रामवरन सिंह यादव और संचालन संतोष शाक्य ने किया।

# फाइलेरिया मरीजों को दिया गया एमएमडीपी प्रशिक्षण

**उन्नाव।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत मंगलवार को ब्लाक बिछिया के आयुष्मान आरोग्य मंदिर जमुका में फाइलेरिया रोगियों को रुग्णता प्रबन्धन एवं दिव्यान्गता उपचार (एमएमडीपी) का प्रशिक्षण दिया गया तथा 24 फाइलेरिया रोगियों को एमएमडीपी किट वितरित की गयी। इस अवसर पर पेशेंट स्टेकहोल्डर प्लेटफॉर्म की सदस्य एवं सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) रेशू सिंह ने एमएमडीपी किट में उपलब्ध सामग्रीकृजैसे साबुन, बाल्टी, तौलिया, क्रीम, मग और टब का उपयोग करते हुए फाइलेरिया से प्रभावित मरीज वीरेंद्र तिवारी के पैर की साफ-सफाई का प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया प्रभावित अंगों की नियमित धुलाई और देखभाल किस प्रकार की जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि साबुन को कभी भी अंग पर सीधे न लगायें बल्कि हाथों में रगड़कर इसका फेना बना लें और इस फेने को हल्के हाथों से अंग पर लगायें फिर साफ पानी से धोकर तौलिये से हल्के हाथों से पोंछ लें। यदि अंग में कहीं कोई घाव है तो एंटी सेप्टिक क्रीम लगा लें। इसके साथ ही फाइलेरिया प्रभावित अंगों में सूजन को रोकने के लिए व्यायाम करके भी दिखाए और कहा कि नियमित तौर पर व्यायाम करने से अंगों में सूजन को रोका जा सकता है। उपस्थित लोगों को मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया जैसी मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के बारे में जागरूक किया गया तथा बताया गया कि मच्छरों से बचाव कर इन बीमारियों से प्रभावी रूप से बचा जा सकता है। इसके साथ ही टीबी और कुष्ठ रोग के लक्षण, बचाव एवं उपचार के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही आयुष्मान आरोग्य मंदिर में उपलब्ध विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं और जांच सुविधाओं के बारे में भी विस्तार से बताया गया। इस मौके पर विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रतिनिधि जोनल कोऑर्डिनेटर राहुल, मलेरिया निरीक्षक सुचिता अग्निहोत्री सीएचओ-पीएसपी के सदस्य ग्राम प्रधान विजय शंकर, कोटेदार कल्पना, तीन आशा कार्यकर्ता, डीसीजी मेंबर राजेंद्र, आशीष कुमार, आशा संगिनी शालिनी मिश्रा, पंचायत सहायक रितु चैधरी सहित 20 फाइलेरिया मरीज मौजूद रहे।

# निर्माण के दो माह बाद ही उखड़ने लगी नयी सड़क की गिट्टियां, गुणवत्ता पर उठे सवाल



**मझगांवा, गोरखपुर।** सरकारी दावों और गुणवत्ता की जमीनी हकीकत का एक शर्मनाक नमूना गोरखपुर के कौड़ीराम ब्लाक के मसानपाकड-टिकुली बनारस में देखने को मिल रहा है। यहाँ महज दो महीने पहले जिस सड़क की ढलाई बड़े तामझाम के साथ की गई थी, वह अब जगह-जगह से उखड़ चुकी है। सड़क की खस्ताहाल हालत ने लोक निर्माण विभाग और ठेकेदार की मिलीभगत की पोल खोल दी है। ग्रामीण अनील सिंह , प्रणव सिंह, कोठा प्रधान शिव कुमार यादव, गंभीरपुर प्रधान लवलेश कुमार, रमेश सिंह, भृगुनाथ आदि बताया कि इस सड़क का निर्माण इसी साल फरवरी माह में हुआ था। उस समय विभाग ने दावा किया था कि यह सड़क सालों-साल चलेगी। लेकिन मानसून की बारिश तो दूर, सामान्य आवाजाही के दो महीने भी यह सड़क झेल नहीं पाई। सड़क के ऊपर की परत (कंक्रीट/गिट्टी) पूरी तरह उखड़ चुकी है और अब वहाँ सिर्फ धूल और नुकीले पत्थर बचे हैं। यहां तक की दोनों पटरी पर मिट्टी भी नहीं डाला गया है जिसके कारण एक समय पर एक ही वाहन गुजर सकते हैं।

सड़क की हालत देखकर साफ पता चलता है कि निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। दो महीने में ही सड़क का उखड़ना सीधे तौर पर भ्रष्टाचार की ओर इशारा कर रहा है। राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों के लिए यहाँ से गुजरना अब खतरे से खाली नहीं है। पत्थरों के कारण आए दिन लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। गुस्साए ग्रामीणों और स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से इस मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। लोगों का कहना है कि ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट किया जाए और इस सड़क का दोबारा निर्माण उन्हीं पैसों से कराया जाए। अभियंता, मुकेश कुमार का कहना है कि सड़क निर्माण कार्य की जांच कराई जाएगी। लापरवाही बरतने वाले ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सड़क की गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता।

## विधायक निधि से शीश ग्रान कब्रिस्तान और जैन समाज के श्मशान घाट का कायाकल्प



**जसवंतनगर, इटावा।** क्षेत्र में जनसुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए विधायक निधि से रामलीला तिराहे पर स्थित शीशग्रान कब्रिस्तान एवं जैन समाज के श्मशान घाट के जीर्णोद्धार हेतु 9-9 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। इस राशि से दोनों स्थानों पर पक्का फर्श, टीन शेड सहित आवश्यक सुविधाओं का विकास कराया जा रहा है। मंगलवार को शीशग्रान कब्रिस्तान में कराए गए विकास कार्यों का शुभारंभ मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा विधायक प्रतिनिधि अजेंद्र गौर एवं नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता की मौजूदगी में किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने बताया कि अब ह्यनमाज-ए-जनाजाह्न के दौरान होने वाली असुविधाओं से काफी हद तक राहत मिलेगी। पहले यहां पर्याप्त स्थान और बुनियादी सुविधाओं के अभाव में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इसी क्रम में जैन समाज के श्मशान घाट के कायाकल्प का कार्य भी प्रारंभ हो चुका है, जिससे वहां आने वाले लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। कार्यक्रम के दौरान सांसद प्रतिनिधि हाजी मोहम्मद शमीम खान, सपा नगर महासचिव राशिद सिद्दीकी, विनय पांडेय, लड्डन खान सहित अन्य गणमान्य लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर कब्रिस्तान कमेटी के सदस्यों को माला पहनाकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में हाजी इल्तिमास अहमद, हाजी बिलाल अहमद, हाजी नसीम सिद्दीकी, अजहर मुल्ला, हाजी मुशीर अहमद, मोहम्मद शमीम, पप्पू चैधरी, मोहम्मद आमिर, मुस्तजाब अहमद व मोहम्मद हाशिम सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। मुस्लिम व जैन समाज के लोगों ने विधायक शिवपाल सिंह यादव के प्रति आभार व्यक्त किया।

# लंबी दूरी की ई बस सेवा से आवागमन होगा सुगम, किराया भी कम

- गोरखपुर से अयोध्या, सोनौली और तमकुहीराज जैसे रूट पर रोडवेज ने शुरू किया ई बसों का ट्रायल

घनश्याम कुमार




**गोरखपुर।** लंबी दूरी की इलेक्ट्रिक बस (ई बस) सेवा न केवल यात्रियों के आवागमन को सुगम बनाएगी बल्कि अन्य बसों की तुलना में इसमें किराया भी कम लगेगा। रोडवेज ने गोरखपुर से विभिन्न रूटों के लिए ई बसों का ट्रायल शुरू कर दिया है। रोडवेज प्रबंधन का कहना है कि अगले दस दिनों में अयोध्या, काशी, सोनौली, तमकुहीराज आदि रूटों पर शेड्यूल बनाकर 20 ई बसों का विधिवत संचलन शुरू कर दिया जाएगा। सार्वजनिक सड़क परिवहन के लिए जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करने तथा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से योगी सरकार इलेक्ट्रिक बसों के संचलन पर विशेष जोर दे रही है। शहर के अंदर एक सीमित दूरी तक के लिए ई बसों के संचलन की कामयाबी के बाद अब उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपी रोडवेज) ने मध्यम और लंबी दूरी के लिए ई बसों के संचलन की कार्ययोजना बनाई है। इस कार्ययोजना के तहत गोरखपुर के दो प्रमुख बस स्टेशनों से 20 नई इलेक्ट्रिक बसें अयोध्या, बनारस, सोनौली सहित अलग-अलग महत्वपूर्ण मार्गों पर दौड़ेंगी।

गोरखपुर से दूसरे कई महत्वपूर्ण गंतव्य के लिए ई बसों के संचलन के निर्णय को योगी सरकार की तरफ से 'ईको-फ्रेंडली' परिवहन को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। गोरखपुर से नेपाल बॉर्डर स्थित सोनौली, वाराणसी, अयोध्या, बलिया व तमकुहीराज मार्ग पर ई बसों की सुविधा शुरू करने के लिए यूपी रोडवेज को नई ई बसें मिल चुकी हैं।

यूपी रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक लव कुमार सिंह के अनुसार गोरखपुर को ईको फ्रेंडली परिवहन के प्रथम चरण में गोरखपुर को 20 ई बसें मिली हैं। इनमें से 9 बसें वाराणसी और 3 बसें अयोध्या के लिए चलाई जाएंगी। जरूरत के हिसाब से बलिया, सोनौली और तमकुहीराज के लिए भी बसों की संख्या का निर्धारण किया का रहा है। इलेक्ट्रिक बसों के संचालन के लिए सबसे बड़ी जरूरत चार्जिंग स्टेशन की होती है। इसके लिए राप्तीनगर में हाईटेक चार्जिंग स्टेशन बनकर तैयार हो चुका है।

क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया कि चार्जिंग स्टेशन बन जाने के बाद अयोध्या, सोनौली और तमकुहीराज मार्ग पर ई बसों का ट्रायल शुरू कर दिया गया है। इससे यह पता लगाया जा रहा है कि एक बार फुल चार्ज होने के बाद ई बस वास्तविक रूप से कितनी दूरी तय कर ले रही है। अब तक जो परिणाम सामने आया है, उससे ई बस एक बार में करीब ढाई सौ किमी की दूरी तय कर सकती है। ट्रायल के बाद अब रोडवेज अगले दस दिन में बसों के विधिवत संचलन की समय सारिणी जारी कर देगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप, इलेक्ट्रिक बसों का रूट चार्ट इस प्रकार तैयार किया जाएगा जिससे पूर्वांचल के सभी महत्वपूर्ण शहरों तथा पर्यटन स्थलों को और मजबूत कनेक्टिविटी मिल सके। ई बसों के संचलन से यात्रियों की यात्रा आरामदायक और प्रदूषण मुक्त होगी। साथ ही ईंधन की बचत होने के कारण परिवहन निगम इसका लाभ यात्रियों को कम किराए के रूप में देगा। सामान्य बसों का औसत बेस फेयर जहां 1.93 रुपये प्रति किमी आता है जबकि ई बस का औसत बेस फेयर 1.63 रुपये प्रति किमी रहने का अनुमान है। इसे सामान्य तरीके से समझें तो यात्रियों को सामान्य बसों की तुलना में किराए में प्रति सौ किमी पर 30 रुपये की बचत होगी।

## डीएम ने जिला कारागार का निरीक्षण किया

**उन्नाव (वीओएल)।** डीएम घनश्याम मीना द्वारा एसएसपी जय प्रकाश की उपस्थिति में जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने महिला और पुरुष बैरक में पहुँच कैदियों का हाल चाल लिया। कोई दिक्कत तो नहीं, भोजन मिल रहा है, कंहा से हैं, किस अपराध में पंजीकृत हैं, जानकारी प्राप्त की। डीएम ने करागार में चिकित्सालय, बैरकों एवं बंदियों की व्यवस्थाओं, साफ -सफाई आदि का गहनता के साथ अवलोकन किया ।डीएमने महिला बैरक में पहुंच महिला कैदियों का हाल चाल लेकर उनके छोटे छोटे बच्चों को फल मिस्ठान बिस्कुट युक्त टोकरी भेंट किया। डीएम ने कारागार स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि महिलाओं के स्वास्थ्य का परीक्षण रेगुलर होता रहे महिलाओं को आयरन सिरप कैल्शियम समय-समय पर मिलता रहे यह विशेष ध्यान रखा जाए। इसी प्रकार बच्चों को स्वास्थ्यवर्धक पदार्थ प्रोटीन कैल्शियम और आवश्यक वैक्सीन रेगुलर लगती रहे। जिलाधिकारी ने जिला कारागार अधीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि महिला कैदियों को सिलाई कढ़ाई बुनाई में कुशल बनाया जाए उन्हें स्किल डेवलपमेंट के लिए आवश्यक कार्यवाही किया जाए ताकि वह जेल में रहकर कुछ सीख सकें। इसी प्रकार पुरुष कैदियों को भी स्किल डेवलपमेंट के लिए कुछ ना कुछ कार्य दिया जाए वह बेकार ना बैठे। जेल के अंदर किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित सामग्री न जाने पाए, इसके लिए सख्त निगरानी रखी जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक बंदी का समय समय पर जेल चिकित्सकों द्वारा अनिवार्य रूप से स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित कराया जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि कैदियों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता ठीक हो इस पर विशेष ध्यान रखा जाए भोजन संबंधी कोई भी शिकायत नहीं मिलनी चाहिए।

## कार पर फायरिंग से दहशत

**जसवंतनगर, इटावा।** थाना क्षेत्र के ग्राम नगला छन्द में सोमवार देर रात उस समय दहशत फैल गई, जब एक अज्ञात कार सवार दबंगों ने एक घर के बाहर खड़ी कार पर फायर कर दिया। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया, अब पुलिस ये जाँच कर रही है ये घटना कैसे हुई और किसने की इसके लिए पुलिस सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। उक्त गाँव निवासी पीड़ित वेदपाल सिंह ने आरोप लगाते हुए तहरीर दी है कि रात में करीब 12 बजे कुछ युवक कार में सवार होकर उनके घर के बाहर पहुंचे और खड़ी कार को निशाना बनाते हुए फायरिंग शुरू कर दी। अचानक हुई इस घटना से परिवार के लोग सहम गए। गोली चलाने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने इस संबंध में तीन युवकों के खिलाफ नामजद तहरीर थाना पुलिस को दी है।

# सास्वत समारोह में चण्डी पत्रिका का विमोचन



**पाटन, उन्नाव।** तहसील बीघापुर क्षेत्र के आध्यात्मिक साहित्यिक संत एवं सरस्वती पत्रिका के संपादक प0 देवीदत्त शुक्ल की 139 वीं जयंती पर आयोजित शास्वत समारोह का आयोजन हरिवंश लाल शुक्ल सरस्वती इंटर कॉलेज ऊँचगांव में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार साहित्य भूषण डॉ गणेश नारायण शुक्ल ने देवीदत्त शुक्ल के कृतित्व और व्यक्तिव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि साहित्य और अध्यात्म के गहन अध्येता थे उन्होंने महावीर प्रसाद द्विवेदी के बाद लगभग 27 वर्षों तक सरस्वती पत्रिका का संपादन किया। इसी बीच उन्होंने तंत्र शास्त्र की विख्यात पत्रिका का प्रकाशन करके अनेक दुर्लभ पाण्डुलिपियों का पाठ सम्पादन एवं प्रकाशन किया। डॉ. गणेश नारायण शुक्ल ने बताया उन्नाव की धरा जिन विभूतियों के असाधारण कृतित्व के माध्यम से महिमा-मण्डित हुई, उनमें एक प्रेरणाप्रद नाम पं० देवीदत्त शुक्ल का भी है। शुक्ल जी उन कुछ लोगों में-से थे, जिन्हें साहित्य और पत्रकारिता की शिक्षा-प्रशिक्षा युग-प्रवर्तक आचार्य महावीरप्रसाद द्विवेदी के सान्निध्य में प्राप्त करने का गौरव प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के अध्यक्ष रवि वर्मा पूर्व प्राचार्य राजकीय पालीटेक्निक प्रयागराज ने शुक्ल जी को युग पुरुष बताते हुए उनके साहित्यिक अवदान की विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम के वक्ता कवि भवभूति ने अपनी कविता के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की। अन्य वक्ताओं मे गौरी सिंह, विद्यालय के प्रधानाचार्य विनय कुमार शुक्ल ने श्रद्धांजलि अर्पित की। देवीदत्त शुक्ल के पौत्र और चंडी पत्रिका के संपादक ब्रतशील शुक्ल ने कहा पं० देवीदत्त शुक्ल का जन्म गंगा-तटवर्ती और माता चण्डिका जी के प्रख्यात मन्दिर से विभूषित बक्सर ग्राम में 28 अप्रैल, 1888 को एक प्रतिष्ठित परिवार में हुआ था। अध्यात्म-आयुर्वेद एवं साहित्य की विशिष्ट परम्परा उन्हें अपने परिवार से विरासत में प्राप्त हुई थी। जयंती समारोह पर प्रकशित चंडी पत्रिका का विमोचन किया गया तथा सभी अतिथियों को चंडी प्रकाशन से प्रकशित साहित्य भेट किया। जयंती समारोह पर प्रकशित चंडी पत्रिका के अतिथि सम्पादक डॉ. आनंदवर्धन राघव ने उनके संस्मरण बताते हुए आए हुये सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। डॉ शुक्ल को श्रद्धांजलि अर्पित करने वालो मे शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य अवनिद्र सिंह, रामचंद्र शुक्ल, अरविंद सिंह एवं संचालन स्वतंत्र सिंह ने किया।

संक्षेप

## महिला सुपरवाइजर की मौत ,केस दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। भुसौरिया चौराहे पर ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से आंगनबाड़ी की मुख्य सेविका की मौत के मामले में पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मितौली क्षेत्र के ग्राम महमदपुर निवासी राम खेलावन वर्मा ने तहरीर में बताया कि उनकी पुत्री मान्शी वर्मा 24 अप्रैल को आंगनबाड़ी केंद्र के निरीक्षण के लिए जा रही थीं। इसी दौरान तेज रफ्तार स्वराज ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें सीएचसी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया, जिसे पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। मामले में जांच जारी है।

## घायल व्यक्ति के मामले में एफआईआर दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली गोला क्षेत्र में बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति के गंभीर रूप से घायल होने के मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला भूतनाथ निवासी गीता देवी ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि 30 मार्च को उनके पति साइकिल से जा रहे थे। कोटवारा मोड़ के पास पहुंचने पर खम्होल निवासी साहिद अली ने अपनी मोटरसाइकिल से टक्कर मार दी, जिससे उनके पति की गर्दन के नीचे की हड्डी टूट गई और शरीर में गंभीर चोटें आईं।पीड़िता का आरोप है कि जब उन्होंने आरोपी से इलाज कराने को कहा तो उसने गाली-गलौज करते हुए मना कर दिया। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वह अपने पति का समुचित इलाज कराने में असमर्थ हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## कृषि प्रवेश परीक्षा के लिए कल तक आवेदन, 10-11 जून को होगी परीक्षा

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कृषि महाविद्यालय जमुनाबाद ने शैक्षिक सत्र 2026-27 की संयुक्त प्रवेश परीक्षा को लेकर अहम सूचना जारी की है। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित की गई है, जिसके बाद किसी भी अभ्यर्थी का आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।अधिष्ठाता डॉ. अनिल कुमार सिंह ने बताया कि अभी भी कई अभ्यर्थी आवेदन करने से वंचित हैं। उन्होंने सभी इच्छुक छात्र-छात्राओं से अपील की है कि वे अंतिम तिथि से पहले अपना आवेदन पूर्ण कर लें, ताकि तकनीकी समस्याओं या सर्वर व्यस्त रहने की स्थिति में किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि अंतिम समय में वेबसाइट पर अधिक लोड होने से दिक्कतें आ सकती हैं।उन्होंने बताया कि संयुक्त प्रवेश परीक्षा 10 एवं 11 जून को आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न कृषि विश्वविद्यालयों और कृषि महाविद्यालय जमुनाबाद में स्नातक व परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया जाएगा। यह परीक्षा कृषि क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक छात्रों के लिए महत्वपूर्ण अवसर है।अधिष्ठाता ने यह भी बताया कि आवेदन प्रक्रिया, पात्रता, शुल्क, पाठ्यक्रमों की जानकारी और परीक्षा से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट पर प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने अभ्यर्थियों को निर्देश दिया कि आवेदन करते समय सभी विवरण सावधानीपूर्वक भरें और आवश्यक दस्तावेज सही तरीके से अपलोड करें।

# अधूरे या घटिया कार्य स्वीकार नहीं:डीएम



सीतापुर। संभावित बाढ़ को लेकर प्रशासन ने कमर कस ली है। मंगलवार को जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. खुद शारदा नदी के किनारे पहुंचे और जमीनी हकीकत परखी।

निरीक्षण के दौरान उनका साफ संदेश था काम में ढिलाई नहीं, समय से पहले तैयारी पूरी होनी चाहिए। डीएम ने सबसे पहले ग्राम मास्टरपुर में चल रही कटाव निरोधक परियोजना का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि 15 जून 2026 से पहले हर हाल में सभी कार्य पूरे कर लिए जाएं, ताकि बाढ़ के समय किसी तरह की समस्या न खड़ी हो। साथ ही उन्होंने गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न करने की हिदायत दी। इसके बाद डीएम का काफिला ग्राम रतौली पहुंचा, जहां शारदा नदी के दायें किनारे पर चल रहे कार्यों की समीक्षा की गई। यहां भी उन्होंने स्पष्ट किया कि अधूरे या घटिया कार्य किसी कीमत पर स्वीकार नहीं होंगे।

बाढ़ से पहले पुख्ता इंतजाम ही लोगों को राहत दे सकते हैं। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता (सिंचाई) विशाल पोरवाल, अधिशासी अभियंता (पीडब्ल्यूडी) मिथिलेश वर्मा और सहायक अभियंता पुष्कर वर्मा समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। प्रशासन की इस सख्ती से साफ है कि इस बार बाढ़ से पहले तैयारी में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी।

## इलाही बख्श इंटर कॉलेज में प्रतिभाओं का हुआ अभिनंदन



सीतापुर। इटारी स्थित इलाही बख्श इंटर कॉलेज में मंगलवार को हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छात्रों की सफलता पर विद्यालय परिवार ने गर्व व्यक्त करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

हाईस्कूल परीक्षा में अजीमुस्सान ने 84.83 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि मालती प्रसाद (84.17:) दूसरे और विवेक त्रिपाठी (84.00:) तीसरे स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में जैनब अनीस ने 80.83 प्रतिशत अंक के साथ पहला स्थान हासिल किया, वहीं जिज्ञासा ने 80.50 प्रतिशत अंक पाकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। इंटरमीडिएट परीक्षा में सुधा कश्यप ने 79.40 प्रतिशत अंक के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्योशु (71.00:) द्वितीय और सुषमा देवी (70.60:) तृतीय स्थान पर रहीं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक एखलाक हुसैन, अध्यक्ष इरफान आबिद अंसारी, प्रधानाचार्य अरविन्द कुमार और शिक्षक पवन कुमार समेत समस्त स्टाफ ने विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह का माहौल उत्साह और गर्व से भरा रहा।

## महिला आरक्षण का विरोध पड़ा भारी, हरगांव में भाजपा की आक्रोश पदयात्रा

सीतापुर। महिला आरक्षण बिल को लेकर सियासी ताप अब सड़कों पर साफ नजर आने लगा है। मंगलवार को हरगांव विधानसभा क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं और महिलाओं ने जोरदार आक्रोश पदयात्रा निकालकर विपक्ष के खिलाफ खुलकर नाराजगी जताई। झरेखापुर मंडल के झरेखापुर चौराहे से शुरू हुई इस पदयात्रा का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष कौशलेन्द्र सिंह ने किया। बड़ी संख्या में महिलाओं और कार्यकर्ताओं ने भाग लेते हुए विपक्षी दलों के खिलाफ नारेबाजी की और महिला आरक्षण बिल के विरोध को नारी सम्मान पर हमला बताया। मंडल अध्यक्ष कौशलेन्द्र सिंह ने कहा कि संसद में महिला आरक्षण का विरोध कर विपक्ष ने अपनी महिला विरोधी सोच को उजागर कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष नहीं चाहता कि महिलाओं को उनका हक मिले, लेकिन भाजपा इसके लिए हर स्तर पर संघर्ष करती रहेगी। कार्यक्रम के दौरान राहुल गांधी का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया गया, जिससे माहौल और गरमा गया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष रितेश सिंह गौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

# देश की नारी शक्ति आज अपने अधिकारों को लेकर जागरूक : रजनी तिवारी




सीतापुर। जनपद में आयोजित महिला जन आक्रोश सम्मेलन में प्रदेश सरकार की मंत्री रजनी तिवारी ने विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देश की नारी शक्ति आज अपने अधिकारों को लेकर जागरूक है और जो दल उनके हक में बाधा बनेंगे, उन्हें आने वाले समय में करारा जवाब मिलेगा। स्थानीय गेस्ट हाउस में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी देखने को मिली। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची रजनी तिवारी ने नारी शक्ति का आवाहन करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध रही है। उन्होंने कहा कि आज महिलाओं में जो आक्रोश है, वह विपक्ष की नीतियों का परिणाम है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि सनातन परंपरा में नारी को सर्वोच्च स्थान दिया गया है और भाजपा इसी विचारधारा के साथ महिलाओं को सशक्त बनाने का कार्य कर रही है। उन्होंने विपक्ष पर महिला विरोधी मानसिकता अपनाने का आरोप लगाया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सागर पटेल सहित कई जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सम्मेलन में महिलाओं ने एकजुट होकर अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और हर स्तर पर आवाज उठाने का संकल्प लिया।

## विपक्ष ने 33 प्रतिशत आरक्षण की राह में रोड़े अटकाये

सीतापुर। प्रेस वार्ता में मंत्री रजनी तिवारी ने विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, टीएमसी और डीएमके ने संसद में महिला आरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण विधेयकों का विरोध कर देश की आधी आबादी के साथ विश्वासघात किया है। उन्होंने कहा, यह केवल राजनीतिक विरोध नहीं, बल्कि नारी शक्ति के अधिकारों को रोकने की साजिश है।ह्व उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस कथन का जिक्र किया कि नीति निर्माण में महिलाओं की भागीदारी उनका अधिकार है, कोई उपकार नहीं। रजनी तिवारी ने आरोप लगाया कि विपक्ष ने अपनी ह्लकुटिल राजनीतिह्व के तहत 33 प्रतिशत आरक्षण की राह में रोड़े अटकाए और समाज को भ्रमित करने की कोशिश की। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि धर्म आधारित आरक्षण की मांग उठाकर प्रक्रिया को जानबूझकर टालने की कोशिश की जा रही है, जो संविधान की भावना के खिलाफ है। ह्लतुष्टीकरण की राजनीति अब ज्यादा दिन नहीं चलेगी, जनता सब देख रही है,ह्व उन्होंने कहा। रजनी तिवारी ने साफ शब्दों में चेतावनी दी कि आने वाले समय में महिलाएं लोकतांत्रिक तरीके से ऐसे दलों को जवाब देंगी। उन्होंने कहा कि भाजपा नारी सम्मान की लड़ाई को हर मंच पर मजबूती से उठाती रहेगी।

# चोरों ने दो घरों में बोला धावा 20 लाख के जेवर-नकदी पार



सीतापुर। सकरन कस्बे में बीती रात चोरों ने पुलिस की सतर्कता को खुली चुनौती देते हुए दो घरों को निशाना बना डाला। पहली घटना में रामलखन अवस्थी के नए मकान से चोर करीब 17 हजार रुपये नकद सहित 20 लाख रुपये से अधिक कीमत के सोने-चांदी के जेवर और अन्य सामान समेट ले गए। बताया गया कि सोमवार रात उनकी तबीयत खराब होने पर परिवार पुराने मकान चला गया था। इसी मौके का फायदा उठाकर चोर पीछे से सीढ़ी लगाकर छत पर चढ़े और कमरे का ताला तोड़ डाला। बक्सों में रखे करीब सात तोला सोना और एक किलो चांदी के जेवर, कपड़े व अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। हद तो तब हो गई जब चोरों ने पास के हरीश सिंह के घर को भी निशाना बनाया। घर में सो रहे गृहस्वामी को बाहर से बंद कर बेखौफ चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। लगातार दो घरों में हुई चोरी से इलाके में दहशत फैल गई है और पुलिस गश्त पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिल गई है और मामले की जांच की जा रही है।

# गुमशुदा व्यक्ति 24-घंटे में किया सकुशल बरामद



पलियाकलां खीरी। वादी लकी माहेश्वरी पुत्र अवधेश कुमार माहेश्वरी निवासी अजीतनगर पटिहन रोड थाना पलिया जनपद खीरी द्वारा अपने भाई सौरभ माहेश्वरी पुत्र अवधेश कुमार माहेश्वरी उम्र 43 वर्ष की गुमशुदगई दर्ज कराई थी।

उन्होंने बताया 27 अप्रैल 2026 को सुबह घर से मन्दिर गये थे जो वापस घर नही आयें। परिवारीजनों द्वारा काफी खोजा गया परन्तु नही मिलें जिसकी लिखित शिकायत की थी जिसके आधार पर थाना स्थानीय पर नियमानुसार गुमशुदगी संख्या 12/2026 पंजीकृत कर गुमशुदा व्यक्ति के मिलने से सम्भावित स्थानों पर जाकर जाँच की गई। उपरोक्त गुमशुदा व्यक्ति की तलाश हेतु थानाध्यक्ष पलिया पंकज त्रिपाठी के नेतृत्व में टीमों का गठन किया गया। अलग- अलग टीमों के द्वारा अलग-अलग स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों व गुमशुदा व्यक्ति की फोटो दिखाकर लोगो से जानकारी की गई एवं गुमशुदा व्यक्ति के मोबाइल नम्बरों की लोकेशन सर्विलांस सेल के माध्यम से प्राप्त की गई। जिसके आधार पर गुमशुदा सौरभ माहेश्वरी की अंतिम लोकेशन सुरेश शर्मा नगर चौराहा थाना बारादरी जनपद बरेली में होना पाई गई। गुमशुदा व्यक्ति की सकुशल बरामदगी हेतु थाना पलिया से गठित पुलिस टीम को तत्काल अंतिम लोकेशन के आधार पर पलिया से रवाना किया गया। थाना पलिया पुलिस टीम के द्वारा सुरेश शर्मा नगर चौराहा जनपद बरेली से सकुशल बरामद कर पलिया लाकर नियमानुसार गुमशुदा व्यक्ति के परिजनो को सूचित कर सुपुर्द किया गया। गुमशुदा व्यक्ति सौरभ माहेश्वरी की सकुशल बरामदगी होने पर परिजनो व क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों द्वारा समस्त पलिया पुलिस टीम की सराहना एवं प्रशंसा की जा रही है।नाम पता गुमशुदा व्यक्तिः-सौरभ माहेश्वरी पुत्र अवधेश कुमार माहेश्वरी उम्र 43 वर्ष निवासी अजीतनगर पटिहन रोड थाना पलिया खीरी तथा पांच टीमों का गठन किया गया यह जानकारी थाना अध्यक्ष पंकज कुमार त्रिपाठी ने दी।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की डीएम ने ली बैठक

जिला संवाददाता(vol)

- हेलमेट-सीटबेल्ट ओवरस्पीडिंग पर होगी कड़ी निगरानी, स्कूल वाहनों की फिटनेस पर जीरो टॉलरेंस

लखीमपुर खीरी। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाएं जाने, यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में डीएम अंजनी कुमार सिंह ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। बैठक का संयोजन, संचालन पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड (तृतीय) के अधिशाषी अभियंता अनिल कुमार यादव और एआरटीओ शांति भूषण पांडे ने संयुक्त रूप से किया।



बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने जिले में घटित दुर्घटनाओ का विश्लेषण करते हुए नए ब्लैक स्पॉट एवं बनरेबल लोकेशन चिन्हित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़क सुरक्षा के मद्देनजर सीटबेल्ट, हेलमेट और ओवर स्पीडिंग की नियमित निगरानी करने पर जोर दिया। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर चालान किए जाएंगे। उन्होंने दो टूक कहा कि स्कूली वाहन मानकों के अनुरूप ही सड़कों पर उतरें, अन्यथा उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।जिले में जहां पर घुमावदार स्थान तथा ब्लाइंड स्पॉट है, वहां से सौ मीटर पूर्व में साइनेज लगाने के दिशा निर्देश दिया। एआरटीओ ने प्रवर्तन, अवैध अतिक्रमण पर की गई कार्यवाहिया बताई। बैठक में डीएम ने जनपद में घटित दुर्घटनाओं का विश्लेषण, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों (वनरेबल लोकेशन), स्कूली वाहनों के मानकों अनुरूप होने पर ही संचालन, सड़क सुरक्षा की दृष्टि से विभिन्न विभागों द्वारा सड़कों की मरम्मत/गड्ढामुक्ति, कास ड्रेनेज वर्क (पुल, पलिया, रपटा आदि) एवं तटबंध की सड़कों की सुरक्षा संबंधी कार्यवाही, विभिन्न चीनी मिलों पर वाहन प्रबन्धन की चर्चा, सकरे/जर्जर सेतुओं के संबंध में चर्चा, शहरी क्षेत्र में चौराहे/तिराहों पर स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमण एवं रोड साइड सुधार, सड़क सुरक्षा, एवं राहवीर योजना के प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता से संबंधित कार्यक्रमों की योजना पर विस्तृत चर्चा हुई। इनकी रही मौजूदगी बैठक में एएसपी पवन गौतम, एसडीएम, एआरटीओ शांति भूषण पांडे, ईई पीडब्ल्यूडी अनिल कुमार यादव, तरुणेन्द्र त्रिपाठी, एआरएम रोडवेज लखीमपुर/गोला, जिला विद्यालय निरीक्षक, बीएसए, शुगर मिल के प्रतिनिधि, सहित जिला सड़क सुरक्षा समिति के सम्मानित सदस्य मौजूद रहे।

## काशीरामपुरवा में गायत्री परिवार का हुआ दंपत्ति सम्मेलन

फूलबेहड़ खीरी। गायत्री परिवार द्वारा फूलबेहड़ ब्लॉक के काशीरामपुरवा गांव में पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ के साथ कुएं और बाग का विवाह संस्कार कराकार घटते-सूखते जा रहे जल स्रोतों और निरंतर कटती जा रही बागों के संरक्षण-संवर्धन के साथ प्रकृति प्रेम का संदेश दिया। कार्यक्रम में क्षेत्र के परिजनों ने भारी संख्या में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम गायत्री परिवार जिला समन्वयक राम खेलावन निषाद की टोली द्वारा संपन्न करवाया गया। गायत्री परिवार ब्लॉक फूलबेहड़ के समन्वयक कृष्णाकांत शुक्ला ने बताया चार दिवसीय आयोजन के तीसरे दिन प्रातः कालीन ब्रह्म मुहूर्त वेला में नव निर्मित शिव मंदिर में शिव परिवार स्थापना का क्रम संपन्न हुआ। उसके बाद सामूहिक पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ के साथ कुएं और आम की बाग का विवाह संस्कार संपन्न कराया गया। दोपहर दो बजे दंपत्ति सम्मेलन का आयोजन हुआ जिसमें क्षेत्र के 51 दंपत्तियों (पति-पत्नियों के जोड़ों)ने प्रतिभाग कर विवाह अपने विवाह संस्कार के उद्देश्यों और प्रेरणाओं को पुनरुज्जीवित किया।

# कार्यालय नगर पंचायत बंकी, बाराबंकी

पत्रांकः 61/ न.पं. बं.-नि.सू./2026-27 दिनांक : 27.4.2026

**निविदा सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत बंकी द्वारा आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण के दृष्टिगत नगर क्षेत्र बंकी में स्वच्छता से सम्बन्धित वाल पेन्टिंग, चित्रकारी एंव वाल राइटिंग कार्य हेतु दिनाँक 04-05-2026 को मुहरबन्द निविदा अपराह्न 3.00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत बंकी में रखे निविदा बाक्श में प्राप्त की जायेगी। प्राप्त सभी निविदायें उसी दिन सॉय 4.00 बजे खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनॉक 02-05-2026 को 10.30 बजे पूर्वान्ह से 2.00 बजे अपरान्ह तक निर्धारित मूल्य जमा करके कार्यालय नगर पंचायत बंकी बाराबंकी से क्रय की जा सकती है। निविदा के सम्बंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि |
|---|---|---|---|
| 01 | नगर पंचायत बंकी सीमान्तर्गत सार्वजनिक भवनों की दीवारों/मुख्य चौराहों/दीवारों पर वाल पेन्टिंग, चित्रकारी एंव वाल राइटिंग कार्य। | 1000.00 | 10,000.00 |

**नियम व शर्ते**

01. कार्य की जमानत धनराशि खाता का नाम-नगर पंचायत बंकी जमानत धनराशि, बैंक का नाम-भारतीय स्टेट बैंक के खाता सं.-39277986666 तथा IFSC कोड-SBIN0015680 शाखा-बड़ेल, बाराबंकी में RTGS/NEFT/इण्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से अथवा एफडीआर/टीडीआर जो कि अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बंकी के पदनाम से बंधक हो जिसे संलग्न करना अनिवार्य होगा।
02. निविदा स्वीकृत होने पर 03 दिवस के अन्दर निर्धारित स्टाम्प पेपर पर अनुबंध सम्पादित करना होगा, सम्बंधित फर्म ठेकेदार द्वारा समयान्तर्गत अनुबन्ध पत्र की औपचारिकताएं पूर्ण नही कराई जाती है तो निविदा की नियम/शर्तों के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।
03. निविदादाताओं को अनिवार्य रूप से जी.एस.टी. प्रमाणपत्र, इत्यादि लगाना अनिवार्य होगा।
04. प्रश्नगत कार्य से सम्बन्धित अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
05. निविदा के समस्त में माँगे गये समस्त प्रपत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति तथा निविदा एवं जमानत धनराशि के सम्बन्ध में जमा पर्ची/एफ.डी.आर. की मूलप्रति/रशीद निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
06. अपूर्ण अथवा सही ढंग से न भरी निविदा तथा अस्पष्ट/अपठनीय प्रतियाँ स्वीकार नहीं की जायेगी ।
07. निविदा दाता द्वारा डाली गई निविदा में संलग्न दस्तावेजों/प्रमाणपत्रों की जाँच विभागीय स्तर पर की जाएगी, यदि दस्तावेज गलत पाए जाते हैं तो निविदा पर विचार नही किया जाएगा।
08. निविदाओं को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार निविदा कमेटी/अधोहस्ताक्षरी को होगा, ऐसी दशा में ठेकेदार को आपत्ति दाखिल करने एवं निविदा मूल्य वापस मांगने का कोई अधिकार नही होगा।
09. निविदा के सम्बंध में किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न होने पर सक्षम अधिकारी/ निविदा कमेटी का निर्णय अन्तिम होगा।
10. ठेकेदार/फर्मो को इस आशय का शपथ पत्र दिया जाना अनिवार्य होगा कि मेरा कोई निकट सम्बन्धी/रिश्तेदार नगर पंचातय बंकी में किसी भी अधिकारी/कर्मचारी के पद पर कार्यरत सेवा में नही है तथा निकाय के निर्वाचित अध्यक्ष/सदस्य का निकट सम्बन्धी अथवा रिश्तेदार नही है।
11. यदि किन्ही कारणों से निविदा खुलने की तिथि को अवकाश घोषित हो जाता है तो (उसकी अगली तिथि) अर्थात अगले कार्य दिवस को मानी जायेगी।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत बंकी, बाराबंकी

अध्यक्ष
नगर पंचायत बंकी, बाराबंकी

# संतुलित उर्वरक उपयोग पर किसानों को किया जागरूक, वैज्ञानिकों ने दिए टिप्स



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। चंद्र शेखर कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र जमुनाबाद द्वारा गांव बेहटा में उर्वरकों के संतुलित उपयोग पर जागरूकता प्रशिक्षण एवं प्रक्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वैज्ञानिकों ने किसानों को मृदा स्वास्थ्य सुधार और बेहतर उत्पादन के लिए उपयोगी जानकारी दी।

केंद्र के अध्यक्ष डॉ. एसके विश्वकर्मा ने कहा कि मिट्टी में जीवांश पदार्थ की मात्रा बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है, जिससे भूमि में पोषक तत्वों की उपलब्धता बनी रहती है और उत्पादन की गुणवत्ता बढ़ती है। उन्होंने किसानों को जैविक पदार्थों के उपयोग पर विशेष जोर दिया।

भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान लखनऊ के मृदा विज्ञान के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. एसआर सिंह ने मृदा परीक्षण के महत्व को बताते हुए कहा कि सही उर्वरक प्रबंधन के लिए पहले मिट्टी की जांच जरूरी है। उन्होंने किसानों को मृदा नमूना लेने की विधि भी विस्तार से समझाई। कार्यक्रम में पादप रोग सुरक्षा के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. चंद्रमणि राज ने गन्ने में लगने वाले रोगों व कीटों की पहचान और उनके नियंत्रण के उपाय बताए। वहीं जैव प्रौद्योगिकी के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. संजीव कुमार ने संतुलित उर्वरक उपयोग से लागत घटाने और उत्पादन बढ़ाने पर जोर दिया। कृषि विज्ञान केंद्र के सस्य वैज्ञानिक डॉ. पीके बिसेन ने बताया कि मिट्टी में पर्याप्त जीवांश होने से लाभकारी सूक्ष्म जीव सक्रिय रहते हैं, जिससे कम लागत में बेहतर व स्थिर उत्पादन संभव होता है। पशुपालन वैज्ञानिक डॉ. एनके त्रिपाठी ने किसानों को खेती के साथ पशुपालन व दुग्ध व्यवसाय अपनाने की सलाह दी। प्रसार वैज्ञानिक डॉ. जिया लाल गुप्ता ने नाडेप, केंचुआ खाद व हरी खाद के उपयोग के साथ उन्नत तकनीकों को अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि इससे किसान अधिक लाभ कमा सकते हैं।

## खाटू श्याम मंदिर में गूंजे भक्ति के स्वर



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कंजा बरम बाबा हनुमान मंदिर परिसर स्थित खाटू श्याम मंदिर में मोहिनी एकादशी के अवसर पर भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्रीश्याम दीवाने सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित संकीर्तन में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के दौरान हारे के सहारे और खाटू नरेश की जय के जयघोष से मंदिर परिसर गूंज उठा। भजनों की धुन पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते नजर आए। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ, जिसके बाद भजन गायक अजय गुप्ता और शिवम गुप्ता ने श्याम बंशी बजाते हो या मुझे बुलाते हो और राम नाम के हीरे मोती जैसे भजनों की प्रस्तुति देकर माहौल को भाव-विभोर कर दिया। मंदिर परिसर को फूलों से भव्य रूप से सजाया गया था, वहीं इत्र की सुगंध ने वातावरण को और भी दिव्य बना दिया। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मनोकामनाएं मांगीं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मोहिनी एकादशी का व्रत अत्यंत पुण्यदायी माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन भगवान विष्णु के मोहिनी रूप की पूजा करने से मानसिक शांति और आध्यात्मिक शक्ति की प्राप्ति होती है। कार्यक्रम के समापन पर बाबा की भव्य आरती उतारी गई, जिसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन को सफल बनाने में समिति के पदाधिकारियों व सेवादारों का विशेष योगदान रहा।इस अवसर पर समिति अध्यक्ष दीपक राजपूत, महामंत्री अजय गुप्ता, संरक्षक अनिल जलोटा, संजू गुप्ता, अनिरुद्ध गुप्ता, शिवम गुप्ता, मीडिया प्रभारी सुधीर गुप्ता, आशुतोष रस्तोगी, बबलू जायसवाल, संतोष गुप्ता और सुमित राठौर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

संक्षेप

## छेड़छाड़ के दो दोषियों को तीन वर्ष की सजा 30 हजार रु.जुर्माना

**सुलतानपुर (वीओएल)।** करीब छह वर्ष पूर्व घर में घुसकर किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने के मामले में स्पेशल जज पाक्सो एक्ट नीरज कुमार श्रीवास्तव ने मंगलवार को अमेठी के बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के सेवरा गांव के आरोपित राशिद खान व सुशील यादव को दोषी मानते हुए तीन वर्ष की कैद व 30 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक विवेक सिंह ने बताया कि जुर्माना की पूरी रकम पीड़िता को मिलेगी। मामले में पीड़िता के पिता की तहरीर पर केस दर्ज किया गया था।

## जानलेवा हमले के आरोपी को जमानत

**सुलतानपुर।** जानलेवा हमला करने के मामले में जेल में निरुद्ध अमेठी जिले के नसीराबाद थाने के कासिमपुर गांधी नगर निवासी शिवा उर्फ शिवा कश्यप को कोर्ट से जमानत मिल गई है। जिला जज सुनील कुमार ने बचाव पक्ष के अधिवक्ता अंकुर पांडेय व सरकारी वकील की बहस सुनने के बाद आरोपित को जमानत दे दी है। आरोपित पर तीन नवंबर 2025 को गौरीगंज थाने के पूरे मंशा गूजर तोला निवासी विमलेश सिंह के पुत्र अंकित सिंह पर जानलेवा हमला करने का आरोप है।

## ई-रिक्शा की बैट्री चोरी

**परशदेपुर, रायबरेली।** डीह थाना के परशदेपुर चैकी क्षेत्र में सोमवार रात अज्ञात चोरों ने दरवाजे के सामने खड़े ई रिक्शा की बैट्री पार कर दी। पीड़ित ने ई रिक्शा की बैटरी चोरी होने की तहरीर पुलिस को दी है। चैकी क्षेत्र के अटावां गांव निवासी फूलचन्द्र प्रतिदिन की तरह ई रिक्शा दरवाजे के सामने खड़ा कर सो गए, मंगलवार सुबह उठे तो ई रिक्सा की चारो बैट्री गायब थी, जिसकी लागत लगभग पैतालीस हजार रुपये है। पीड़ित ने बैट्री चोरी होने की तहरीर पुलिस चैकी परशदेपुर में दी है। चैकी इंचार्ज मोहित कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है जल्द मामले का खुलासा किया जाएगा।

## ओवरटेकिंग में भिड़े ओवरस्पीड 3 डंपर

**सलोन, रायबरेली।** रायबरेली-जौनपुर नेशनल हाइवे पर सूची पुलिस चैकी के निकट तेज रफ्तार तीन डंफरों की आपस मे जोरदार भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में दो डंफर चालक घायल हुए है। वहीं चालक मलबे में तब्दील हो चुके केबिन के भीतर ही फंस गया। पुलिस ने आयरन कटर की मदद से केबिन के अगले हिस्से को काटकर घायल चालक को बाहर निकालकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

मंगलवार की दोपहर लगभग एक बजे के सलोन कोतवाली अंतर्गत सूची चैकी खौसनहा गांव के निकट तीन डंफरों की आमने सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि सड़क पर ही दो डंपर पलट गए। जबकि तीसरा डंफर खाई में पलटने से बाल बाल बच गया। घायल पड़े डंफर चालक बुद्धराज मवई थाना सदर बांदा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जबकि केबिन में लहूलुहान अवस्था मे फंसे डंफर चालक अकील पुत्र शकील निवासी थाना हुसैनगंज जनपद अमेठी को केबिन काटकर निकाला गया। कोतवाली प्रभारी बालेंदु गौतम ने बताया कि तीन डंफरो की आपस मे भिड़ंत हुई है। दो वाहनों के चालक घायल हुए है। तीसरे वाहन का चालक भूरा पुत्र सियाराम मवई सदर कोतवाली बांदा सुरक्षित है।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर भीषण हादसा ओवरलोड बस पलटी, 57 घायल

### प्रशासन ने संभाला मोर्चा, चिकित्सकीय सुविधा के साथ लोगों को पहुंचाया गंतव्य तक



**कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)।** मंगलवार की अलसुबह पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर माइल स्टोन 108 के पास पूरे चतुरी पुरवा के निकट एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। लुधियाना से आजमगढ़ जा रही ओवरलोड प्राइवेट लग्जरी बस तेज रफ्तार के चलते अचानक असंतुलित होकर पलट गई। हादसे के बाद बस में सवार यात्रियों के बीच चीख-पुकार मच गई। तेज धमाके की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तुरंत राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। बताया जा रहा है कि बस में 100 से अधिक यात्री सवार थे, जिनमें से करीब 57 लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अंजू मिश्रा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचीं और उच्च अधिकारियों को अवगत कराया। घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कूरेभार लाया गया। जहां सीएचसी अधीक्षक शैलेश प्रताप सिंह, डॉ. प्रयेश दीक्षित की टीम ने सभी घायलो का बेहतर प्राथमिक उपचार शुरू किया। यहां से 16 घायलो को मेडिकल कालेज सुलतानपुर रेफर किया गया, जिसमें से एक बच्ची को गंभीर हालत में लखनऊ रेफर किया गया, जबकि अधिकांश घायलों को मामूली चोटें आईं, जिनका इलाज मौके पर ही कर दिया गया, जबकि गंभीर रूप से घायलों को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। गंभीर रूप से घायल सानिया (26) फूलपुर आजमगढ़, शीला देवी (जौनपुर), मिट्ठू (29) अतरौला आजमगढ़, मनीषा (32, गर्भवती) रसूलपुर आजमगढ़, निर्मला (40) रसूलपुर आजमगढ़, रजनीश (1 वर्ष), जबकि कुछ घायलों का इलाज पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर ही धनपतगंज सीएचसी के डॉक्टर दीपांकर विश्वास द्वारा किया गया।

**यात्रियों ने बयां किया दर्द :** यात्री सुनील कुमार ने बताया कि बस शुरू से ही ओवरलोड थी और रास्ते में एक बार टायर पंचर भी हुआ था। गाड़ी 108 पर पहुंचते ही लहराई और पलट गई, मेरी मां गंभीर रूप से घायल हैं। दयाराम ने बताया कि बस खलासी चला रहा था। गाड़ी दो बार घूमी और पलट गई, गनीमत रही कि सामने खड़े ट्रक से नहीं टकराई, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। खुशी व शिल्पा ने बताया कि उनके पिता हादसे में घायल हो गए हैं और वे अब भी मानसिक रूप से सदमे में हैं। जौनपुर निवासी यात्री कैलाश ने बताया अधिकतर यात्री लंबी यात्रा के कारण सो रहे थे, तभी अचानक बस पलट गई और सामान सड़क पर बिखर गया।

हादसे के बाद चालक और खलासी मौके से फरार हो गए, जिनकी तलाश की जा रही है। यात्रियों ने आरोप लगाया कि बस खलासी चला रहा था और वाहन ओवरलोड था। पुलिस क्षेत्राधिकारी आशुतोष ने बताया कि प्रारंभिक जांच में ओवरलोडिंग और चालक को नींद आने की बात सामने आई है। एसडीएम बल्दीराय प्रवीण कुमार ने कहा कि घायलों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। यूपीडा टीम ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त बस को हटवाकर एक्सप्रेस-वे पर यातायात बहाल कराया। प्रशासन द्वारा पूरे मामले की जांच की जा रही है।

घटना की जानकारी मिलते ही डीएम इंद्रजीत सिंह एसपी चारु निगम घटना स्थल के साथ कूरेभार सीएचसी पहुँचकर घायलो का हाल चाल जाना और घायलो को नास्ता जलपान की व्यवस्था करवाते हुए परिवहन निगम की बस से अस्पताल से छुट्टी पाए घायलो व मामूली घायलो को गंतब्य भेजवाया, जबकि गंभीर रूप से घायलो का इलाज जारी है।

## पीड़ित परिवार को दी गयी चार लाख की राहत धनराशि

**रायबरेली।** जनपद के तहसील लालगंज क्षेत्र के ग्राम ऐंधी, परगना खीरों में चार दिन पूर्व अज्ञात कारणों से कच्ची झोपड़ी में अचानक आग लगने से एक अत्यंत दुखद घटना घटित हुई, जिसमें आदित्य (3 वर्ष) पुत्र रामसुमेर की असामयिक मृत्यु हो गई।

अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अमृता सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जिलाधिकारी के निदेशानुसार जिला प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए समस्त आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कर शासन द्वारा अनुमन्य राहत सहायता के अंतर्गत पीड़ित परिवार को चार लाख रुपये की राहत धनराशि उनके बैंक खाते में हस्तांतरित कर दी गई है, इसके अतिरिक्त मृतक की माता रेशमी पत्नी रामसुमेर को मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है, जिससे परिवार को सुरक्षित एवं स्थायी आवास उपलब्ध हो सके। उन्होंने बताया कि प्रभावित परिवार के पुनर्वास एवं आजीविका सहायता हेतु मनरेगा योजना के अंतर्गत 90 दिवसों की अकुशल मजदूरी उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही, स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय निर्माण हेतु 12,000 की धनराशि भी पृथक रूप से प्रदान की जाएगी।

## अग्नि पीड़ितों की मदद के लिए आगे आयी विधायक महाराजी प्रजापति, दी राहत सामग्री



**अमेठी।** विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सराय हीरमति मोचवा गांव की दलित बस्ती में भीषण आग लगने से कई परिवारों का सब कुछ जलकर राख हो गया था। घटना की सूचना मिलते ही अमेठी विधायक महाराजी प्रजापति (पत्नी पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति) मौके पर पहुंचीं और प्रभावित परिवारों का ढांढस बंधाया विधायक ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए अग्नि पीड़ितों से प्रभावित परिवारों को खाने-पीने की जरूरी वस्तुओं वाली राशन किट बांटी। महिलाओं के लिए साड़ियों और अन्य कपड़ों की व्यवस्था की। विधायक ने मौके पर ही अपनी ओर से हर संभव नकद आर्थिक सहायता प्रदान की। पीड़ितों के आंसू पोंछते हुए महाराजी प्रजापति ने कहा कि दुख की इस घड़ी में वह पूरी तरह से उनके साथ खड़ी हैं। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि नुकसान का जल्द से जल्द आकलन कर सरकारी मुआवजा भी दिलाया जाए ताकि ये परिवार फिर से अपना आशियाना बना सकें। इस मौके पर अग्नि पीड़ित परिवार रामसेवक कोरी, रामजस कोरी, रंजीत कोरी, मेवालाल कोरी, शांति देवी, रामकिशोर, फूलचंद कोरी, राजेश कोरी, देवतादीन, राम दुलारे कोरी, उर्मिला कोरी आदि मौजूद रही। पीड़ित परिवारों ने विधायक और उनके समर्थकों के प्रति आभार जताया।

## एसपी अमेठी ने निर्माणाधीन नवीन पुलिस कार्यालय का किया औचक निरीक्षण



**गौरीगंज, अमेठी।** एसपी अमेठी, सरवणन टी. द्वारा गौरीगंज स्थित निर्माणाधीन नवीन पुलिस कार्यालय का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भवन निर्माण की वर्तमान प्रगति का जायजा लिया और कार्य की बारीकियों की समीक्षा की। महोदय ने निर्माण सामग्री और कार्य की गुणवत्ता को बारीकी से परखा व निर्माण कार्य में उच्च मानकों का पालन किया जाए और किसी भी स्तर पर गुणवत्ता से समझौता न हो व परियोजना को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करने हेतु संबंधित कार्यदायी संस्था और अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

## सुरक्षा संकेत नदारद, शुकुल बाजार में बढ़ रहे हादसे, महीने भर में दर्जनों लोग अस्पताल पहुंचे

**शुकुल बाजार (अमेठी)।** कस्बे के प्रमुख मार्गों पर सड़क सुरक्षा से जुड़े जरूरी इंतजाम न होने से दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। खासकर इन्हौनाझरुदौली मार्ग, जिसे क्षेत्र का सबसे व्यस्ततम मार्ग माना जाता है, वहां चेतावनी संकेत और रिफ्लेक्टिव व्यवस्थाएं नदारद हैं। इस सड़क पर बाजार, व्यापारिक प्रतिष्ठान, स्कूल और कॉलेज होने के कारण दिनभर वाहनों और राहगीरों की आवाजाही बनी रहती है, बावजूद इसके विभागीय स्तर पर सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर संभावित खतरे वाले स्थानों पर लगाए जाने वाले सांकेतिक बोर्ड, सफेद-पीली थर्मोप्लास्टिक पट्टी, कैट-आई और रेडियम जैसे सुरक्षा चिन्ह कई जगहों पर दिखाई नहीं देते। रात के समय स्थिति और गंभीर हो जाती है, क्योंकि अंधेरे में सड़क पर कोई भी रिफ्लेक्टिव संकेत नजर नहीं आता। ऐसे में दोपहिया वाहन चालक अचानक स्थिति का अंदाजा नहीं लगा पाते और हादसे का शिकार हो जाते हैं। क्षेत्रीय नागरिकों के अनुसार बीते एक महीने के भीतर दर्जनों लोग गिरकर या टकराकर चोटिल हो चुके हैं और अस्पताल तक पहुंच चुके हैं। इनमें महिलाओं और स्कूटी सवारों की संख्या अधिक बताई जा रही है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि सबसे ज्यादा दुर्घटनाएं इन्हौनाझरुदौली मार्ग पर ही हो रही हैं, क्योंकि यह क्षेत्र का सबसे व्यस्त हिस्सा है, जहां सुबह-शाम छात्रों, अभिभावकों और ग्राहकों की भीड़ रहती है। लोगों का आरोप है कि दुर्घटना संभावित स्थानों पर न तो चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं और न ही सड़क पर रिफ्लेक्टिव पट्टी बनाई गई है। इससे वाहन चालकों को पहले से कोई संकेत नहीं मिल पाता। नागरिकों ने इसे विभाग की बड़ी लापरवाही बताते हुए कहा कि यदि समय रहते जरूरी इंतजाम नहीं किए गए तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि व्यस्ततम स्थानों की पहचान कर तत्काल सांकेतिक बोर्ड, थर्मोप्लास्टिक पट्टी और रिफ्लेक्टिव कैट-आई लगाए जाएं, ताकि लगातार हो रही दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके और लोगों को सुरक्षित आवागमन मिल सके।

# एसडीएम ने नामित सभासदों को दिलायी पद व गोपनीयता की शपथ



- **महराजगंज नगर पंचायत में गरिमामयी शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न, नव-नामित सदस्यों से विकास की उम्मीदें**

**महराजगंज रायबरेली।** नगर पंचायत महराजगंज में मंगलवार को एक गरिमामय शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश की राज्यपाल द्वारा नामित सदस्यों ने विधिवत पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। समारोह में प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष महत्व प्रदान किया। कार्यक्रम में एसडीएम गौतम सिंह, तथा पूर्व विधायक राम लाल अकेला सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने नव-नामित सदस्यों का उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। इस अवसर पर विजय धीमान, सूर्य प्रकाश वर्मा और अनुपमा पाण्डेय ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। उप जिलाधिकारी गौतम सिंह ने सभी नव-नामित सभासदों को फूल-माला पहनाकर उनका स्वागत किया और उन्हें जनसेवा के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी।

समारोह पूरे उत्साह और गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। स्थानीय नागरिकों ने उम्मीद जताई कि नव-नामित सदस्य नगर के विकास, स्वच्छता, बुनियादी सुविधाओं और जनकल्याण के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएंगे, जिससे महराजगंज नगर पंचायत को नई दिशा और गति मिलेगी। इस मौके पर पूर्व विधायक रामलाल अकेला, मंडल अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव, अधिशासी अधिकारी राम आशीष वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष सरला साहू, चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू, भाजपा नेत्री सुधा अवस्थी, पूर्व सभासद शिवम तिवारी, सभासद नूरुल हसन, मुस्ताक अहमद, रामकुमार यादव, धर्मेंद्र वर्मा, विनीत वैश्य, सभासद प्रतिनिधि दिनेश त्यागी, वरिष्ठ भाजपा नेता विद्यासागर अवस्थी और सभासद कमलेश कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## सीएम अभ्युदय प्रवेश परीक्षा का कार्यक्रम जारी 10 अप्रैल से 5 जून तक आवेदन का मौका

**सुलतानपुर (वीओएल)।** मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की निशुल्क कोचिंग हेतु प्रवेश परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी 10 अप्रैल से 5 जून तक आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा का आयोजन 8 जून को जेईई व नीट तथा 15 जून को यूपीएससी/यूपीपीएससी, एसएससी, एनडीए व सीडीएस के लिए सुबह 11 बजे से दोपहर 01:30 बजे तक किया जाएगा। परीक्षा परिणाम 19 जून को जारी होगा जबकि कोचिंग सत्र एक जुलाई से प्रारंभ होगा। आवेदन पत्र विकास भवन स्थित जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय, राणा प्रताप पीजी कॉलेज स्थित अभ्युदय केंद्र तथा सभी विकास खंड कार्यालयों से प्राप्त व जमा किए जा सकते हैं। योजना के तहत आवेदन प्रक्रिया व कोचिंग पूर्णतः निशुल्क है। पात्रता के अनुसार जेईई/नीट के लिए इंटरमीडिएट विज्ञान वर्ग, जबकि सिविल सेवा व सीडीएस के लिए स्नातक स्तर के छात्र आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी अभ्युदय पोर्टल या कार्यालय समय में प्राप्त की जा सकती है।

## भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा शुरू



**नसीराबाद, रायबरेली।** मंगलवार को विकास खण्ड छतोह के खेरवा गांव में भव्य कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। गौरक्षा समिति द्वारा निकाली गई कलश यात्रा में सिर पर मंगल कलश धारण किए सैकड़ों महिलाओं के साथ बड़ी संख्या में उत्साही युवाओं और श्रद्धालु बुजुर्गों ने उल्लास और उत्साह पूर्वक भाग लिया। डीजे और ढोल नगाड़ों की मोहक धुन पर थिरकते युवाओं और महिलाओं ने वातावरण को भक्ति और श्रद्धा से सराबोर कर दिया। बीच बीच में गौ माता, राष्ट्र माता, जय योगेश्वर, जय श्री राम, राधे राधे आदि के पावन नारों से जहां आसमान गूंज उठता था वहीं लोगों में नई ऊर्जा और उत्साह में बढ़ोत्तरी भी स्वाभाविक थी। यात्रा के दौरान गांवों की गलियों में जगह जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा करके कलश यात्रा का स्वागत और अभिनंदन किया गया। वृंदावन धाम से पधारे प्रख्यात कथा व्यास पंडित सुधाकर कृष्ण शास्त्री 28 अप्रैल 2026 से 04 मई 2026 तक प्रतिदिन सायं 4 बजे से 7 बजे तक अमृतमयी कथा का रसपान कराएंगे। कथा में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भक्ति, धर्म और आदर्श मानव जीवनका विस्तृत वर्णन किया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को सुखी जीवन जीने की प्रेरणा मिलेगी।

कथा के आयोजन में प्रमुख रूप से आरएसएस के सह खंड कार्यवाह विवेक प्रताप सिंह, अभिषेक पांडेय, दिवाकर, प्रशांत पाण्डेय, दीपक चौरसिया, शिवम पाण्डेय, विकास पाण्डेय, राहुल शुक्ला, अमित पाण्डेय, सत्यम पाण्डेय, विवेक पाण्डेय, सागर राष्ट्रवादी और आकाश राष्ट्रवादी सहित अनेक श्रद्धालु सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं।

## केंद्रीय विद्यालय एमसीएफ लालगंज में क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता आयोजित

**रायबरेली।** केन्द्रीय विद्यालय आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना लालगंज के तत्वावधान में चल रही 55वीं केवीएस क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता के द्वितीय चरण (28 से 30 अप्रैल 2026) टेबल टेनिस और एथलेटिक्स (छात्र वर्ग) का शुभारंभ आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना एथलीट ग्राउंड पर किया गया। इस खेल महाकुंभ में लखनऊ संभाग के केन्द्रीय विद्यालय के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।

प्राचार्य डॉ. बीके वर्मा ने बताया कि केन्द्रीय विद्यालय एम.सी.एफ. लालगंज में 55वीं क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन सफलतापूर्वक किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता के प्रथम चरण में बालिका वर्ग की प्रतियोगिताएं सफलतापूर्वक सम्पन्न हुईं। इस में बालिका वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान केन्द्रीय विद्यालय एमसीएफ लालगंज, द्वितीय स्थान केन्द्रीय विद्यालय आर. आर. सी. फतेहगढ, तृतीय स्थान केन्द्रीय विद्यालय आई.आई.टी. कानपुर ने प्राप्त किया।

प्रतियोगिता के दूसरे चरण का शुभारम्भ आज बालक वर्ग के साथ हुआ। इस चरण में (बालक वर्ग अंडर -19) की एथलेटिक्स (400 मीटर दौड़) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें केन्द्रीय विद्यालय एम.सी.एफ. लालगंज के संस्कार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं केन्द्रीय विद्यालय आर. आर. सी. फतेहगढ़ के अनुभव कुमार द्वितीय स्थान पर रहे तथा केन्द्रीय विद्यालय जे. आर. सी. बरेली के सुमित कुमार ने तृतीय स्थान अर्जित किया।

विद्यालय प्रशासन ने सभी विजेताओं एवं प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## प्रधान संघ ने कार्यकाल बढ़ाने के लिए डीएम, विधायक को दिया ज्ञापन



**गौरीगंज, अमेठी।** जनपद के प्रधान संघ ने कार्यकाल बढ़ाने के लिए डीएम और सदर विधायक को ज्ञापन दिया। प्रधान संघ जनपद अमेठी के जिलाध्यक्ष बीरेंद्र कुमार तिवारी के नेतृत्व में सैकड़ों ग्राम प्रधानों के प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी अमेठी को देकर त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के समाप्त हो रहे कार्यकाल को बढ़ाने के लिए अनुरोध किया गया। ज्ञापन में त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों का कार्यकाल 26 मई, 12 जुलाई व 20 जुलाई को समाप्त हो रहा है। प्रधान संघ के ज्ञापन में मतदाता सूची तैयारी में हो रहे बिलंब, पिछड़ा वर्ग आयोग के गठन और उसकी रिपोर्ट आए बिना चुनाव कराने की असुविधा का हवाला देते हुए कहा गया है कि कार्यकाल न बढ़ाए जाने से गांवों का विकास प्रभावित होगा। ज्ञापन की एक प्रति सदर विधायक राकेश सिंह के माध्यम से भी मुख्यमंत्री को भेजते हुए जिलाध्यक्ष ने विधायक से अनुरोध किया कि मुख्यमंत्री से मिलकर कार्यकाल बढ़ाने के लिए अनुरोध कर कार्यकाल बढ़ावाने का प्रयास करें।

## गौरीगंज हनुमान तिराहे पर पाइपलाइन कार्य की लापरवाही, गड्ढे में फंसी कार, हादसे का बढ़ा खतरा

**अमेठी।** गौरीगंज के व्यस्त हनुमान तिराहे पर पाइपलाइन बिछाने के बाद गड्ढों को बिना भरे छोड़ देने की लापरवाही अब आम नागरिकों के लिए गंभीर समस्या बन गई है। सड़क किनारे खुदाई के बाद खुले गड्ढे और फैला मलबा राहगीरों व वाहन चालकों के लिए खतरा बन चुका है। मंगलवार को इसी लापरवाही के चलते एक कार का अगला पहिया गहरे गड्ढे में धंस गया, जिससे बड़ा हादसा होते-होते बच गया। स्थानीय लोगों के अनुसार संबंधित विभाग ने पाइपलाइन तो डाल दी, लेकिन खुदाई के बाद मिट्टी भराई और समतलीकरण का कार्य अधूरा छोड़ दिया। हनुमान तिराहा शहर का प्रमुख और व्यस्त मार्ग है, जहां दिनभर वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। इसके बावजूद सड़क किनारे खुले गड्ढे और टूटे हुए सीमेंट के टुकड़े प्रशासनिक उदासीनता को साफ दिखा रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार चालक को गड्ढे की गहराई का अंदाजा नहीं था। जैसे ही वाहन सड़क किनारे पहुंचा, अगला पहिया अचानक धंस गया और कार एक तरफ झुक गई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत मदद की, जिसके बाद वाहन को बाहर निकाला जा सका। यदि वाहन तेज गति में होता तो गंभीर दुर्घटना हो सकती थी। स्थानीय दुकानदारों और निवासियों का कहना है कि इस समस्या की शिकायत कई बार संबंधित विभाग और प्रशासन से की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। बरसात के मौसम में यह स्थिति और अधिक खतरनाक हो सकती है, क्योंकि पानी भरने से गड्ढे दिखाई नहीं देंगे और दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाएगी। नगरवासियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि गौरीगंज हनुमान तिराहे पर पाइपलाइन कार्य के बाद छोड़े गए सभी गड्ढों को तत्काल भरवाया जाए और सड़क को सुरक्षित बनाया जाए। लोगों का कहना है कि विकास कार्य जरूरी हैं, लेकिन अधूरे कार्य जनता की जान पर भारी नहीं पड़ने चाहिए।

# प्रभारी मंत्री ने की समीक्षा बैठक, दिये निर्देश




**रायबरेली।** प्रभारी मंत्री जनपद राकेश सचान ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ कानून-व्यवस्था की स्थिति एवं विकास कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की।

बैठक में प्रभारी मंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित कराया जायें कि कोई पात्र व्यक्ति आवास से वंचित न रहें। निराश्रित गोवंश की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि गर्मी के दृष्टिगत पशुओं को लू/हीटवेव से बचाव हेतु सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित कराया जाये। शत प्रतिशत निराश्रित गोवंशों को आश्रित कराया जायें, गोशालाओं में हरे चारे, छाया आदि की व्यवस्था भी सुनिश्चित कराई जाए, गोवंश सहभागिता योजना के अन्तर्गत लोगों को प्रेरित कर अधिक से अधिक गोवंशों की सुपुर्दगी करायें। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत कराये जा रहे कार्यों को शीघ्र ही पूर्ण कराया जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत इस वित्तीय वर्ष में अधिक से अधिक जोड़ों का रजिस्ट्रेशन कराकर लाभान्वित कराया जाए।

प्रभारी मंत्री ने आयुष्मान कार्ड की समीक्षा में निर्देश दिये कि पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनवाया जायें। किसानों को सिंचाई हेतु नहरों में टेल तक पानी पहुंचाने के लिए आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित कराया जाए, जिससे किसानों को फसल सिंचाई में कोई दिक्कत न हो, किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए विद्युत आपूर्ति भी रोस्टर के अनुसार सुनिश्चित करायी जायें। ग्रामीण क्षेत्रों में जले हुए ट्रांसफार्मर को निर्धारित समय में रिप्लेस कराया जाए। पीएमजीवाई विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि सड़कों की नवीनीकरण/मरम्मत कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाए, इसके साथ ही निर्माणकार्य की गुणवत्ता भी सुनिश्चित कराई जाए। सभी विभाग अपने लक्ष्यों की शतप्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करायें, विगत वित्तीय वर्ष के निमार्णाधीन कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि माह मई तक कार्य योजना तैयार कर अक्टूबर एवं नवम्बर तक कार्यों को नियमानुसार पूर्ण करा लिया जाए। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत रंजना चैधरी, जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार, मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 नवीन चन्द्रा, अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) अमृता सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए सतीश प्रसाद मिश्रा सहित सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पत्रकार पर दर्ज केस की निष्पक्ष जांच की मांग सपा महिला जिलाध्यक्ष ने एसपी को सौंपा ज्ञापन



**गौरीगंज (अमेठी)।** समाजवादी पार्टी महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष गुंजन सिंह ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक सरवरण टी. को ज्ञापन सौंपकर पत्रकार त्रिपुरारी पाण्डेय के खिलाफ दर्ज मुकदमे की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की मांग की। यह ज्ञापन 28 अप्रैल 2026 को सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि पत्रकार त्रिपुरारी पाण्डेय के विरुद्ध 23 अप्रैल 2026 को साइबर क्राइम थाने में मुकदमा संख्या 0003 दर्ज किया गया था। गुंजन सिंह ने आरोप लगाया कि यह मुकदमा उनकी निष्पक्ष पत्रकारिता को दबाने के उद्देश्य से प्रेरित प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि त्रिपुरारी पाण्डेय लंबे समय से जिले में जनसमस्याओं, भ्रष्टाचार और प्रशासनिक अनियमितताओं को प्रमुखता से उठाते रहे हैं। यदि किसी खबर या रिपोर्ट पर आपत्ति थी, तो उसका समाधान संवाद के माध्यम से भी किया जा सकता था, लेकिन सीधे आपराधिक मुकदमा दर्ज करना चिंताजनक है। ज्ञापन में मुकदमे की निष्पक्ष जांच, राजनीतिक दबाव से बचाव, पत्रकारिता की स्वतंत्रता की रक्षा तथा शिकायत निराधार पाए गये।

संक्षेप

## दिव्यांग डे-केयर सेंटर स्थापना की तैयारी तेज

**देवरिया।** नगर पालिका क्षेत्र देवरिया में दिव्यांगजनों के लिए डे-केयर सेंटर की स्थापना की तैयारी शुरू हो गई है। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा इस केंद्र के संचालन हेतु उपयुक्त भवन की तलाश की जा रही है।

विभाग के अनुसार, प्रस्तावित डे-केयर सेंटर के लिए ऐसे भवन की आवश्यकता है, जिसमें कम से कम 7 कक्ष हों।

प्रत्येक कक्ष का क्षेत्रफल लगभग 200 से 250 वर्ग फीट तथा कुल कारपेट एरिया करीब 3000 वर्ग फीट होना चाहिए। साथ ही भवन भूतल पर स्थित होना अनिवार्य है।

इच्छुक भवन स्वामी, जिनके पास नगर पालिका क्षेत्र देवरिया में निर्धारित मानकों के अनुरूप भवन उपलब्ध है, वे अपना आवेदन जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, विकास भवन (कक्ष संख्या 17) में तीन दिनों के भीतर जमा कर सकते हैं।

# शिक्षा ही जीवन को दे सकती है नयी दिशाः डीएम

जिला संवाददाता





**देवरिया।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 में जनपद स्तर पर उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में

- प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित
- मेहनत व लगन से हीं मुकाम किया जा सकता है हासिल

जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर हाईस्कूल के 17 तथा इंटरमीडिएट के 11 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जिससे व्यक्ति अपने जीवन को नई दिशा दे सकता है। विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम करते हुए अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहना चाहिए इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. स्कन्द शुक्ल ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता पाने के लिए लक्ष्य निर्धारण, नियमित अध्ययन और सकारात्मक सोच अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को समय का सदुपयोग करने तथा शिक्षा के माध्यम से अपने व्यक्तित्व का समग्र विकास करने की प्रेरणा दी। उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि उनके सहयोग और मार्गदर्शन से ही छात्र-छात्राएं इस मुकाम तक पहुंचते हैं। हाईस्कूल की परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले सम्मानित छात्र/छात्राओं में साक्षी राय 96.50 प्रतिशत, प्रीती यादव एवं श्वेता पटेल 96.33 प्रतिशत, आकांक्षा सिंह 96.17, श्वेता मौर्या 95.67 प्रतिशत, सुप्रिया 95.33 प्रतिशत, रोहित प्रजापति, अनुभव मिश्रा, अर्पिता सिंह 95.17 प्रतिशत, अंशु यादव व नीमी प्रजापति 95 प्रतिशत, रीधी उदयपुरिया 94.83 प्रतिशत, आदित्य मौर्या एवं सुप्रिया सिंह व प्रिया गुप्ता 94.67 प्रतिशत, सुप्रिया पटेल एवं सृष्टि यादव 94.50 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले सम्मिलित रहे। इंटरमीडिएट की परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले सलोनी प्रजापति 93.60 प्रतिशत, तुलिका चौरसिया 91.80 प्रतिशत, कुमार काजल पाल 91.60 प्रतिशत, निर्भय गौंड 91.40 प्रतिशत, श्रुति यादव 91.20 प्रतिशत, अनन्या सिंह 91 प्रतिशत, अराधना कुमारी 90.20 प्रतिशत, आशिया खातून 89.80 प्रतिशत, माडर्न सिटी मोंटेसरी इंटर कॉलेज की छात्रा शिवांगी वर्मा 89.40 प्रतिशत, एमपीआईसी कुर्मी पट्टी की छात्रा शालिनी राव 89.40 प्रतिशत, शालू यादव देवनंदन इंटर कालेज वृक्षापट्टी की छात्रा 89.20 प्रतिशत अंक प्राप्त की, जिन्हें आज जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। कार्यक्रम में सह जिला विद्यालय निरीक्षक निलेश पांडेय, प्रधानाचार्य जीआईसी देवरिया रामकिंकर मिश्र, उप प्रधानाचार्य महेंद्र प्रसाद, माडर्न सिटी मोंटेसरी इंटर कॉलेज न्यू कालोनी, देवरिया के प्रधानाचार्य आद्या प्रसाद तिवारी, जिला समन्वयक सुदीप पांडेय, प्रवक्ता गोविंद सिंह, हरि कुमार मिश्र के अलावा अन्य शिक्षकगण एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

## फार्मर रजिस्ट्री से किसानों को मिलेगा योजनाओं का लाभः एसडीएम

**कसया, कुशीनगर।** जिलाधिकारी कुशीनगर महेंद्र सिंह तंवर के निर्देश पर जनपद में फार्मर रजिस्ट्री का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। इसी क्रम में उप जिलाधिकारी कसया डॉ0 संतराज सिंह बघेल ने फाजिलनगर के सहज जन सेवा केंद्र केंद्र का निरीक्षण किया और किसानों के साथ बनवाने में क्या समस्या आ रही समस्याओं को लेकर चर्चा की और अति शीघ्र फार्मर रजिस्ट्री करा लेने की किसानों से अपील की एसडीएम कसया श्री बघेल ने विस्तार से बताया कि फार्मर आईडी क्या है तथा फार्मर आईडी बनवाने से किसानों को क्या-क्या लाभ मिलेगा। लाभ में किसान क्रेडिट कार्ड और अन्य बैंकिंग सहायता प्राप्त करना आसान हो जाता है, सरकारी खरीद केंद्रो पर फसल गेहूं धान आदि बेचने में आसानी और न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी का लाभ, खाद बीज और कृषि यंत्रों पर मिलने वाली सब्सिडी और अनुदान का लाभ, बार-बार जमीन के कागज या पहचान पत्र दिखाने की झंझट से मुक्ति मिल जाएगी। इस डिजिटल प्रणाली से बिचौलिए की भूमिका समाप्त हो जाती है और फर्जी किसानों पर रोक लगाती है जिससे योजना का लाभ वास्तविक किसानों को मिलता है। पीएम किसान सम्मान निधि फसल बीमा और अन्य सरकारी योजनाओं की राशि सीधे किसान के खाते में बिना किसी देरी से पहुंचती है। अधिकारी गांव - गांव जाकर चौपाल के माध्यम से किसानों की फार्मर रजिस्ट्री बनवा रहे हैं। इसी क्रम में राजस्व ग्राम भैंसहा के नौका टोला पुरवा में जन चौपाल में फार्मर रजिस्ट्री करवाई गई। चंद्रेश कुमार, दीनानाथ, बिरजा प्रसाद, रामरति, शहाबुद्दीन अंसारी, मनोज सिंह, बाबूलाल, मुन्ना प्रसाद, हैवंती देवी, राजपत तिवारी आदि मौजूद रहे। राजस्व निरीक्षक शिव मुरारी लाल श्रीवास्तव, पंचायत सहायक, कोटेदार मोती चंद्र गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## गो आश्रय स्थल के लिए समाजसेवियों ने दान किया 30 कुंतल भूसा



**देवरिया, ।** निराश्रित गोवंश के भरण-पोषण हेतु मंगलवार को मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) एवं उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) की अध्यक्षता में भूसा दान कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में जनपद के बिमल बंका, योगेश लोहिया, इन्द्रधर मणि त्रिपाठी एवं संजय पाठक ने कुल 30 कुंतल भूसा दान में दिया।दान में प्राप्त पूरे भूसे को बृहद गोसंरक्षण केन्द्र, सुकरौली विकास खंड देवरिया सदर में संरक्षित गोवंश के लिए भेज दिया गया है।अधिकारियों ने कहा कि गर्मी के मौसम में हरे चारे की कमी के कारण गोआश्रयों में भूसे की मांग बढ़ जाती है। ऐसे में समाजसेवियों का यह योगदान बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने जनपद के अन्य लोगों से भी अपील की कि गोवंश की सेवा के लिए आगे आएं और भूसा, चोकर या अन्य चारा दान करें।कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों ने दानदाताओं का आभार जताया और कहा कि प्रशासन और समाज के संयुक्त प्रयास से ही निराश्रित गोवंश का बेहतर संरक्षण संभव है।

## जनपदीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

**कुशीनगर।** मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आज जनपदीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक विकास भवन सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में पुलिस विभाग से ट्रैफिक इंस्पेक्टर, लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता, परिवहन विभाग से एआरटीओ, एनएचएआई से संबंधित अधिकारी, रोडवेज से एआरएम, चिकित्सा विभाग से डिप्टी सीएमओ, शिक्षा विभाग के अधिकारी तथा विभिन्न विद्यालयों के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।बैठक का प्रारंभ लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता श्री मुकेश वर्मा द्वारा किया गया। सभी विभागों द्वारा गत माह में की गई कार्यवाहियों की जानकारी पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत की गई।बैठक के दौरान 01.03.2026 को खड्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत सिसवा गोपाल (सिसई) रेगुलेटर के पास चैत्र रामनवमी के अवसर पर नहाने जा रहे श्रद्धालुओं से भरी ट्रॉली के बड़ी गंडक नहर में पलटने की घटना का उल्लेख किया गया, जिसमें लगभग 20 लोग घायल हुए तथा 03 व्यक्तियों की मृत्यु हुई। इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु आवश्यक सावधानियां अपनाने पर बल दिया गया। ट्रैफिक इंस्पेक्टर द्वारा अवगत कराया गया कि वाहन पार्किंग हेतु तीन स्थानों का चयन किया गया है, जिस पर समिति के निर्णय के अनुसार अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। एआरटीओ द्वारा निर्देशित किया गया कि समस्त विद्यालयों में प्रत्येक माह विद्यालय परिवहन यान सुरक्षा समिति की बैठक अनिवार्य रूप से आयोजित की जाए तथा मा० मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार एकीकृत विद्यालयी वाहन अनुश्रवण पोर्टल पर सभी विद्यालय अपने वाहनों का विवरण अपलोड करें। चिकित्सा विभाग के डिप्टी सीएमओ द्वारा बताया गया कि जनपद में एम्बुलेंस की पर्याप्त तैनाती कर दी गई है, जिससे दुर्घटना की स्थिति में त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

## संसाधनों के अभाव में बायोमैट्रिक व्यवस्था का विरोध, शिक्षकों की बैठक में बनी रणनीति



**देवरिया।** शहर के जिला पंचायत सभागार में मंगलवार को समाज कल्याण विभाग से अनुदानित प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का नेतृत्व शिक्षक कासिम खान और सर्वेश सिंह ने किया, जिसमें बायोमैट्रिक उपस्थिति प्रणाली से छूट दिए जाने और उससे जुड़ी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक को संबोधित करते हुए कासिम खान ने कहा कि शासन द्वारा बायोमैट्रिक उपस्थिति को अनिवार्य करना वर्तमान परिस्थितियों में व्यावहारिक नहीं है। उन्होंने बताया कि जनपद के अधिकांश विद्यालयों में बिजली, भवन और आवश्यक संसाधनों का अभाव है, ऐसे में डिजिटल उपस्थिति प्रणाली लागू करना शिक्षकों पर अनावश्यक दबाव डालना है। उन्होंने मांग की कि पहले आधारभूत सुविधाएं और प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जाए, उसके बाद ही इस व्यवस्था को लागू किया जाए।वहीं सर्वेश सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि बिना किसी पूर्व प्रशिक्षण और स्पष्ट दिशा-निर्देश के बायोमैट्रिक प्रणाली लागू कर दी गई है, जिससे शिक्षकों के सामने कई तरह की व्यावहारिक समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। उन्होंने बताया कि कई विद्यालय दूरदराज क्षेत्रों में संचालित हो रहे हैं, जहां बिजली तक उपलब्ध नहीं है। साथ ही निजी प्रबंधन इस व्यवस्था पर आने वाले खर्च को वहन करने के लिए तैयार नहीं है।बैठक में शिक्षकों ने छह सूत्रीय मांगों पर चर्चा करते हुए कहा कि अधिकांश विद्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) के नियंत्रण में संचालित हैं, जबकि कुछ विद्यालय निजी प्रबंधन के अधीन हैं, जहां संसाधनों की भारी कमी है। कई विद्यालयों में न तो बिजली कनेक्शन है और न ही भवन या चहारदीवारी की व्यवस्था। साथ ही बायोमैट्रिक प्रणाली लागू करने से पहले किसी प्रकार का प्रशिक्षण भी नहीं दिया गया है।शिक्षकों ने यह भी मुद्दा उठाया कि एकल शिक्षक वाले विद्यालयों में अवकाश स्वीकृति को लेकर कोई स्पष्ट व्यवस्था नहीं है। इसके अलावा, बायोमैट्रिक प्रणाली लागू करने के नियम-कानून को लेकर भी स्थिति स्पष्ट नहीं है, जबकि अचानक आदेश जारी कर दिए गए हैं।

अंत में शिक्षकों ने शासन से मांग की कि बायोमैट्रिक प्रणाली लागू करने से पहले आवश्यक संसाधन, प्रशिक्षण और निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही जब तक पूरी व्यवस्था लागू नहीं हो जाती, तब तक मई 2026 का वेतन न रोका जाए, ताकि शिक्षकों और उनके परिवारों का भरण-पोषण प्रभावित न हो।

बैठक में प्रमुख रूप से शिवदत्त दुबे, सत्य प्रकाश मिश्र, उदय प्रताप यादव, मनोज कुमार सिंह, संदीप सिंह, राजेंद्र कुमार, शिवचरण यादव, शैलेश द्विवेदी, ईश्वर चंद, गोरख सिंह, शिवानंद सिंह, रईस अली अंसारी, फुलेना प्रसाद, बृजेश कुमार सिंह, शिव कुमार पांडे, दिनेश कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह, रामनयन, रविंद्र यादव, उमेश यादव, विजय कुमार राय, अजय प्रताप शाही, इंद्रावती देवी, दिलीप कुमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

## युवती की सड़क हादसे में मौत, खुशियां मातम में बदलीं



**देवरिया।** एक दिल दहला देने वाली घटना में शादी के दिन ब्यूटी पार्लर जा रही एक युवती की सड़क हादसे में मौत हो गई। इस हादसे ने पूरे परिवार और गांव की खुशियों को पल भर में मातम में बदल दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, युवती की शादी उसी दिन निर्धारित थी और वह सुबह घर से तैयार होने के लिए ब्यूटी पार्लर जा रही थी। रास्ते में तेज रफ्तार वाहन ने उसकी गाड़ी को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि युवती गंभीर रूप से घायल हो गई।स्थानीय लोगों की मदद से उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। जिस घर में शादी की खुशियां गूंज रही थीं, वहां अचानक चीख-पुकार और मातम छा गया।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर है।ग्रामीणों और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। हर कोई इस दर्दनाक घटना से स्तब्ध है और यही कह रहा है कि किस्मत के आगे किसी का बस नहीं चलता।

## प्रदेश स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के विजेताओं को बीईओ ने किया सम्मानित



जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** प्रदेश स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रदेश स्तर पर परचम लहराने के लिए कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय कसया के बच्चों को स्थानीय ब्लाक संसाधन केंद्र पर्ाी कसया अशोक कुमार यादव द्वारा मासिक समीक्षा बैठक में सम्मानित किया गया ! विगत दिनों प्रदेश स्तर पर आयोजित बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में इस विद्यालय के बच्चों ने ताइक्वांडो की प्रतियोगिता में प्रदेश चैंपियन बन पूरे प्रदेश, मंडल गोरखपुर जनपद और ब्लाक कसया का नाम रौशन किया है। जिसमें समूह गान में सुन्दरमा, रेशमा, पलक, श्रेया, विनीता, अराध्या, अंजली, अंशिका ने मंडल स्तर पर और विनीता, मयंक, आनंद प्रजापति ने ताइक्वांडो में प्रदेश स्तर पर चैंपियन बन विद्यालय का नाम रौशन किया है।

बच्चों की प्रशिक्षक रश्मि जायसवाल को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ कसया के अध्यक्ष नागेन्द्र तिवारी, जिला उपाध्यक्ष अमिताभ त्रिपाठी, कार्यकारी अध्यक्ष राकेश मणि त्रिपाठी, मंत्री कृष्ण मोहन, हरेंद्र चौरसिया, कृष्ण कुमार सिंह, संगठन मंत्री प्रकाश सिंह, प्राथमिक संघ के अध्यक्ष सुरेश रावत, मंत्री नीरज श्रीवास्तव, जूनियर संघ के अध्यक्ष महेश रजक, जिला मंत्री छेदी प्रसाद आदि शिक्षक गण मौजूद रहे।

## लाभार्थियों को योजनाओं का मिला लाभ, चौपाल में समस्याओं का मौके पर समाधान



**देवरिया ।** विकास खंड पथरदेवा के ग्राम पंचायत मलघोट विरैचा में आयोजित ह्लग्राम चौपाल (गाँव की समस्या, गाँव में समाधान) कार्यक्रम में जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने जनसमस्याओं को सुनते हुए उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार गुप्ता, उप जिलाधिकारी सदर सीमा पांडेय, जिला विकास अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।चौपाल में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही योजनाओं का लाभ प्रदान करते हुए स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। जिलाधिकारी ने सभी स्टॉलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को जनहित में कार्यों को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

कार्यक्रम के दौरान गोदभराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम भी जिलाधिकारी द्वारा संपन्न कराया गया। साथ ही राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित पेंशन सहित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया।इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई, जिसे उपस्थित जनसमुदाय एवं अधिकारियों ने सराहा।जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित चौपाल कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान अब मौके पर ही सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ह्लगाँव की समस्या, गाँव में समाधानह्व के संकल्प के साथ विकास कार्यों को नई गति मिल रही है। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उनके त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे और विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर संतोष व्यक्त किया।

## योग शिविर का हुआ समापन



**कुशीनगर।** आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा कसया नगर के एक होटल में ग्रामीण आनंद उत्सव के तहत छः दिवसीय ₹ योग ध्यान, प्राणायाम₹ वेलनेस कोर्स का समापन स्वस्थ्य रहें, निरोग रहें के संकल्प के साथ हो गया।

आयोजित शिविर में योग प्रशिक्षिका किरन दीदी, डॉ साधना के निर्देशन में प्रतिदिन वैश्विक आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रवि शंकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम शुरू किया गया। शिविर में शिक्षकों और बच्चों को सुदर्शन क्रिया, योग, प्राणायाम की जानकारी दी गई और अभ्यास कराया गया। डॉ. साधना ने कहा कि योग अपनाएं और लोगों को प्रेरित करें। योग से काया निरोग रहती है और जीवन में आनंद की अनुभूति होती है।इस दौरान श्री श्री ज्ञानमंदिर के संचालित विद्यालय श्री श्री दुर्गा जी समाज कल्याण विद्यालय के प्रबंधक महेश प्रसाद, हरि यादव श्री श्री ज्ञान मंदिर, गौतम बुद्ध प्राथमिक विद्यालय परसौनी, राम जानकी प्रावि बाड़ीपुल सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक और छात्र - छात्राओं ने भाग लिया।

## कुशीनगर में शुरू हुई हिंदी वर्टिकल सीरीज चपरासी बना मुख्यमंत्री की शूटिंग, प्रवेश लाल यादव की है दमदार भूमिका

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर इन दिनों फिल्मी गतिविधियों का नया केंद्र बना हुआ है। रॉकेट रील्स और सुजॉय म्यूजिक के बैनर तले बन रही बहुप्रतीक्षित हिंदी वर्टिकल सीरीज चपरासी बना मुख्यमंत्री की शूटिंग का शुभारंभ कुशीनगर में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। स्थानीय परंपराओं के अनुरूप आयोजित इस शुभारंभ समारोह में फिल्म जगत

- किरदार में चपरासी की सादगी और मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी को निभाना बेहद रोचक और चुनौतीपूर्ण है

से जुड़े कलाकारों के साथ कई स्थानीय गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।निर्माता शुभम सिंह की इस नई प्रस्तुति को रॉकेट रील्स की महत्वाकांक्षी वर्टिकल सीरीज के रूप में देखा जा रहा है। सामाजिक और राजनीतिक पृष्ठभूमि पर आधारित यह सीरीज अपनी अनोखी कहानी और सशक्त प्रस्तुति को लेकर पहले से ही चर्चा में है। सीरीज में भोजपुरी सिनेमा के लोकप्रिय अभिनेता प्रवेश लाल यादव मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। वे एक ऐसे किरदार को जीवंत करेंगे, जो एक साधारण चपरासी से मुख्यमंत्री तक का सफर तय करता है।

इस चुनौतीपूर्ण और प्रभावशाली भूमिका को लेकर दर्शकों में खास उत्सुकता है।सीरीज का निर्देशन बिभांशु तिवारी कर रहे हैं, जो अपनी संवेदनशील और यथार्थवादी फिल्म निर्माण शैली के लिए पहचाने जाते हैं। उनका कहना है कि कुशीनगर के वास्तविक लोकेशनों पर शूटिंग करने से कहानी में स्वाभाविकता और जीवंतता आएगी। लेखक नंदू निमोर्ही ने पटकथा को समकालीन सामाजिक और राजनीतिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया है, जबकि अखिलेश राय इस परियोजना के कार्यकारी निमार्ता (ईपी) हैं। सीरीज में प्रवेश लाल यादव के साथ रीना रानी, बालेश्वर सिंह, मनोज द्विवेदी, साहिल सिद्धिकी, सीपी भट्ट, रविराज दीपू, टी.एन. त्रिपाठी, जितेंद्र सिंह जीतू, मंतोष सिंह, आर.के. भट्ट, डी.के. पांडेय, आफताब आलम, भारत सिंह, राकेश सिंह सिंघम, लाडो परी, सबिता और कमला चौरसिया सहित कई कलाकार महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे।

प्रवेश लाल यादव ने इस प्रोजेक्ट को लेकर उत्साह जताते हुए कहा कि यह भूमिका उनके लिए किसी परीक्षा से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि एक ही किरदार में चपरासी की सादगी और मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी को निभाना बेहद रोचक और चुनौतीपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा कि कुशीनगर की मिट्टी में एक अलग ऊर्जा है, जो कलाकारों को बेहतर काम करने के लिए प्रेरित करती है। कुशीनगर की धरती पर शुरू हुई यह शूटिंग न केवल क्षेत्र के सांस्कृतिक महत्व को नई पहचान दे रही है, बल्कि स्थानीय स्तर पर फिल्म निर्माण और कलात्मक गतिविधियों को भी नया आयाम देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## अरविंद ने गन्ने में भिण्डी की सह फसली खेती से लिखी आर्थिक समृद्धि की कहानी

जिला संवाददाता



**कुशीनगर।** कसया तहसील अंतर्गत आदर्श गन्ना ग्राम बकनहा के किसान अरविन्द कुशवाहा पुत्र पुजारी कुशवाहा गन्ने के साथ भिंडी की सह फसली खेती कर आर्थिक समृद्धि की कहानी लिख दी है। वह प्रतिदिन हजारों कमा रहे हैं और उसी बलपर अपने बच्चों को पढ़ा रहे हैं।

ग्राम निवासी अरविंद ने 15 कट्ठा (60 डिसमिल) खेत में ट्रेंच विधि से

- गन्ने के साथ सह फसली खेती से किसान होंगे खुशहालः ओमप्रकाश गुप्ता

फरवरी माह में गन्ना बोया। उसमें भिण्डी, गन्ने की दो पंक्ति के बीच भिण्डी की एक लाइन बुवाई किया। अब प्रतिदिन 3 हजार से 35 सौ रुपये का भिण्डी बाड़ीपुल और अहिरौली बाजार में बेच रहे है।

गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केन्द्र-पिपराइच गोरखपुर के पूर्व सहायक निदेशक, गन्ना विकास सलाहकार ओम प्रकाश गुप्ता ने कहा कि गन्ने के साथ सह फसली खेती से किसान होंगे खुशहाल। उन्होंने अरविन्द के खेत पर गन्ने के साथ भिण्डी की सहफसली खेती देखी। किसान ने श्री गुप्ता को बताया कि गन्ना प्रजाति को-0118 है। फरवरी के दूसरे सप्ताह में भिण्डी की प्रजाति 'नव्या' और 'राधिका' बोया। बोने के 35 से 40 दिन पर भिण्डी निकलना प्रारम्भ हुआ। रोज 50 से 60 किग्रा निकलता है जो 40 से 50 रुपया प्रति रुपया किलो बिक जाता है।

पुजारी कुशवाहा ने खेत में फूलगोभी दिखाया। अरविन्द कुशवाहा ने बताया कि सब्जी की खेती करके अपने लड़के को कसया' में अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाता हूँ और लड़की को नीट की कोचिंग कराता हूँ। माता - पिता और मैं प्रतिदिन सब्जी की खेती में काम करते है भिण्डी, प्याज, फूलगोभी, सेम बेचता हूँ। परिवार खुशहाल है। पूर्व सहायक निदेशक ने किसान घनश्याम कुशवाहा का गन्ना बुवाई का खेत देखा, गन्ना बोने का यंत्र देखा, गन्ने में खरपतवार नियंत्रण के उपाय बताए। नरेन्द्र कुशवाहा ने अपना मुर्गीपालन दिखाया। गन्ने की वैज्ञानिक खेती से गाँव में खुशहाली है। ओम प्रकाश गुप्ता द्वारा किसानों को अधिक उपज लेने के लिए नवीनतम तकनीकी जानकारी समय समय पर देते रहते हैं।

## पिता की गोद बनी नवजात के जीवन की ढाल



**बहराइच, ।** बलहा ब्लॉक के मथुरा गांव में एक पिता ने अपने नवजात बेटे को बचाने के लिए परंपरागत सोच से आगे बढ़कर मिसाल पेश की। पेशे से राजगीर मिस्त्री राजेश ने 25 दिनों तक रोज 8द्द10 घंटे बच्चे को सीने से लगाकर कंगारू मदर केयर (केएमसी) दीकृऔर वही गोद उसके जीवन की ढाल बन गई।सीएचसी नानपारा में बीते 30 सितंबर को मात्र 2000 ग्राम वजन के साथ जन्मे शिशु को सांस की समस्या के कारण एसएनसीयू रेफर किया गया, लेकिन परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए। चार दिनों में करीब 42 हजार रुपये खर्च हुए, फिर भी अपेक्षित सुधार नहीं हुआ और वजन घटकर 1900 ग्राम रह गया।घर लौटने पर आशा कार्यकर्ता कमला देवी ने गृह भ्रमण के दौरान परिवार को केएमसी अपनाने की सलाह दी। मां सुनीता को कान दर्द और बुखार होने के कारण पिता राजेश ने यह जिम्मेदारी संभाली और 25 दिनों तक रोज 8द्द10 घंटे बच्चे को सीने से लगाए रखा।

इसका असर यह हुआ कि शिशु का वजन 1900 ग्राम से बढ़कर 2900 ग्राम हो गया। राजेश कहते हैं यह बिना खर्च का आसान और प्रभावी तरीका है, जिसमें सिर्फ समय और लगन की जरूरत होती है।सुनीता बताती हैं कि शुरूआत में उन्हें भरोसा नहीं था, लेकिन सुधार देखकर उनका विश्वास बढ़ा और अब वे अन्य महिलाओं को भी इसके फायदे बता रही हैं।कम वजन एक गंभीर चुनौती- एसएनसीयू इंचार्ज डॉ. अली के अनुसार प्रदेश में हर 1000 में से करीब 43 नवजात जीवित नहीं रह पाते, जिनका प्रमुख कारण समय से पहले जन्म और जन्म के समय 2500 ग्राम से कम वजन है। हर साल बड़ी संख्या में ऐसे शिशु जन्म लेते हैं, जिनकी लंबे समय तक अस्पताल में देखभाल संभव नहीं हो पाती।

# आप आदमी पार्टी में टूट

आम आदमी पार्टी का संकट जितना दिख रहा है, उससे कहीं अधिक बड़ा है। दरअसल पार्टी कार्यकर्ता, नेता और सांसद -विधायक किसी खास विचारधारा से बंधे तो हैं नहीं। ज्यादातर भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन के कारण जुड़े थे। इसलिए जब आम आदमी पार्टी की छवि भी बहुत साफ-सुथरी नहीं बची है, तो ऐसे लोग पार्टी में घुटन महसूस कर रहे हैं। इसलिए मजबूत ठौर की तलाश में हैं। वैसे भी आम आदमी पार्टी के ज्यादातर नेता और कार्यकर्ता वैचारिक रूप से आम आदमी के बजाय भाजपा के ज्यादा करीब हैं। इसलिए आप से निकलने के बाद भाजपा उनकी स्वाभाविक पसंद बन रही है। अभी तो आम आदमी पार्टी ( आप ) के 7 राज्यसभा सांसदों ने दलबदल किया है और भाजपा के पाले में चले गए हैं। पंजाब के 50-60 विधायक भी पार्टी नेतृत्व से नाराज और असंतुष्ट हैं। वे आप की बिखरती ईकाई हैं। रिपोर्ट तो ये भी है कि भाजपा आप के 3 लोकसभा सांसदों को भी तोड़ने के मिशन में जुट गई है। यह कोई सामान्य दलबदल अथवा राजनीतिक टूट, बिखरन नहीं है। बेहद अहम राजनीतिक घटना है, जो कमोबेश आम आदमी पार्टी की संभावनाओं और भविष्य को बदल सकती है। इस बगावत ने पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल के दावों को भी गलत साबित कर दिया है। केजरीवाल मात्र दो साल के लिए संयोजक बने थे, लेकिन 2018 में पार्टी संविधान में संशोधन कराया गया। अब केजरीवाल हमेशा के लिए पार्टी के आलाकमान हो गये हैं। आप 14 साल पुरानी पार्टी हो गई है। कार्यकर्ताओं और नेताओं के एक गुट को आलाकमान संस्कृति पसंद नहीं है, नतीजतन बिखराव और टूटन शाश्वत हो गई है। केजरीवाल कहा करते थे कि ह्यआपह्न के कार्यकर्ता और नेता इतने मजबूत हैं कि उन्हें कोई भी लालच, पैसा, पद या जांच एजेंसियों का दबाव तोड़ नहीं सकता। उन्हें ऐसे साथियों पर गर्व और गुमान है।



**आम आदमी पार्टी के सांसदों का टूटना इस बात का संकेत है कि केजरीवाल का सियासी करिश्मा अब खत्म हो रहा है।**

राज्यसभा सांसदों की टूट और उनके भाजपा में शामिल होने की घटना ने तमाम धारणाएं खंडित की हैं और सवाल उठाए हैं कि आखिर राघव चड्ढा और संजीव पाठक ने बगावत क्यों की? राघव पेशेवर चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं और संजीव पाठक आईआईटी प्रोफेसर थे। वे तो केजरीवाल के सबसे प्रिय लोगों में से एक थे। उन्हें केजरीवाल ही राजनीति में लाये और संसद के सर्वोच्च सदन तक पहुंचने का मौका दिया। कमोबेश इन दोनों आप नेताओं का अलग होना और अंततः भाजपा में शामिल होना बहुत बड़ा आश्चर्य है। केजरीवाल को आत्ममंथन, आत्मचिंतन करना चाहिए कि ऐसे लोग पार्टी क्यों छोड़ रहे हैं? इन दोनों नेताओं पर किसी 'दागदार मामले' की छाया नहीं थी, जो सीबीआई या ईडी की जांच का डर, खौफ हो। शेष सांसद या तो उद्योगपति हैं अथवा हरभजन की तरह पेशेवर हैं। अशोक मित्तल को तो इसी माह राज्यसभा में आप संसदीय दल का उपनेता बनाया गया था। 15 अप्रैल को ईडी ने उनकी 'लवली यूनिवर्सिटी' और अन्य ठिकानों पर छापेमारी की और 24 अप्रैल को वह टूट कर भाजपा की गोद में आ गये। मित्तल यूनिवर्सिटी के चांसलर भी हैं। साफ है कि जांच एजेंसियों की जांच का खौफ अपना काम जरूर करता है, लिहाजा नेतागण दलबदल करने को विवश होते हैं। बहरहाल इस टूटन के अंतिम फलितार्थ ऐसे हो सकते हैं कि आप राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा खो सकती है। सबसे अहम संकट और चुनौती पंजाब में है, क्योंकि वहां विधानसभा चुनाव फरवरी, 2027 में होने हैं। बेशक विधायकों के टूटने की आशंका तो है, लिहाजा मुख्यमंत्री भगवंत मान ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात का समय मांगा है और पार्टी में इस तरह के असंतोष को थामने के लिए बड़ी बैठक भी बुलाई है। भगवंत मान ने राष्ट्रपति से समय इसलिए मांगा है ताकि वे पंजाब विधायकों के वोट से जो राज्यसभा सांसद चुने गये थे, उन्हें अयोग्य करारा देने के मुद्दे को राष्ट्रपति के समक्ष उठाया जा सके। सवाल है कि राष्ट्रपति किसी भी सांसद को अयोग्य कैसे घोषित कर सकते हैं? यह संवैधानिक अधिकार उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा सभापति को ही है, जिसकी अपनी एक प्रक्रिया है। वैसे यह इतना आसान नहीं है, क्योंकि भाजपा ने तमाम औपचारिकताएं पहले ही पूरी करवा रखी हैं। इस दलबदल से राज्यसभा में भाजपा के 113 सदस्य हो जाएंगे।

# ट्रंप के खिलाफ यूएस में बढ़ रहा है आक्रोश

डॉ. अनिता राठौर

**राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जिस तरीके से अपनी मनमानी से पूरी दुनिया की जमीन आसमान एक कर रखी है, उसके चलते लगता है अब दुनिया के दूसरे देशों की तो बात छोड़िए, खुद उनके अपने नागरिक भी इस सबसे बहुत परेशान हो चुके हैं और उनकी परेशानी या उनका फ्रस्टेशन अब खूनी प्रतिरोध के रूप में भी उभरकर सामने आ रहा है।**



हाल के कुछ महीनों में भले अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दर्जनों बार यह कहते सुने गये हों कि वह ईरान को मिट्टी में मिला देंगे या कि मिट्टी में मिला दिया है अथवा यूरोप की हमें कोई जरूरत नहीं है, नाटो के देश कायर हैं, ग्रीनलैंड हमारा जब मन होगा जैसे मन होगा ले लेंगे, कनाडा अमरीका का 51वां प्रांत है या वेनेजुएला के बाद अब क्यूबा की बारी है। अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप ने हाल के महीनों में जितना कुछ बुरा बोल सकते हैं, जितनी दुनिया की ऐसी-तैसी कर सकते हैं, सब कर लिया है। लेकिन जिस तरह अमरीकी समय के मुताबिक शनिवार की देर शाम और भारतीय समय के मुताबिक इतवार को सुबह 6 बजे हिल्टन होटल में एक हमलावार गोलियां बरसाता हुआ उनसे 45 मीटर दूर तक पहुंच गया। उससे साबित होता है कि दुनिया ही नहीं, खुद अमरीका में भी अब लोग उनकी परवाह ही नहीं करते और किसी भी कीमत पर उनकी दादागिरी वाले रवैय्ये के विरूद्ध प्रतिरोध जताना चाहते हैं। होटल हिल्टन में जब शनिवार की शाम अमरीकी राष्ट्रपति व्हाइट हाउस कवर करने वाले देसी-विदेशी पत्रकारों के साथ डिनर पार्टी कर रहे थे, तभी 45 मीटर दूर मेटल डिटेक्टर प्वांइट तक एक 31 वर्षीय हमलावार जो कि कैलिफोर्निया का निवासी कोल थॉमस एलन 8 राउंड गोलियां बरसाते हुए, उनके करीब बढ़ रहा था, जिससे साबित हो गया है कि दुनिया की अकेली महाशक्ति का तमगा लेकर घूमने वाले प्रेसीडेंट ट्रंप भी उतनी ही असुरक्षित हैं, जितना दुनिया का कोई भी राजनेता।

भले अमरीकी खुफिया तंत्र और सुरक्षा एजेंसियों को दुनिया की कितनी ही स्मार्ट एजेंसियां क्यों न माना जाता हो, लेकिन जिस हमलवार एलन ने गोलिया बरसाते हुए, राष्ट्रपति ट्रंप के नजदीक पहुंच गया था, उसने 10 मिनट पहले ही इस किये जाने वाले हमले का खुलासा कर दिया था। उसने अपने घर को मैसेज भेजकर यह कहा था कि ट्रंप गद्दार है, रेपिस्ट है, मैं उसे और उसके कैबिनेट को नहीं छोड़ूंगा। यह कह करके 2017 में कैलिफोर्नियां इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल से मैकेनिकल इंजीनियर की डिग्री हासिल करने वाला और कोचिंग इंस्टीट्यूट सी-2 में दिसंबर 2024 में 'टीचर ऑफ द मंथ' का अवार्ड पाने वाला 31 वर्षीय एलन गन लेकर जाता है और उसी जगह बेखौफ अनहोनी लगभग कर ही डाली थी, जहां 45 साल पहले तत्कालीन राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन पर जानलेवा हमला हुआ था। 30 मार्च 1981 को उन पर 6 गोलियां चलायी गई थीं, पर वह बच गये थे। लेकिन उनके सेक्रेट्री भी बच तो गये थे, पर ताउम्र के लिए अपाहिज हो गये थे। उसी जगह अगर जरा सा चूक हो जाती या सीक्रेट सर्विस के एजेंट अपनी जान पर खेलकर इस अनहोनी को टाला नहीं गया होता, तो पता नहीं इस समय क्या से क्या लिखने की जरूरत पड़ रही होती?

## ट्रंप की पार्टी में गोलीबारी

बहरहाल कोई भी तात्कालिक घटना बिल्कुल तात्कालिक कारणों के नहीं होती। इसे कई महीनों से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जिस तरीके से अपनी मनमानी से पूरी दुनिया की जमीन आसमान एक कर रखी है, उसके चलते लगता है अब दुनिया के दूसरे देशों की तो बात छोड़िये, खुद उनके अपने नागरिक भी इस सबसे बहुत परेशान हो चुके हैं और उनकी परेशानी या उनका फ्रस्टेशशन अब खूनी प्रतिरोध के रूप में भी उभरकर सामने आ रहा है। जिस तरह हाल के महीनों में अमरीका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का विरोध हो रहा है और इजरायल में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ लोग सारे डर को एक तरफ रखकर, सड़कों पर उतर आये हैं, उससे साफ लगता है कि इन देशों के शीर्ष नेतृत्व की आक्रामक विदेश नीति, अब इन्हीं के लोगों के बीच ही 'बूमरैंग' बनकर अपने समाज को प्रभावित कर रही है। यह अमरीकी राष्ट्रपति की मनमानी ही है कि लोगों में अब उन्हें लेकर एक खास तरह की व्यक्तिगत कट्टरता, मानसिक अस्थिरता और सामाजिक ध्रुवीकरण की स्थिति बन रही है और इसके कारण भी हैं। ट्रंप जैसे विभाजनकारी स्वाभाव वाले राजनेता शायद ही हाल के दशकों में कभी अमरीका में देखे गये हों। एक तरफ वह आव्रजन नीति पर पूरी दुनिया को रह-रहकर अपमानित कर रहे हैं, दूसरी तरफ 'अमेरिका फर्स्ट' के अपने घोषित नारे के चलते अमरीका में रह रहे प्रवासियों का अपमान कर रहे हैं, साथ ही उनकी खिल्ली उड़ा रहे हैं और व्यापक अमरीकी समाज द्वारा ईरान हमले के विरोध के बावजूद अपनी ईरान नीति को बरकरार रखे हुए हैं। इससे साफ लगता है कि अब दुनिया के दूसरे देशों को तो छोड़िये खुद अमरीका के भीतर लोग उनके विरूद्ध असंतोष से भर गये हैं और अपनी जान हथेली पर लेकर अपनी तरह से इसका विरोध करने के लिए सामने आ रहे हैं। 25 अप्रैल की रात 31 वर्षीय इंजीनियर एलन ने जिस तरीके से अपनी जान की परवाह न करते हुए, इतना बड़ा कदम उठाया, उससे साफ है कि लोग किसी भी कीमत पर अपने विरोध को दर्ज कराना चाहते हैं। वह सिर्फ अमरीका में प्रेसीडेंट ट्रंप के विरोध की बात नहीं है, इजरायल में भी यही सब हो रहा है। इजरायल में लाखों लोग प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की आलोचना कर रहे हैं और खुलेआम उनके लगातार देश को युद्ध में झोके रहने की नीति के विरूद्ध सड़कों में उतर आये हैं। पहले लगातार गाजा के खिलाफ उनका यह युद्ध उन्माद जारी रहा और अब ईरान के विरूद्ध भी वह इसी नक्श-ए-कदम पर आगे बढ़ रहे हैं। इस बात से इजरायल के लोग लगातार परेशान हैं, वह भी दुनिया के दूसरे देशों की तरह सुकून की जिंदगी जीना चाहते हैं। इसलिए यह सोचने की बात है कि आखिर अमेरिका और इजरायल के ताकतवर होने के बावजूद उनके अपने ही लोग अपने आक्रामक शासनाध्यक्षों के विरूद्ध क्यों सड़क पर उतर आए हैं? निश्चित रूप से चाहे अमरीका के लोग हों या इजरायल के ये अपने वर्तमान शासकों की नीतियों से न सिर्फ असहमत हैं बल्कि अब परेशान हो चुके हैं। यह अलग बात है कि अमरीका और इजरायल में दोनो ही जगह ट्रंप और नेतन्याह के एक बड़ी संख्या में समर्थक भी हैं, लेकिन समर्थकों से कई गुना ज्यादा ध्यान खींचने वाले विरोधी होते हैं। क्योंकि अपने देश की आक्रामक नीतियों का समर्थक तो कोई भी हो सकता है, चाहे उसकी कोई राजनीतिक सोच हो या न हो। लेकिन जो भी नागरिक अपने देश की आक्रामकता के विरूद्ध खुद मोर्चा लेने के लिए मजबूर होता है, उसका अलग ही महत्व होता है।

दरअसल ये विरोधी सिर्फ अपनी परेशानियों की फिक्र न करते हुए, इसकी हिम्मत जुटा रहे हैं बल्कि यह दूरगामी सोच रहे हैं। ईरान को मटियामेट करके हो सकता है अमरीका अपनी ताकत को और ज्यादा ताकतवर होने के रूप में दुनिया से स्वीकार पा ले या हो सकता है अमरीका की आक्रामकता के कारण दुनिया के और भी कई देश अमरीका से डरने लगें। लेकिन जो अमरीकी लोग खुद इस आक्रामकता का विरोध कर रहे हैं, वो इस बात को बेहतर ढंग से जानते हैं कि अमरीका की ताकत की इस स्वीकारोक्ति के बाद उनकी शान में कोई कशीदा नहीं काढ़ा जायेगा बल्कि उनके लोकतांत्रिक भविष्य पर ही एक बड़ा प्रश्नचिन्ह लग सकता है। जब अमरीकी राष्ट्रपति अपनी दबंगई से जो मन आये बाहर करते रहेंगे, तो इस बात की क्या गारंटी है कि कल को खुद अपने नागरिकों के विरूद्ध इस आक्रामकता को नहीं आजमाएंगे। आम अमरीकी इस बात को बेहतर ढंग से जानते हैं कि शासकों का बेलगाम होना, अंततः उनके लोकतांत्रिक भविष्य पर ही लगाम लगायेगा। शायद यही कारण है कि दुनिया में भले अमरीका अपनी धाक जमा रहा हो, लेकिन उसका यह आक्रामक रवैय्या खुद अपने देश में बूमरैंग कर रहा है।

## सोशल मीडिया

बंगाल के दिल में काबा नहीं, मां काली हैं, इसका अहसास कराने का आ गया है समय। सुशासन, विकास की पर्याय भाजपा को आशीर्वाद देने हेतु राजारहाट की जनता का आभार। सीएम योगी.




पश्चिम बंगाल में भाजपा ने ऑब्जर्वर के नाम पर रामपुर और संभल में टेस्ट किये हुए अपने एजेंट भेजे हैं। लेकिन इनसे कुछ होने वाला नहीं है। दीदी हैं, दीदी रहेंगे। अखिलेश यादव



बंगाल में एसआईआर मतदाता सूची का सुधार नहीं भाजपा की सियासी समस्याओं का समाधान है, लोकतंत्र की बुनियाद है कि वोटर तय करेगा सरकार किस तरह की होगी। योगेन्द्र यादव.



# अब क्या कर रही आधुनिक दौर की सुरैया 'वसुंधरा दास'



बॉलीवुड

कैलाश सिंह

हाल ही में एक पार्टी के दौरान जब मैंने 'वेयर्स द पार्टी टूनाईट' गीत सुना तो मैंने इस गीत की गायिका को एकदम पहचान लिया। लेकिन साथ ही मुझे ख्याल आया कि इस गायिका के बारे में वर्षों से कोई जानकारी सामने नहीं आयी है और न ही इसकी आवाज में कोई नया गाना किसी फिल्म में सुनने को मिला है, जबकि 2000 के दशक में इस गायिका के गाने हर जगह बज रहे थे, पार्टियों में, रूह को सुकून पहुंचाते हुए एकांत की घड़ियों में और दोस्तों के साथ लांग ड्राइव पर जाते हुए कार स्टीरियो पर। इसके बावजूद वह जिस तेजी से शुहरत की बुलंदियों पर पहुंची थी, उतनी ही तेजी से गायब भी हो गई और उसके फैन यह सोचते रह गये कि उसकी खामोश विदाई क्योंकर हुई। अब तो आप समझ ही गये होंगे कि मैं किसकी बात कर रहा हूं।

जी, वसुंधरा दास की, जो बंग्लुरु में रहने वाली हिंदुस्तानी क्लासिकल गायिका हैं, जिन्होंने दोनों संगीत व फिल्मों में अपनी प्रभावी गायकी व शानदार अभिनय से अपने लिए हिंदी, मलयालम, तमिल आदि फिल्मों में सशक्त पहचान बनायी थी। वसुंधरा ने जब तमिल फिल्म 'मुधाल्वन' के लिए एआर रहमान के संगीत निर्देशन में शाकालाका बेबी गीत गाया तो वो रातोंरात संगीत प्रेमियों के दिलों पर छा गईं क्योंकि यह गीत न सिर्फ जबरदस्त हिट हुआ बल्कि 2001 में उन्हें सर्वश्रेष्ठ प्लेबैक गायिका (तमिल) का फिल्मफेयर अवार्ड भी मिला। नतीजतन उनका प्लेबैक करियर परवान चढ़ने लगा। यह जल्द ही जाहिर हो गया कि वसुंधरा हर किस्म के गीत गाने में निपुण हैं, जैसे 'ओ रे छोरी', जोकि रहमान का ही कम्पोजीशन था, जिससे उनकी रेंज सबको मालूम हो गई। फिर उन्होंने शंकर-एहसान-लॉय के साथ ब्लॉकबस्टर ट्रैक दिये जैसे 'वेयर्स द पार्टी टूनाईट' (कभी अलविदा न कहना) और 'इट्स द टाइम टू डिस्को' (कल हो न हो)। यह दोनों ही फिल्में शाहरुख खान की थीं और यह गीत बॉलीवुड पॉप कल्चर का हिस्सा बन गये। वसुंधरा ने 2004 में फिल्मोद्योग में अपना स्थान अतिरिक्त मजबूत कर लिया 'चलें जैसे हवाएं' (मैं हूं न) जैसे जबरदस्त हिट गीतों से। उन्होंने अभिषेक बच्चन की फिल्म 'धूम' में 'सलामे' गीत के लिए भी अपनी आवाज दी और प्रीती जिंटा व सैफ अली खान की फिल्म 'सलाम नमस्ते' का टाइटल गीत भी गाया। 'जाने तू... या जाने न' फिल्म में वसुंधरा ने 'कहीं तो होगी वो' गीत गाया जिसे आज तक पसंद किया जाता है। अमिताभ बच्चन व रवीना टंडन की फिल्म 'अक्स' में उन्होंने सुखविंदर सिंह के साथ मिलकर 'रब्बा रब्बा' गीत भी गाया था। प्लेबैक गायकी के अतिरिक्त वसुंधरा ने अभिनय में भी अपना समानांतर करियर विकसित किया। उनकी डेब्यू फिल्म कमल हासन के साथ 'हे राम' थी। इसके बाद तो उनकी एक के बाद एक फिल्में आयीं, जैसे 'मानसून वेडिंग', 'कॉर्पोरेट', 'वज्रम', 'लंकेश पत्रिके', 'रावणप्रभु', 'सिटीजन', 'गौरी' आदि और उनको आधुनिक दौर की सुरैय्या समझा जाने लगा, जो दोनों गायन व अभिनय में माहिर व सफल थीं। मलयालम फिल्म 'रावणप्रभु' में वह मोहन लाल की हीरोइन थीं और तमिल फिल्म 'सिटीजन' में उनके हीरो अजित कुमार थे। कन्नड़ फिल्म 'लंकेश पत्रिके' में वह दर्शन के साथ थीं। मीरा नायर की अंतर्राष्ट्रीय फिल्म 'मानसून वेडिंग' का भी वसुंधरा हिस्सा थीं।

वसुंधरा को जबरदस्त कामयाबी मिली और वह आज भी अपने प्रशंसकों के जहन में हैं। इसलिए दो महत्वपूर्ण सवाल उठते हैं। एक, फिल्म दुनिया से वह अचानक गायब क्यों हो गईं? दूसरा यह कि क्या वह फिल्मी दुनिया में पुनः वापसी पर विचार कर रही हैं? वह इस बात को तो स्वीकार करती है कि एक समय में सिनेमा उनके जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा था, लेकिन अब वह अपनी जिंदगी के अलग चरण में हैं, नई राहों पर चल रही हैं। उन्हें कोई खेद नहीं है कि अपने करियर के चरम पर वह प्रतिस्पर्धा से हट गईं और साथ ही उन्हें अब उस संसार में लौटने की चाहत भी नहीं है। वह आज जिस राह पर चल रही हैं उस पर ही फोकस किये हुए हैं। साल 2013 में वसुंधरा ने बंग्लुरु के एमजी रोड मेट्रो स्टेशन पर कम्युनिटी ड्रमजैम स्थापित किया अपने पति के साथ। यह एक संगीत पहल है। वह स्कूलों में संगीत सत्रों का आयोजन करती हैं। उन बच्चों के लिए भी जो खतरे में हैं, बुजुर्ग जिनको डेमेंशिया है व लाइलाज कैंसर रोगियों के लिए भी। वसुंधरा का फोकस अब म्यूजिक थैरेपी और ध्वनि उपचार पर है।

# भारतीय दर्शन

अंतर्दृष्टि

साधना उपासना की महान महत्ता का यह प्रतिपादल भरतीय दर्शन और योग शास्त्रों में पग-पग पर मिलता है। इतने पर भी यह देखा गया है कि कई बार विधि विधान का पालन करते हुए भी लोग साधना उपासना के वह लाभ प्राप्त नहीं कर पाते जिनका इस तरह उल्लेख मिलता है। उसका कारण होता है वातावरण का प्रभाव। यह सच है कि अनेक प्राणवान व्यक्ति अपनी तप साधना और संकल्प शक्ति से वातावरण को भी बदल डालते हैं। किन्तु सच यह भी है कि मनुष्य के विकास में वातावरण का प्रभाव बहुत अधिक मात्रा में होता है। साधना उपासना चूंकि व्यक्ति के संस्कारों से संबंध रखती है और प्रत्येक वातावरण अच्छे बुरे संस्कार समाहित रखता है अतएव उच्चस्तरीय साधनाओं में तो स्थान और वातावरण का महत्व निश्चित ही बहुत अधिक होना चाहिए। वातावरण के प्रभाव की सशक्तता का परिचय देने वाले कितने ही विधेयात्मक एवं निषेधात्मक कथा प्रसंग इतिहास में मिलते हैं। इतिहास की प्रसिद्ध घटना है कि जब कौरव पाण्डवों के युद्ध के लिए स्थान चयन की बात आई तो श्रीकृष्ण ने एक विशेष दूत नियुक्त किया, उसने सर्वत्र युद्ध स्थल की छानबीन की। कुरुक्षेत्र में उसने परस्पर दो सगे भाइयों को युद्ध करते देखा। यह घटना उसने श्री कृष्ण को बताई। फलतः यह क्षेत्र युद्ध के लिए चुना गया। क्योंकि उन्हें संदेह था कि भावनाशील होने के कारण कहीं अर्जुन युद्ध का परित्याग न कर बैठें। श्रवण कुमार के बारे में भी ऐसी ही कथा प्रख्यात है। वह जब अपने माता-पिता को कांवर में लिए तीर्थाटन करा रहे थे, तो एक स्थान ऐसा जहां उसने न केवल कांवर पटक दी अपितु अपने माता-पिता को कटु शब्द भी कहे। उस देश से आगे निकल जाने के बाद उसे अपने कथन पर भारी पश्चाताप हुआ। इस पर उसके पिता ने सांत्वना देते हुए समझाया कि इसमें श्रवण का कोई दोष नहीं। यह स्थान मयदानव का था जिसने कभी अपने माता-पिता को यहीं बन्दी बनाकर मृत्यु के घाट उतार दिया था। कुंती के बारे में भी ऐसी ही घटना का उल्लेख पुराणों में मिलता है। भूमि के संस्कार एक तथ्य हैं, इसे कोई भी पवित्र जलाशयों, देवमंदिरों तथा शमशान घाट में जाकर स्वयं अनुभव कर सकता है। कुल्लू की मिट्टी सेवों के लिए प्रसिद्ध है। अच्छी से अच्छी खाद, जल और मौसम पाकर भी वैसे सेब आज तक अन्यत्र कहीं नहीं उगाये जा सके। नागपुर के संतरे और भुसावल के केले अन्यत्र नहीं मिलते। मुजफ्फरपुर लीचियों के लिए प्रसिद्ध है तो लखनऊ का मलीहाबाद जैसे स्वादिष्ट आम दूसरी जगह कम मिलते हैं। यह सब मिट्टी और वतावरण के गुणों के कारण ही होता है।

# अरे वाह! क्या खबर है

व्यंग्यलोक

टीआरपी की कसरत जारी है। खटाखट खबरें फेंकने का कार्यक्रम जारी है। खबरीलाल पुलिस कोर्ट कचहरी से लेकर स्वयं विधाता बना हुआ है। कल सबको खा जाऊंगा (केएसकेजे) न्यूज चैनल में सेठ जी खबरें चेप रहे हैं। चैनल चेयरमैन चंद्रप्रकाश चक्रम चौवन के पार छलांग लगा रहे हैं। सिर्फ बिजनेस मैन हैं। शुद्ध खांटी बिजनेसमैन! दारू के ठेके। जूतों के कारखाने। कई स्कूलों के मालिक और ना जाने कौन-कौन से बिजनेस! कभी ईडी-इनकम टैक्स, कभी सीबीआई, कभी पुलिस आदि के पूजा पाठ से परेशान होकर उन्होंने न्यूज चैनल के बिजनेस में अपनी टांग फंसा दी। खटाक टुडे- 'असली खबर है सिर्फ यहीं!' खबरों में खबर हो, खटाक खबरवा! अरे वाह वाह खबर वाह! उस दिन कोरोना महामारी पर वैश्विक चर्चा हो रही थी। इसी समय न्यूज चैनल 'खटाक टुडे' नागिन- 4 पर कोई प्रायोजित कार्यक्रम चला रहा था। कोई चैनल वीर क्रिकेट वर्ल्ड कप का रिकॉर्डेड प्रोग्राम दिखाने लगा और किसी ने बॉलीवुडीय फिल्मों के हीरो की प्रेम कथा पर वैश्विक मीटिंग प्रसारित करना ज्यादा अच्छा समझा। यह मीटिंग देश की सबसे संवेदनशील परिचर्चा है। ऐसी संवेदनशील प्रक्रिया में हर कोई न्यूज चैनल अपना माथा नहीं लगाता है। उसकी तुलना क्रिकेट, बरसात, राशिफल शो, अंक शास्त्र या उत्पादों की बिक्री दिखाने से करने का रिवाज है, ताकि चैनल अपना बिजनेस पीट सके। शिक्षा-स्वास्थ्य संबंधी खबरें प्रसारित करना निहायत पपलू टाइप की बातें है। चैनल 'खटाक टुडे' में तो ऐसी वाहियात खबरों को कोई जगह नहीं दी जाती है। सब अच्छे बुरे काम न्यूज चैनल के सहारे धड़ल्ले से होने लगे। बाकायदा लोग उन्हें बुद्धिजीवी मानने लगे। उनसे मौके-बेमोके फीता भी कटवाने लग गए। चैनल चेयरमैन ने मीटिंग में साफ कह दिया। रोकड़ा खींचने का कंप्लीट प्लान करना चाहिए। चैनल हेड हरिश्चंद्र को साफ बता दिया। तुम्हें कम से कम पांच मुख्यमंत्रियों को अपने कब्जे में रखना है। उनकी पार्टी, उनके अच्छे-बुरे सभी कामों आदि का उनके कहे अनुसार बुलेटिन प्रसारित करते रहना है। पचास शीर्ष अधिकारियों को अपनी मुट्ठी में रखना है। इन्हीं के मनमाफिक न्यूजें फेंकनी है। बदले में केस-काइंड, प्लॉट-जमीन, खान-पट्टा जो भी मिले उसे दोनों हाथों से झपटना है। किसी भी पार्टी के एजेंडे को ब्रॉडकास्ट करने में कोई हर्ज नहीं है। बस रोकड़ा चाहिए! टीआरपी की कसरत बाजी के लिए भूत, प्रेत, हत्या, सनसनी, बलात्कार जैसी घटनाओं को रीक्रिएट करके चलाते रहें। इसके लिए ऑफिस में सनसनी फैलाने वाला स्पेशल स्टूडियो भी बना दिया गया है। पुराना जमाना अब लद गया है।



रामविलास जॉगिड़

## विचार

मनुष्य का मूल्य उसके काम या कथन से नहीं, बल्कि वह जीवन में क्या बन रहा है इसे देखकर आंकना चाहिए।
–महर्षि अरविन्द.

इस सनातन नियम को याद रखो– यदि तुम प्राप्त करना चाहते हो तो अर्पित करना सीखो।
–सुभाष चन्द्र बोस.

आवश्यकताएं कम करें। आवश्यकताएं जितनी कम होंगी उतना ही अधिक सुख मिलेगा।
–स्वामी रामथीर्थ.

उद्योग तो मनुष्य को करना ही चाहिए। वह तो उसका कर्तव्य है। गाय न पालकर भी बिल्ली अपने उद्योग से नित्य दूध पीती है।
–संस्कृत लोकोक्ति.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग द्वेष शान्त नहीं होते, तब तक मनुष्य इंद्रियों का गुलाम बना रहता है।
–आचार्य विनोबा भावे.

## आपकी बात

### शहरीकरण से बढ़ेंगे अवसर

देश की आर्थिक प्रगति के लिए शहरों का हाईटेक और आधुनिक विकास बहुत जरूरी है। शहर आज अवसरों के हब बनकर उभरें हैं। इसलिए जैसे-जैसे शहर विकसित होंगे, उसी गति से अवसरों का विकास भी होगा। देश में स्मार्ट सिटी परियोजना कई वर्षों से चल रही है लेकिन उसमें कोई खास प्रगति देखने को नहीं मिल रही है। शहरों के बढ़ते आकार के मद्देनजर विकास प्राधिकरणों की स्थापना इस उद्देश्य से की गयी थी कि शहरों का नियोजित विकास हो ताकि बड़ी संख्या में लोगों को शहरों में घर मिल जाये और नागरिक सुविधाओं को भी बेहतर तरीके से प्रबंध किया जा सके। लेकिन स्थानीय निकायों एवं प्राधिकरणों की अकुशलता और भ्रष्ट कार्यप्रणाली के कारण शहरों के विकास का दायित्व प्रापर्टी डीलरों के जिम्मे आ गया और नागरिक सुविधाओं की जिम्मेदारी ठेकेदारों के पास पहुंच गयी है। उत्तर प्रदेश में करीब 78 फीसद से अधिक आबादी अभी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है, इसलिए भविष्य में शहरीकरण तेज होगा। शहरीकरण को अवसरों के रूप में देखना चाहिए और यहां होने वाले प्रत्येक निवेश को युवाओं के लिए रोजगार सृजन के तौर पर देखना चाहिए। क्योंकि शहरीकरण अवसरों का हब है और इस मौके को किसी भी तरह गंवाना नहीं चाहिए।

**राहुल विश्वकर्मा, लखनऊ.**

### स्टार्टअप इकोसिस्टम

तकनीकी प्रधान इस युग में स्टॉर्टअप कंपनियों ने लोगों के जीवन को आसान बनाने में महती भूमिका निभाई है। आज ये आम जनजीवन के लिए इतनी जरूरी हैं कि इनके विकास जीवन कठिन हो जायेगा। इसलिए सरकार को स्टॉर्टअप कंपिनयों की मदद करनी चाहिए ताकि वे डूबने न पायें। अगर स्टॉर्टअप फेल होते हैं, तो इससे लोगों का भरोसा कमजोर होगा और देश तेजी से आगे बढ़ रहे स्टॉर्टअप के सामने चुनौतियों बढ़ेंगी। स्टॉर्टअप के महत्व और भारत की आर्थिक प्रगति में इनकी भूमिका को देखते हुए सरकार ने स्टॉर्टअप नीति लागू की है। आईआईटी और अन्य तकनीकी संस्थानों में स्टॉर्टअप को मदद के लिए, प्रौद्योगिकी एवं वित्तीय सहायता के लिए योजनाएं शुरू की गयी हैं। इसका परिणाम आज देश को एक बेहतर स्टॉर्टअप इको-सिस्टम के रूप में मिल रहा है। प्रौद्योगिकी के सहारे आइडिया के बाजीगरों ने तमाम स्टॉर्टअप खड़े किये। इनसे करोड़ों को लोगों को रोजगार मिला है और भारत की आर्थिक प्रगति की कहानी लिखने में आज स्टॉर्टअप सबसे आगे हैं। लेकिन हाल के वर्षों में स्टॉर्टअप को लेकर अनेक चिंताएं भी पैदा हुई हैं। अचानक स्टॉर्टअप के लुप्त हो जाने, लंबे समय तक घाटे में रहने और आक्रामक विस्तार के लिए अत्यधिक कर्ज लेने के कारण कई बार स्टॉर्टअप मुसीबत में आये हैं। यह भी कि स्टॉर्टअप जब शुरू होते हैं, तो सरकार उनको कई तरह के नियमों-कानूनों एवं रेग्युलेटरी कंप्लायंस में राहत देती है ताकि ये अपनी ऊर्जा का उपयोग प्रगति के लिए कर सकें। लेकिन जब स्टॉर्टअप बड़े हो जाते हैं, बिलियन डॉलर जितनी बड़ी कंपनी बन जाते हैं तब भी अगर वे नियमों-कानूनों को मानने में कोताही करते हैं, तो यह ठीक नहीं है। इसलिए यह समय की जरूरत है कि सरकार भी स्टॉर्टअप फ्रेंडली नीति बनाये और उनको सहयोग करे ताकि वे नियमों-कानूनों एवं रेग्युलेटरी गाइडलाइन का न्यूनतम पालन सुनिश्चित करें। इससे उनको बंद करने की नौबत नहीं आयेगी। हाल के वर्षों में स्टॉर्टअप कंपनियों ने निवेशकों को भी नुकसान किया है, बैंकों को भी नुकसान पहुंचाया और कई बार खुद ही संकट में फंस गयीं। जब कोई बड़ी कंपनी फेल होती है तो सिर्फ उस कंपनी का ही नुकसान नहीं होता है बल्कि देश को भी नुकसान होता है। इसलिए देश में यह जरूरी है कि युवा उद्यमी बनें और सरकार बेहतर स्टार्टअम इकोसिस्टम विकसित करे।

**वीरेन्द्र कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## आंधी-तूफान से सोलर पैनल क्षतिग्रस्त, मूंग की सिंचाई ठप

**ललितपुर।** जनपद के मड़ावरा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पटना मड़ावरा में 27 अप्रैल 2026 को आए तेज आंधी-तूफान और गरज-चमक ने किसानों को भारी नुकसान पहुंचाया। अचानक आए तेज हवाओं के झोंकों और गडगड़ाहट के कारण कई किसानों के सोलर पैनल क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे सिंचाई व्यवस्था पूरी तरह बाधित हो गई है। जानकारी के अनुसार किसान मुन्ना पुत्र चंदू तथा भगवत पुत्र झगडू समेत कई किसानों के सोलर पंप सिस्टम तूफान की चपेट में आकर टूट गए। सोलर पैनल खराब होने से पंप बंद हो गए हैं, जिससे खेतों में खड़ी मूंग की फसल को समय पर पानी नहीं मिल पा रहा है। इससे फसल खराब होने का खतरा बढ़ गया है। पीड़ित किसानों का कहना है कि सोलर पंप ही उनकी सिंचाई का मुख्य साधन है, जिसके बंद हो जाने से वह असहाय हो गए हैं। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द नुकसान का सर्वे कर उचित मुआवजा प्रदान किया जाए तथा सोलर पैनलों की मरम्मत कराई जाए, ताकि फसलों को बचाया जा सके। ग्रामीणों ने प्रशासन से त्वरित राहत दिलाने की अपील की है, जिससे किसानों को इस संकट से उबारा जा सके।

## बालक की यमुना नदी में डूबने से मौत

**बांदा।** चिल्ला थाना क्षेत्र के सादीमदनपुर गांव के रहने वाले आठ वर्षीय मोहम्मद हसन पुत्र मोहम्मद इमरान ग्राम सादीमदनपुर थाना चिल्ला यमुना नदी शहीद बाबा के नीचे नहाने के लिए गए थे। जिसमें तीन बच्चे सही सलामत निकल आए लेकिन मोहम्मद हसन वही डूब गया। मृत बालक के शव की तलाश की जा रही है।

युवती ने फांसी लगाकर दी जान

बांदा। चिल्ला थाना क्षेत्र के चिल्ला कस्बे में 33 वर्षीय संध्या पत्नी धर्मेंद्र शुक्ला ने अपने घर के अंदर बने किचन में दुपट्टे से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बच्चे ने देखा तो परिजनो को बताया। मृतक संध्या के पति धर्मेंद्र ने चिल्ला थाने में तहरीर दी है। वहीं थाना प्रभारी अर्पित पांडे ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद विधिक कार्यवाही की जाएगी। फांसी लगाने का कारण अज्ञात है।

## शातिर भांजा मामा को कर रहा परेशान, पुलिस से शिकायत

**बांदा।** शहर के वरिष्ठ पत्रकार शिवकुमार राजपूत उर्फ बड़कू ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि भांजा सागर राजपूत उसके नाम का बेजा इस्तेमाल कर रहा है। उन्होंने कहा कि सागर अपराधिक घटनाओं में संलिप्त हैं। पकड़े जाने पर पुलिस के सामने उनका नाम बताकर धौंस झाड़ता है और दबाव बनाकर छूट जाता है। इतना ही नहीं वह अपने मामा के घर पर भी चोरी की घटना को अंजाम देने से भी बाज नहीं आया। कहा कि वह तरह तरह से परेशान करता है। पत्रकार ने भांजे की करतूतों से तंग आकर पुलिस से कार्रवाई करने की मांग की है।

## गोवंश के अवशेष मिलने से सनसनी

**फतेहपुर।** जिले के ग्राम सरायमीना थाना कोतवाली क्षेत्र के एक खेत में मध्य रात्रि को गोवंश के अवशेष पड़े मिलने की घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी है। गोमांस तस्करी या गौहत्या की आशंका जताई जा रही है, जिसके तुरंत बाद पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी।घटनास्थल पर त्वरित कार्रवाईप्राप्त सूचना के आधार पर थाना कोतवाली पुलिस की टीम ने मंगलवार मध्य रात्रि को घटनास्थल का मयफ्तशी निरीक्षण किया। अवशेषों को सैंपल करफॉरेंसिक जांच हेतु जिला पशु चिकित्सालय भेज दिया गया है। उ0नि0 संतोष कुमार शुक्ला की तहरीर पर थाना कोतवाली मेंमु0अ0स0-168/2026 के अंतर्गत अज्ञात लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया। पुलिस ने गोहत्या निषेध अधिनियम के तहत धाराएं भी जोड़ी हैं।टीम गठित, जल्द होगा खुलासाअपर पुलिस अधीक्षक फतेहपुर ने बताया कि घटना के अनावरण हेतु विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया है। सीसीटीवी फुटेज आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ और अन्य सुरागों के आधार पर अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी का भरोसा जताया। उन्होंने कहा गौवंश संरक्षण के प्रति प्रशासन सतर्क है। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा और कड़ी वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।यह घटना ग्रामीण इलाकों में गौवंश सुरक्षा को लेकर बढ़ती सतर्कता का संकेत दे रही है।

# बिजली आपूर्ति, विद्यालयों में रखा जाये ओआरएस घोल

जिला संवाददाता



**बांदा।** आयुक्त अजीत कुमार की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में मंडलीय विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में उन्होंने विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता को शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। बैठक में जल संस्थान के अधिशाषी अभियंता

- आयुक्त ने बैठक से गैरहाजिर अभियंता से मांगा जवाब

के अनुपस्थित रहने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। निर्देशित किया कि जल संस्थान एवं जल निगम नियमित जलापूर्ति करना सुनिश्चित करें। कालिंजर में खराब पानी की टंकी को ठीक कराये जाने एवं जलापूर्ति कराये जाने के निर्देश दिये। मुख्य विकास अधिकारियों को तत्काल खराब हैण्डपम्पों को ठीक कराये जाने के लिए निर्देशित किया। हीटवेब से बचाव को कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये। सभी पीएचसी, सीएचसी, विद्यालयों में ओआरएस घोल की उपलब्धता रखने के निर्देश दिये। जिन गांवों में जलापूर्ति नही हो पा रही है, वहां टैंकरों से पानी की उपलब्धता कराने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। निजी स्कूलों में बार-बार पाठ्यक्रम न बदले जाने एवं फीस वृद्धि नही किये जाने के आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। सभी चिकित्सालयों में पेयजल की समुचित व्यवस्था के साथ जनरेटर का उपयोग किये जाने के निर्देश दिये। जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत प्रसव के उपरान्त मरीज को 48 घण्टे बाद ही डिस्चार्ज किये जाने के निर्देश दिये। बीएचएनडी कैम्प नियमित रूप से आयोजित किये जाने तथा सभी गर्भवती महिलाओं की समस्त एएनसी की जांच कराये जाने के निर्देश दिये।

कम्पोजिट विद्यालयों के निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराये जाने को निर्देश दिए। अमृत सरोवर योजना में तालाबों में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित रखने के निर्देश दिये। जलजीवन मिशन के तहत तोडी गयी सडकों को तत्काल ठीक कराये जाने एवं गांवों में जलापूर्ति पूर्ण करने के निर्देश दिये। आवास योजना में विधवा, वृद्ध एवं दिव्यांगों को प्राथमिकता पर आवास दिलाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने आश्रम पद्धति विद्यालयों एवं दिव्यांग विद्यालयों का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। जननी सुरक्षा योजना में जनपद महोबा एवं बाँदा में प्रगति लाये जाने, आईडी बनाये जाने एवं 15वें वित्त आयोग के कार्यों में आपेक्षित प्रगति लाने के लिए जनपद चित्रकूट एवं महोबा के अधिकारियों को निर्देशित किया। आईसीडीएस योजना के अन्तर्गत चित्रकूट, महोबा, बाँदा में सुधार करने के निर्देश दिये।

सेतुओं के निर्माण कार्य में तेजी लाये जाने तथा सडक निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण कराये जाने के निर्देश लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिये। गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण कार्य में महोबा एवं चित्रकूट जनपद में प्रगति लाने के निर्देश दिये। उन्होंने निराश्रित गौवंशो को गौशालाओं में छाया, पानी, भूसा, चारे की समुचित व्यवस्था रखे जाने निर्देश दिये। उन्होंने आईजीआरएस के प्रकरणों का गुणवत्ता के साथ समय से निस्तारण किये जाने के निर्देश दिये। राजस्व वादों के निस्तारण में तेजी लाये जाने एवं पुराने वादों का निस्तारण शतप्रतिशत रूप से किये जाने के निर्देश दिये। पैमाइश एवं दाखिल खारिज के मामलों का तत्काल निस्तारण किये जाने के निर्देश दिये। अविवादित विरासत के मामलों का शीघ्र निस्तारण किये जाने एवं ऋण के अनुरूप वसूली करने के भी निर्देश दिये।

कानून व्यवस्था को दुरस्त रखे जाने, अपराधियों के विरुद्ध कडी कार्यवाही किये जाने एवं महिला अपराधों पर विशेष नजर रखे जाने के निर्देश दिये।

बैठक में जिलाधिकारी अमित आसेरी, जिलाधिकारी हमीरपुर अभिषेक कुमार, जिलाधिकारी महोबा गजल भारद्वाज, जिलाधिकारी चित्रकूट पुलकित गर्ग, अपर आयुक्त प्रशासन अमर पाल सिंह, संयुक्त विकास आयुक्त अरबिन्द कुमार, समस्त मुख्य विकास अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा मण्डलीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## प्रत्येक कार्यकर्ता को महीने में कम से कम 15 से 20 दिन पार्टी के कार्यों में समर्पित करने होंगेः रामबाबू



**ललितपुर।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने आगामी चुनावी चुनौतियों को देखते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की दिशा में सक्रियता तेज कर दी है। इसी क्रम में बसपा मंडल प्रभारी रामबाबू चिरगईयां ने कार्यकर्ताओं के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक कर संगठनात्मक गतिविधियों का जायजा लिया और

- समीक्षा बैठक में संगठन की मजबूती, बूथ स्तर पर सक्रियता और अनुशासन पर दिया जोर

भविष्य की रणनीति तय की। मंडल प्रभारी रामबाबू चिरगईयां ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अब कार्यकर्ताओं को अधिक सक्रिय भूमिका निभानी होगी। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक कार्यकर्ता को महीने में कम से कम 15 से 20 दिन पार्टी के कार्यों में समर्पित करने होंगे। उन्होंने कहा कि बहुजन समाज के हितों की रक्षा और पार्टी को मजबूत बनाने के लिए यह आवश्यक है समीक्षा बैठक में संगठन कार्यकर्ताओं से गांव-गांव और घर-घर जाकर लोगों से संवाद स्थापित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को सुनना और उनके समाधान के लिए प्रयास करना कार्यकर्ताओं की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। साथ ही बूथ कमेटियों को और अधिक सक्रिय व मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया गया। इसके अलावा कैडर कैंपों के माध्यम से नए युवाओं को पार्टी से जोड़ने की रणनीति पर भी चर्चा हुई, ताकि संगठन का विस्तार और मजबूती सुनिश्चित की जा सके।

बैठक के अंत में जिलाध्यक्ष जानकी प्रसाद बौद्ध, मंडल प्रभारी केहर सिंह गौतम व तन्सूराम अहिरवार सहित अन्य पदाधिकारियों ने आश्वासन दिया कि सभी कार्यकर्ता दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए संगठनात्मक लक्ष्यों को निर्धारित समय में पूरा करेंगे। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जानकी प्रसाद बौद्ध ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में केहर सिंह गौतम और तन्सूराम अहिरवार उपस्थित रहे। इस दौरान विधानसभा प्रभारी अभिषेक गौतम, रामकिशन बैजनाथ, जिला संयोजक (भाईचारा) गगन बिहारी एडवोकेट, पूर्व जिला अध्यक्ष कपिल कुमार, चंद्रभान सिंह, देवेंद्र मनोहर, अमन संतोष सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसके अलावा वरिष्ठ कार्यकर्ताओं में हरि सिंह यादव, अजय वीर विक्रम, सियाराम अहिरवार, कमल सिंह झंकार, चुन्नीलाल अहिरवार, हबीब खान मंसूरी, सचिन सिंह, निलेश वर्मा, लक्ष्मण प्रसाद, सोहेल खान, अशोक कुमार गौतम, बृज बिहारी, अरविंद अहिरवार, प्रकाश अशोक, अंकुल बडोनिया, अर्जुन भान सिंह, संतोष कुमार अहिरवार, दिनेश अहिरवार, रविकांत गौतम, राहुल अहिरवार, दयाराम अहिरवार, राजेश कुमार अहिरवार, आरपी सिंह बौद्ध, राघवेंद्र सिंह बघेल, आसाराम गुड्डू भारती, संजय कुमार चैधरी, हरिशंकर बंटी, हरिराम श्रीवास, मीना गौतम, श्यामा मैडम, दीपक कुमार सुमन, तुलाराम राजपूत, पुरुषोत्तम अहिरवार, कालूराम अहिरवार, मोहम्मद खा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## डीएम ने बांधापुरवा व तिंदवारा के स्कूलों का किया निरीक्षण



**बांदा।** जिलाधिकारी अमित आसेरी ने विकास खण्ड बडोखरखुर्द के उच्च प्राथमिक विद्यालय कम्पोजिट

- स्कूल में छात्रांकन बढ़ाने व साफ-सफाई के निर्देश

बांधापुरवा, उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट तिंदवारा का निरीक्षण किया। उन्होंने उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट बांधापुरवा का निरीक्षण करते हुए विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति एवं शिक्षा की गुणवत्ता का ऑकलन बच्चों से प्रश्न पूंछकर किये। अध्यापकों को निर्देशित किया कि बच्चों का रूझान विद्यालय की ओर बढायें और बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करें। बच्चों का स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत पंजीकरण कराये जाने के भी निर्देश दिये। विद्यालय में आवश्यक साफ-सफाई रखने के भी निर्देश दिये।

इसके उपरान्त उन्होंने उच्च प्राथमिक विद्यालय कम्पोजिट तिंदवारा में निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्राथमिक कक्षाओं में दी जा रही शिक्षा के बारे में अध्यापकों से जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

उन्होंने विद्यालय में मिड डे मील के वितरण किये जाने एवं मिड डे मील तैयार किये जाने हेतु किचेन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय में समुचित पेयजल की व्यवस्था एवं पंखों का संचालन रखने के निर्देश दिये।

# साध्वी निरंजन ज्योति के सख्त निर्देश



**फतेहपुर।** प्रयागराज, सामाजिक और शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े वर्गों के उत्थान हेतु केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित आरक्षण, छात्रवृत्ति, जाति प्रमाण-पत्र जैसी योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन पर विशेष जोर देते हुए राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष साध्वी निरंजन ज्योति ने कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में जिले की सभी स्तर की योजनाओं की गहन समीक्षा की गई और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारण के सख्त निर्देश दिए गए।सभागार में उपस्थित अधिकारियों के समक्ष साध्वी निरंजन ज्योति ने पिछड़े वर्गों से जुड़ी केंद्र-राज्य की प्रमुख योजनाओं, आरक्षण कोटे के उपयोग, छात्रवृत्ति वितरण तथा जाति प्रमाण-पत्र जारी करने की प्रक्रिया पर बिंदुवार विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने समस्त उपजिलाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्राप्त जाति प्रमाण-पत्र आवेदनों का ससमय निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। ₹पिछड़े वर्ग के लोगों को इन मूलभूत दस्तावेजों में कोई विलंब नहीं होना चाहिए। जो आवेदन आ रहे हैं, उनका नियमानुसार तुरंत निपटारा हो,₹ उन्होंने कहा। साथ ही, पिछड़े वर्ग हितार्थ चल रही सभी योजनाओं जैसे छात्रावास, आर्थिक सहायता और रोजगार प्रशिक्षण में पात्र लाभार्थियों तक लाभ पहुंचाने पर बल दिया। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि संबंधित अधिकारी निरंतर समीक्षा करें, ताकि योजनाओं के मूल उद्देश्य पूर्ण रूप से सिद्ध हों और कोई लाभार्थी वंचित न रहे।बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्वास पर भी विशेष ध्यानाकर्षण कराते हुए अध्यक्ष ने निर्देश दिए कि गंगा-यमुना की सहायक नदियों से प्रभावित जनपद के बाढ़ पीड़ित नागरिकों के लिए सुरक्षित स्थानों पर जमीन चिन्हित की जाए। ₹जल प्लावन के दौरान लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने की पूर्ण व्यवस्था हो। पुलिया सड़कें और अन्य आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर सुनिश्चित किए जाएं, ताकि कोई जान-माल की हानि न हो,₹ उन्होंने जोर देकर कहा। यह निर्देश प्रयागराज के बाढ़ संवेदनशील इलाकों जैसे सादर, खागा आदि क्षेत्रों के लिए विशेष रूप से प्रासंगिक हैं, जहां हर मानसून में सैकड़ों परिवार प्रभावित होते हैं।उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तहत प्रशिक्षण प्रदाताओं के लंबित भुगतानों पर भी नाराजगी जाहिर करते हुए साध्वी निरंजन ज्योति ने तत्काल कार्यवाही के आदेश दिए। ₹शेष भुगतानों का नियमानुसार निपटारा हो। जो भुगतान संभव न हों, उनके स्पष्ट कारण बताए जाएं। इससे युवाओं के कौशल विकास में बाधा न पड़े उन्होंनेअधिकारियों को चेताया। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी को उन सभी बिंदुओं की रिपोर्टिंग ससमय उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया जिनकी पूर्व में समीक्षा हुई थी।

## बाढ़ की पूर्व तैयारी बैठक, डीएम ने दिए मातहतों को निर्देश

**बांदा।** बाढ से पूर्व तैयारियों को लेकर बैठक हुई। जिलाधिकारी अमित आसेरी ने तहसील, ब्लाक एवं न्याय पंचायत स्तरों पर बाढ समितियों का गठन किये जाने, अन्य आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। बाढ नियंत्रण कक्ष, प्रभारी दैवीय आपदा अधिकारी को बाढ चैकियों के सत्यान की रिपोर्ट दी जाए। अधिशाषी अभियंता सिंचाई प्रखण्ड तृतीय बांदा वर्षा से पूर्व बांधो के फाटकों को ठीक कराना एवं तटबन्धों की मरम्मत कराये जाने के निर्देश दिये गये। अधिशाषी अभियंता केन नहर प्रखण्ड को जल प्लावन के देखते हुए नहर पटरियों को ठीक करना, बाढ नियंत्रण कक्ष बनाये जाने के निर्देश दिये। अधिशाषी अभियंता विद्युत को बाढ प्रभावित क्षेत्रों पर विद्युत लाइन को ठीक करने, उनकी लूजिंग को समाप्त करने, बाढ के समय जल भराव वाले क्षेत्रों में तत्काल विद्युत काटे जाने के निर्देश दिये। अधिशाषी अधिकारियों को नाले-नालियों की सफाई कराये जाने, वषार्काल से पूर्व कूडे के ढेरों को हटाये जाने, सफाई व्यवस्था करने के निर्देश दिये। खण्ड विकास अधिकारियों को बाढ से पूर्व ग्रामीण क्षेत्रों में साफाई व्यवस्था, जल भराव वाले क्षेत्रों में नालियों के निर्माण कराये जाने के निर्देश दिये। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को आवश्यक दवाईयों की उपलब्धता, कीटनाशक छिडकॉव कराये जाने को कहा। जिला कृषि अधिकारी को वर्षा से पूर्व पर्याप्त भूसा एकत्र करने, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग को वर्षा से पूर्व पुल, पुलिया, रपटों का निर्माण कार्य पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। बैठक में अपर जिलाधिकारी कुमार धर्मेन्द्र व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## ट्रांसफर के बाद भी कुर्सी बरकरार

**फतेहपुर।** जनपद का आबकारी विभाग इन दिनों एक ऐसे मामले को लेकर चर्चा में है, जिसने प्रशासनिक अनुशासन और पारदर्शिता दोनों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।जहां एक ओर शासन स्तर पर सख्ती जवाबदेही और नियमों के पालन की बात लगातार दोहराई जा रही है, वहीं दूसरी ओर जमीनी स्तर पर एक ट्रांसफर आदेश के अनुपालन में कथित ढिलाई पूरे सिस्टम की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगा रही है। ट्रांसफर हुआ, लेकिन कार्यभार नहीं छोड़ा सूत्रों के अनुसार आबकारी विभाग में तैनात बाबू जिन्हें विभागीय चचाओं में अवनीश के नाम से जाना जा रहा हैका स्थानांतरण प्रयागराज के लिए पहले ही किया जा चुका है।सामान्य नियमों के तहत ट्रांसफर आदेश जारी होते ही संबंधित कर्मचारी कोतत्काल वर्तमान पद छोड़ना होता हैनई तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करना होता हैलेकिन चर्चा यह है कि संबंधित कर्मचारी अब भी फतेहपुर में अपनी पुरानी कुर्सी संभाले हुए हैं विभागीय कार्यों में उनकी सक्रिय भूमिका जारी हैनियम बनाम प्रभाव कौन भारीयह स्थिति कई गंभीर सवाल खड़े करती है क्या ट्रांसफर आदेशों का पालन सुनिश्चित कराने वाली प्रणाली कमजोर पड़ गई है क्या विभागीय अनुशासन सिर्फ कागजों तक सीमित हैया फिर किसी स्तर पर प्रभाव और संरक्षण की भूमिका काम कर रही है विभागीय सूत्रों का दावा है कि संबंधित कर्मचारी का विभाग में प्रभाव मजबूत माना जाता है। हालांकि इस दावे की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है लेकिन चचाओं ने इस मामले को फाइलों की गति पर भी सवाल कुछ सूत्रों के हवाले से यह भी चर्चा है कि कई फाइलों की प्रक्रिया और निर्णयों की गति प्रभावित होती रही हैकामकाज में देरी और अनौपचारिक प्रक्रियाओं की शिकायतें पहले भी सामने आई हैंहालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है, इसलिए इन्हें जांच का विषय माना जा रहा है

# राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान का शुभारम्भ



जिला संवाददाता

**ललितपुर।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा संचालित ज्ञान भारतम् मिशन के अंतर्गत देशव्यापी राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान का शुभारम्भ ललितपुर जनपद में हो गया है। इस महत्वपूर्ण योजना की शुरूआत जनपद की 109 वर्ष पुरानी प्रतिष्ठित संस्था श्रीमहावीर दिगम्बर जैन संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय

- साढूमल में स्थित 109 वर्ष पुरानी संस्था से हुई शुरुआत
- दुर्लभ हस्तलिखित पांडुलिपियों का किया गया डिजिटल सर्वेक्षण

एवं गणेश वर्णी छात्रावास, साढूमल से की गई, जहां सुरक्षित दुर्लभ हस्तलिखित पांडुलिपियों का सर्वेक्षण एवं डिजिटलीकरण प्रक्रिया प्रारम्भ की गई। योजना से जुड़े पुरातत्व एवं इतिहास प्रेमी फिरोज डायमंड ने विद्यालय पहुंचकर पुस्तकालय में संरक्षित पांडुलिपियों का निरीक्षण कर उनकी जानकारी ज्ञान भारतम् ऐप पर अपलोड की। उन्होंने बताया कि विद्यालय में सैकड़ों वर्ष पुरानी अनेक दुर्लभ पांडुलिपियां सुरक्षित हैं, जो भारतीय ज्ञान परंपरा की अमूल्य धरोहर हैं। शासन के निदेर्शानुसार इस योजना के अंतर्गत जिले के निजी एवं सरकारी पुस्तकालयों, संग्रहालयों, शिक्षण संस्थानों, शोध संस्थानों, संस्कृत पाठशालाओं, मंदिरों, मठों, आश्रमों, गुरुकुलों तथा ट्रस्टों में उपलब्ध पांडुलिपियों का सर्वेक्षण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त निजी संग्रहकताओं, पुरोहितों, धमार्चार्यों, ज्योतिषाचार्यों, आयुवेर्दाचार्यों तथा संस्कृत एवं प्राचीन भाषाओं के विद्वानों के पास सुरक्षित निजी संग्रह भी चिन्हित कर ज्ञान भारतम ऐप पर अपलोड किया जाएगा। विशेष बात यह है कि पांडुलिपियों का स्वामित्व संबंधित संग्रहकताओं के पास ही सुरक्षित रहेगा तथा केवल उनका डिजिटल अभिलेखीकरण किया जाएगा।

### भारत की ज्ञान विरासत को विश्व पटल पर लाने का संकल्प

विद्यालय ट्रस्टी एवं जैन दर्शन-प्राकृत भाषा मनीषी डा.सुनील जैन ने बताया कि ज्ञान भारतम् मिशन भारत की समृद्ध पांडुलिपि परंपरा को संरक्षित करने की अत्यंत महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय पहल है। इसका उद्देश्य देशभर में बिखरी पांडुलिपियों की पहचान करना, उनका सूचीकरण करना, वैज्ञानिक संरक्षण देना तथा उन्हें एक केन्द्रीय डिजिटल मंच पर उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि यह मिशन भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा को आधुनिक तकनीक से जोड़ते हुए भावी पीढि ?ों तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा। साथ ही शिक्षा, शोध और सांस्कृतिक पुनर्जागरण को नई दिशा देगा। यह पहल विकसित भारत 2047 के संकल्प के अनुरूप है। इस अवसर पर विद्यालय ट्रस्टी देवेंद्र जैन, गृहपति पं.संतोष शास्त्री, प्रधानाचार्य अभिषेक शास्त्री सहित अन्य पदाधिकारियों ने विद्यालय में सुरक्षित पांडुलिपियों की जानकारी उपलब्ध कराई तथा सर्वेक्षण कार्य में सहयोग प्रदान किया। हीरा निधि के प्रमुख देवेंद्र जैन ने हीरा निधि में उपलब्ध महत्वपूर्ण पांडुलिपियों का अवलोकन करते हुए प्राचीन लिपि एवं उनके सार से अवगत कराया। उल्लेखनीय है कि हाल ही में पुरातत्व विभाग झांसी एवं ललितपुर की संयुक्त टीम ने नगर स्थित अभिनंदनोदय तीर्थक्षेत्र पहुंचकर नगर में उपलब्ध पांडुलिपियों की भी जानकारी ली थी एवं डिजिटलाइज किया।

## ट्रैक्टर की टक्कर से बुजुर्ग की मौत, केस दर्ज

ललितपुर। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खडेरा में लापरवाही से ट्रैक्टर चलाने के कारण एक बुजुर्ग की मौत का मामला सामने आया है। पीड़ित के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम खडेरा निवासी कंछेदी पुत्र कल्ले ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 26 अप्रैल 2026 की रात करीब 11 बजे उनके पिता कल्ले खेत पर मौजूद थे, जहां वह रोजाना की तरह देखरेख कर रहे थे। इसी दौरान गांव के ही देवराज पुत्र फूलचंद ने लापरवाहीपूर्वक ट्रैक्टर चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

## भीषण गर्मी के चलते कक्षा 8 तक के स्कूल बंद करने की मांग



**ललितपुर।** नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जनपद में पड़ रही भीषण गर्मी और हीट वेव को देखते हुए कक्षा 8 तक के विद्यालयों को तत्काल प्रभाव से बंद करने की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया कि इन दिनों ललितपुर में तापमान लगातार बढ़ रहा है और हीट वेव का प्रकोप भी तेज हो गया है, जिससे छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। विशेष रूप से नर्सरी से कक्षा 8 तक के बच्चे तेज धूप और अत्यधिक गर्मी को सहन करने में असमर्थ हैं।

स्कूल आने-जाने के दौरान तथा विद्यालय में रहने के समय उन्हें लू, डिहाइड्रेशन और अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। नगर कांग्रेस कमेटी ने प्रशासन से अपील की है कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए कक्षा 8 तक के सभी विद्यालयों को तत्काल बंद किया जाए।

उन्होंने कहा कि शिक्षा बाद में भी जारी रह सकती है, लेकिन बच्चों का जीवन और स्वास्थ्य सबसे महत्वपूर्ण है। ज्ञापन में प्रशासन से शीघ्र उचित निर्णय लेने की मांग की गई है, ताकि बच्चों को इस भीषण गर्मी और हीट वेव के प्रकोप से सुरक्षित रखा जा सके।

## धीमी प्रगति पर सीडीओ नाराज, 3 बीडीओ का रोका वेतन

**बांदा।** मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पांडेय ने मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण की वीसी के माध्यम से खण्ड विकास अधिकारियों एवं सचिवों की समीक्षा की।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में तीन विकास खंडों की प्रगति संतोषजनक नहीं मिलने पर यह कार्यवाई की गई। विकासखंड तिन्दवारी में 31.67 प्रतिशत, विकासखंड बड़ोखरखुर्द में 38.30 प्रतिशत, महुआ में 43.44 प्रतिशत प्रगति रही। प्रगति लक्ष्य से कम रहने पर मुख्य विकास अधिकारी ने खंड विकास अधिकारी तिंदवारी, बड़ोखरखुर्द, महुआ का वेतन रोकने के आदेश परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण को दिए। इसी प्रकार बीते वर्षों में आवंटित आवासों की पूर्णता की समीक्षा में मिला कि विकास खण्ड नरैनी में 86.85 प्रतिशत, जसपुरा में 88.01 प्रतिशत, कमासिन में 88.01 प्रतिशत प्रगति हुई है। शत-प्रतिशत पूर्णता न होने पर तीनों खण्ड विकास अधिकारियों (तिन्दवारी, बड़ोखर खुर्द एवं महुआ) कड़ी चेतावनी दी। उन्होने जनपद के सभी खण्ड विकास अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वह अपने विकास खण्ड की प्रगति की तत्काल समीक्षा करें और सबसे कम प्रगति वाले तीन सचिवों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के प्रस्ताव शीघ्र भेजें। इसके अलावा सीडीओ ने विकास व पंचायत विभाग को आवंटित 123 ग्राम पंचायतों में फार्मर रजिस्ट्री के काम में खराब प्रगति वाले पंचायत सहायकों पर कार्यवाही के निर्देश जिला पंचायत राज अधिकारी को दिए।

## होनहार छात्राओं को समाजसेवी विनोद पुरवार ने किया सम्मानित



**महोबा।** पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महोबा में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की मेधावी छात्राओं के सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं की शैक्षणिक उत्कृष्टता को सम्मानित करना तथा अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी विनोद पुरवार उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में कालका प्रसाद व इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जनपद महोबा के चेयरमैन डॉक्टर अभिषेक सक्सेना ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। सभी अतिथियों का प्रधानाचार्या सरगम खरे द्वारा पुष्पगुच्छ एवं उपहार भेंट कर स्वागत किया गया। समारोह की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। तत्पश्चात मेधावी छात्राओं को मेडल एवं शिक्षण सामग्री देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि विनोद पुरवार ने छात्राओं की मेहनत, अनुशासन और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि सफलता निरंतर प्रयास और आत्मविश्वास का परिणाम होती है। उन्होंने छात्राओं को लक्ष्य निर्धारित कर उसे पाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने की प्रेरणा दी। विशिष्ट अतिथि कालका प्रसाद ने कहा कि बेटियां आज किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं और शिक्षा के माध्यम से वे समाज में नई ऊंचाइयों को छू रही हैं।

रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन डॉक्टर अभिषेक सक्सेना ने छात्राओं को न केवल शैक्षणिक बल्कि सामाजिक एवं मानवीय मूल्यों को भी अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ समाज सेवा की भावना भी विद्यार्थियों में होनी चाहिए।

विद्यालय की प्रधानाचार्या सरगम खरे ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के सम्मान समारोह छात्राओं के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं और उन्हें और बेहतर करने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में छात्राओं के अभिभावक, शिक्षकगण एवं गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

संक्षेप

## फोनपे ने 50 मिलियन रजिस्टर्ड मर्चेंट्स का आंकड़ा किया पार

नई दिल्ली। फोनपे ने आज एक ऐतिहासिक उपलब्धि की घोषणा की है। 28 अप्रैल, 2026 तक प्लेटफॉर्म पर रजिस्टर्ड मर्चेंट्स की संख्या 50 मिलियन के पार पहुँच गई है। यह मील का पत्थर भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में फोनपे की अहम भूमिका को दिखाता है। फोनपे देश के 98% पिन कोड्स तक अपनी पहुँच बना चुका है, यह अब पेमेंट से आगे बढ़कर मर्चेंट सॉल्यूशंस का एक विस्तृत पोर्टफोलियो प्रदान कर रहा है, जो छोटे मर्चेंट को आज की बदलती डिजिटल दुनिया में आगे बढ़ने में मदद करता है। कंपनी ने इस उपलब्धि का श्रेय छोटे व्यवसायों के लिए डिजिटल एंट्री पॉइंट्स को आसान बनाने के अपने लगातार और कई सालों से चल रहे प्रयासों को दिया है। क्यूआर कोड्स को लगाने से शुरू करते हुए, फोनपे ने डिजिटल पेमेंट्स अपनाने से जुड़ी ज्यादा लागत को खत्म करने पर ध्यान केंद्रित किया।

## मिरिंडा ने लॉन्च किया स्माइल प्लीज प्लेटफॉर्म

बंगलुरु। मिरिंडा ने आज ब्रांड की फ्रेश विजुअल आइडेंटिटी के साथ-साथ नया ग्लोबल प्लेटफॉर्म स्माइल प्लीज लॉन्च किया है। इस रोचक और प्रभावी पहल को इस तरह से डिजाइन किया गया है, जिससे रोजाना की जिंदगी खिल उठे, उसमें खुशियों के पल आएं और पहली नजर पड़ते ही चेहरे पर मुस्कान छा जाए। आज के समय में जिंदगी बहुत व्यस्त और तनाव से भर गई है। ऐसे में अक्सर अपने आसपास के छोटे-छोटे खुशी के पलों को जीना भूल जाते हैं। ऐसे वक्त में एक मुस्कान किसी सुपरपावर की तरह काम करती है। इससे तुरंत मन खिल उठता है और आपकी मुस्कान देखकर दूसरे लोग भी मुस्कुराने को प्रेरित होते हैं। बस यहीं कदम रखता है मिरिंडा। मिरिंडा ने हमेशा से सेल्फ एक्सप्रेशन का साथ दिया है।

## अवीवा सिक्योर नेस्ट एन्युटी प्लान लॉन्च

नई दिल्ली। अवीवा इंडिया ने अवीवा सिक्योर नेस्ट एन्युटी प्लान लॉन्च करने का एलान किया की घोषणा की है। यह एक रिटायरमेंट सॉल्यूशन है, जिसमें ग्राहकों को एक सिंगल प्रीमियम के भुगतान के बाद जीवनभर रेगुलर इनकम पाने का मौका मिलेगा। इस प्लान में 80 साल की उम्र तक निवेश किया जा सकता है, जिससे रिटायरमेंट प्लानिंग कर रहे लोगों के लिए यह एक सुगम विकल्प बनकर सामने आएगा। अवीवा सिक्योर नेस्ट एन्युटी प्लान में अलग-अलग जरूरतों के हिसाब से कई तरह के एन्युटी विकल्प मिलते हैं। इनमें सिंगल लाइफ एवं जॉइंट लाइफ कवरेज, फ्लेक्सिबल पेआउट फ्रिक्वेंसी के साथ जीवनभर के लिए, गारंटीड इनकम और नॉमिनी की सुरक्षा के लिए रिटर्न ऑफ परचेज प्राइस जैसे फीचर शामिल हैं। यह पेंशन फंड रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी के नियमों के अनुरूप भी है। इससे यह नेशनल पेंशन सिस्टम सब्सक्राइबर्स के लिए भी प्रासंगिक विकल्प है।

## एनपीसीआई ने डिजिटल भुगतान के लिए दिये महत्वपूर्ण सुझाव

नयी दिल्ली। डिजिटल भुगतान ने भारत भर में लाखों उपयोगकर्ताओं के लिए रोजमर्रा के लेनदेन को तेज, आसान और अधिक सुलभ बना दिया है। जैसे-जैसे यह सुविधा बढ़ रही है, उपयोगकर्ताओं के लिए जागरूक और सतर्क रहना महत्वपूर्ण है। सुरक्षित भुगतान के तरीके अपनाना आसान है और यह सुरक्षित डिजिटल अनुभव सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भुगतान करने से पहले स्क्रीन पर दिखाई देने वाले नाम को जांच लें। भुगतान केवल आधिकारिक और प्रसिद्ध ऐप्स या वेबसाइटों के माध्यम से ही करें। ऐसे ऐप्स डाउनलोड न करें या उन लिंक पर क्लिक न करें जो आपको अज्ञात या अविश्वसनीय लोगों द्वारा भेजे गए हों।

## यूपी के हर कोने की आवाज को मिलेगा असली मंच

नोएडा। फीवर नेटवर्क ने उत्तरप्रदेश के सबसे बड़े वॉयस टैलेंट हंट वॉयस आफ यूपी की आधिकारिक घोषणा कर दी है। फीवर यूपी अब मचेगा भोकाल, के बैनर तले आयोजित इस एक्साइटेड रखा गया, जिसमें यूपी के कलाकारों, क्रिएटर्स और इंडस्ट्री के दिग्गजों का जमावड़ा दिखा। आज की युवा पीढ़ी के बारे में बात करते हुए मालिनी जी ने कहा कि यह पीढ़ी बेहद आत्मविश्वासी है - मंच पर खड़े होने से घबराती नहीं। लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि सिर्फ सामने आना काफी नहीं है, अब क्रिएटर्स को अपने कंटेंट में गंभीरता चाहिए।

# सेंसेक्स में 417 अंकों की गिरावट




मुंबई। कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में तेज उछाल और विदेशी निवेशकों की बिकवाली के दबाव में मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट रही। सेंसेक्स 417 अंकों के नुकसान में रहा जबकि निफ्टी 97 अंक गिरकर बंद हुआ।

विश्लेषकों ने कहा कि मुख्य रूप से बैंक, वित्तीय एवं वाहन कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट से मानक सूचकांक नुकसान में रहे। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 416.72 अंक यानी 0.54 प्रतिशत गिरकर 76,886.91 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 562.57 अंक तक लुढ़ककर 76,741.06 तक पहुंच गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक निफ्टी 97 अंक यानी 0.40 प्रतिशत गिरकर 23,995.70 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल 30 कंपनियों में से एक्सिस बैंक, एचसीएल टेक, इंटरग्लोब एविएशन, मारुति सुजुकी, भारतीय स्टेट बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। इसके विपरीत, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, टेक महिंद्रा और सन फार्मा के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई। अमेरिका-ईरान वार्ता को लेकर अनिश्चितता के जारी रहने से कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया और निवेशकों की धारणा पर असर पड़ा। इसके अलावा नियामकीय प्रावधानों के कारण बैंकों के शेयर भी दबाव में रहे। बीएसई पर सूचीबद्ध कुल 2,257 कंपनियों के शेयर गिरकर बंद हुए जबकि ।,998 कंपनियों में तेजी रही और 172 अन्य अपरिवर्तित रहे। व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मालकैप सूचकांक 0.42 प्रतिशत की बढ़त पर रहा जबकि मझोली कंपनियों का मिडकैप सूचकांक 0.27 प्रतिशत की गिरावट में रहा। क्षेत्रवार सूचकांकों में पीएसयू बैंक खंड में सर्वाधिक 2.20 प्रतिशत की सुस्ती रही जबकि बैंकेक्स 1.61 प्रतिशत गिर गया। निजी बैंकों के खंड में 1.23 प्रतिशत और वाहन खंड में 0.98 प्रतिशत की गिरावट रही। आरबीआई ने बैंकों के लिए प्रत्याशित ऋण ह्रास (ईसीएल) ढांचे को अप्रैल 2027 से लागू करने को अंतिम रूप दे दिया है। इस बदलाव के कारण निकट अवधि में बैंकों की वित्तीय प्रावधान की जरूरत बढ़ सकती है और मुनाफा भी दबाव में आ सकता है। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को ।,151.48 करोड़ रुपये के शेयरों की बिकवाली की। पश्चिम एशिया में जारी तनाव और ऊर्जा आपूर्ति में व्यवधान, खासकर होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद रहने से निवेशकों की धारणा कमजोर हुई है।

# रुपया 41 पैसे टूटकर 94.56 प्रति डॉलर पर



मुंबई। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया मंगलवार को 41 पैसे टूटकर 94.56 (अस्थायी) पर रहा। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी के कारण निवेशकों का भरोसा कम होने से घरेलू मुद्रा दबाव में है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा है कि चालू खाते के घाटे (सीएडी) में संभावित वृद्धि और अस्थिर पूंजी प्रवाह के कारण भी रुपये में तेज गिरावट आई है। इसके अलावा, विदेशी निवेशकों द्वारा निरंतर निकासी से रुपये पर दबाव पड़ा है। इस साल अब तक विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से 19 अरब डॉलर से अधिक की निकासी की है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.35 पर खुला और कारोबार के दौरान यह 94.58 के निचले स्तर पर पहुंचा। अंत में यह डॉलर के मुकाबले 94.56 (अस्थायी) पर रहा जो पिछले बंद भाव से 41 पैसे की गिरावट है। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.15 पर बंद हुआ था। रुपये पर मुख्य दबाव कमजोर पूंजी प्रवाह से उत्पन्न होता है। शुद्ध प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्रवाह कम रहा है, जबकि विदेशी पूंजी की निकासी वैश्विक अनिश्चितता के कारण बढ़ी है...। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.24 प्रतिशत की बढ़त के साथ 98.73 पर रहा। घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स 416.72 अंक टूटकर 76,886.91 अंक पर जबकि निफ्टी 97 अंक फिसलकर 23,995.70 अंक पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 2.62 प्रतिशत चढ़कर 111.07 डॉलर प्रति बैरल रहा।

शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) सोमवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने ।,151.48 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

# नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की सुरक्षा योजना को बीसीएएस की मंजूरी

नोएडा। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा को नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) से अपनी सुरक्षा योजना के लिए मंजूरी मिल गई है, जो उड़ान संचालन शुरू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

एयरपोर्ट ने मंगलवार को बयान में कहा कि वह उड़ान सेवाएं शुरू करने की तारीख तय करने के लिए विमानन कंपनियों और अन्य भागीदारों के साथ मिलकर काम कर रहा है। बयान के अनुसार, नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को बीसीएएस से हवाई अड्डा सुरक्षा कार्यक्रम (एएसपी) की मंजूरी मिल गई है। यह हवाई अड्डा की परिचालन तैयारी की दिशा में एक अहम उपलब्धि है। साथ ही यह पुष्टि करता है कि सुरक्षा ढांचा एवं प्रक्रियाएं, नियामकीय आवश्यकताओं के अनुरूप हैं। बयान में कहा गया, इसके बाद हम विमानन कंपनियों और भागीदारों के साथ मिलकर वाणिज्यिक परिचालन शुरू करने की तारीख तय करेंगे। हमारा ध्यान यह सुनिश्चित करने पर है कि सभी प्रणालियां, प्रक्रियाएं एवं कर्मचारी सुरक्षित, कुशल और सुचारु संचालन के लिए पूरी तरह तैयार हों। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर जिले के जेवर में विकसित हो रही एक नई परियोजना है। इसे क्षेत्रीय संपर्क और आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तैयार किया जा रहा है।

# देश में बिजली मांग 256 गीगावाट के करीब पहुंची



नयी दिल्ली। देश में भीषण गर्मी के बीच सोमवार को अधिकतम बिजली मांग लगातार दूसरी बार रिकॉर्ड स्तर के करीब पहुंच गई और 255.85 गीगावाट दर्ज की गई।

एयर कंडीशनर और डेजर्ट कूलर जैसे शीतलन उपकरणों के बढ़ते उपयोग ने मांग को बढ़ाया। उत्तर, मध्य और पश्चिम भारत में तेज गर्मी के बीच बिजली की खपत में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई क्योंकि लोग गर्मी से राहत पाने के लिए शीतलन उपकरणों का अधिक इस्तेमाल कर रहे हैं। ऊर्जा मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, सोमवार 27 अप्रैल 2026 को अधिकतम बिजली मांग 255.85 गीगावाट (करीब 256 गीगावाट) रही। इस महीने के दूसरे पखवाड़े में मांग तेजी से बढ़नी शुरू हुई और 24 अप्रैल (शुक्रवार) को यह 252.07 गीगावाट तक पहुंच गई। इसके बाद 25 अप्रैल (शनिवार) को यह 256.11 गीगावाट के स्तर को पार कर गई। हालांकि, 26 अप्रैल (रविवार) को अधिकतर वाणिज्यिक एवं औद्योगिक प्रतिष्ठान बंद रहने से मांग घटकर 238.15 गीगावाट रह गई। देश के कुछ हिस्सों में धूल भरी आंधी और छिटपुट बारिश के कारण भी बिजली खपत पर कुछ हद तक नियंत्रण रहा। पिछले वर्ष गर्मियों में अधिकतम बिजली मांग जून 2025 में 242.77 गीगावाट रही थी जो सरकार के 277 गीगावाट के अनुमान से कम थी। वहीं 2024 में मई में रिकॉर्ड 250 गीगावाट और 2023 में सितंबर में सर्वाधिक 243.27 गीगावाट मांग दर्ज की गई थी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने इस वर्ष भीषण गर्मी का अनुमान लगाया है। विशेषज्ञों का मानना है कि मई तथा जून में तापमान बढ़ने और लू चलने से एयर कंडीशनर और कूलर जैसे उपकरणों के बढ़ते उपयोग से बिजली की मांग और बढ़ेगी। बिजली मंत्रालय ने इस वर्ष गर्मियों के दौरान अधिकतम बिजली मांग के करीब 270 गीगावाट रहने का अनुमान लगाया है।

# श्रम मंत्रालय ने श्रमिकों को लू से बचाने के लिए देशव्यापी परामर्श जारी किया

नयी दिल्ली। देश भर में जारी लू की स्थिति के बीच श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि उसने श्रमिकों को सूरज के सीधे संपर्क से बचाने के लिए देशव्यापी परामर्श जारी किया है। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और प्रशासकों को भेजे गए एक पत्र में मंत्रालय ने इसके लिए बहु-क्षेत्रीय और बहु-आयामी नजरिये की जरूरत पर जोर दिया है। इसमें विशेष रूप से बाहरी और श्रम-प्रधान क्षेत्रों में कार्यरत लोगों की सुरक्षा के लिए एक समन्वित योजना की बात कही गई है। बयान के अनुसार मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से देश भर में बढ़ते तापमान और लू की स्थिति के प्रतिकूल प्रभावों से श्रमिकों और मजदूरों को बचाने के लिए तत्काल उपाय करने का आग्रह किया है। इन उपायों में विभिन्न क्षेत्रों में कर्मचारियों के लिए काम के घंटों का पुनर्निर्धारण, पीने का पर्याप्त पानी सुनिश्चित करना और विश्राम क्षेत्रों तथा कार्यस्थलों को ठंडा रखने का प्रावधान शामिल है। राज्यों से कहा गया है कि गर्मी से संबंधित बीमारियों को रोकने के लिए वे नियोक्ताओं को आपातकालीन आइस पैक, नियमित स्वास्थ्य जांच और अन्य वस्तुओं की व्यवस्था करने का निर्देश दें। कारखाना और खदान प्रबंधनों को भी श्रमिकों को अधिक लचीलापन देने की सलाह दी गई है।

# औद्योगिक उत्पादन मार्च में 4.1 प्रतिशत पर



नयी दिल्ली। देश के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर मार्च में घटकर पांच महीने के निचले स्तर 4.1 प्रतिशत पर आ गई। मुख्य रूप से विनिर्माण एवं बिजली क्षेत्रों के कमजोर प्रदर्शन के कारण औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर कम हुई है। यह जानकारी मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से मिली।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के मुताबिक, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के आधार पर मार्च 2025 में औद्योगिक उत्पादन में 3.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इससे पहले अक्टूबर 2025 में वृद्धि दर 0.5 प्रतिशत रही थी, जो हाल का सबसे निचला स्तर था। इसके साथ ही फरवरी 2026 के लिए औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर को संशोधित कर 5.1 प्रतिशत कर दिया गया है, जो पहले जारी अनुमान 5.2 प्रतिशत से थोड़ा कम है। क्षेत्रवार आंकड़ों में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर मार्च में 4.3 प्रतिशत रही, जो पिछले साल इसी महीने के चार प्रतिशत की तुलना में मामूली सुधार है, लेकिन कुल मिलाकर यह सुस्त बनी हुई है। खनन क्षेत्र का प्रदर्शन बेहतर रहा और इसमें 5.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि एक साल पहले यह केवल 1.2 प्रतिशत थी। वहीं, बिजली उत्पादन की वृद्धि दर मार्च में घटकर 0.8 प्रतिशत रह गई, जो पिछले साल इसी महीने 7.5 प्रतिशत थी। इस गिरावट से कुल औद्योगिक वृद्धि पर दबाव पड़ा। वित्त वर्ष 2025-26 की समूची अवधि में देश की औद्योगिक उत्पादन वृद्धि 4.1 प्रतिशत के साथ लगभग स्थिर रही जबकि इसके पिछले वित्त वर्ष में यह चार प्रतिशत थी। विशेषज्ञों के मुताबिक, पश्चिम एशिया में संकट के कारण आपूर्ति श्रृंखला और ऊर्जा लागत पर असर पड़ा है जिससे औद्योगिक गतिविधियों की रफ्तार प्रभावित हुई है।

# वाणिज्य मंत्रालय ने 25 लाख टन अतिरिक्त गेहूं निर्यात के फैसले को अधिसूचित किया



नयी दिल्ली। वाणिज्य मंत्रालय की इकाई डीजीएफटी ने 25 लाख टन गेहूं के निर्यात की अनुमति देने के सरकार के फैसले को अधिसूचित कर दिया है।

केंद्र ने 20 अप्रैल को एक और अच्छी फसल की संभावना के बीच भंडार की आरामदायक स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त 25 लाख टन गेहूं के निर्यात की अनुमति दी थी। इसके साथ ही अब कुल 50 लाख टन गेहूं और 10 लाख टन गेहूं उत्पादों के निर्यात की अनुमति मिल गई है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा, गेहूं की निर्यात नीति प्रतिबंधित बनी रहेगी। हालांकि, अतिरिक्त 25 लाख टन गेहूं के निर्यात की अनुमति है। इसमें कहा गया कि इसके लिए विस्तृत तौर-तरीकों को एक अलग आदेश के माध्यम से अधिसूचित किया जाएगा। अधिसूचना में कहा गया, इसके अलावा 13 मई, 2022 की डीजीएफटी की अधिसूचना में उल्लेखित मौजूदा नीतिगत स्थिति लागू रहेगी, जिसमें भारत सरकार द्वारा अन्य देशों को उनकी खाद्य सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए दी गई अनुमति और उनकी सरकारों के अनुरोध के आधार पर भी निर्यात की अनुमति दी जाएगी। यह मात्रा उक्त 25 लाख टन गेहूं निर्यात की अनुमति के अतिरिक्त होगी। कृषि मंत्रालय के दूसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार फसल वर्ष 2025-26 (जुलाई-जून) के लिए देश का गेहूं उत्पादन 12.02 करोड़ टन रहने का अनुमान है।

## पेज एक का शेष

### चुनाव के

में 'पैनिक बाइंग' (घबराहट में खरीदारी) शुरू हो गई थी। रिपोर्टों के अनुसार, आसन्न मूल्य वृद्धि की अफवाहों के कारण आंध्र प्रदेश के कई शहरों में रविवार को 400 से अधिक पेट्रोल पंप सूख गए थे और कुछ आउटलेट्स पर मांग में 30-33 प्रतिशत तक की वृद्धि देखी गई थी। शर्मा ने कहा, हमने कुछ जगहों पर पैनिक बाइंग देखी है। हम इन सभी जगहों पर राज्य सरकारों के साथ लगातार संपर्क में हैं। सभी खुदरा आउटलेट्स की निगरानी की जा रही है और आपूर्ति को प्राथमिकता दी जा रही है ताकि स्टॉक की उपलब्धता सुनिश्चित हो और कोई कमी न हो। उन्होंने जनता से अफवाहों पर विश्वास न करने और आधिकारिक स्रोतों पर भरोसा करने का आग्रह किया। उल्लेखनीय है कि खुदरा पेट्रोल और डीजल की कीमतें रिकॉर्ड चौथे वर्ष से अपरिवर्तित बनी हुई हैं। कीमतें अप्रैल 2022 की शुरूआत से स्थिर हैं। इनपुट लागत और पंप की कीमतों के बीच बढ़ते अंतर के कारण सरकारी ईंधन खुदरा विक्रेताओं को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। कुछ अनुमानों के मुताबिक, इन कंपनियों को रोजाना करीब 2,400 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है। विश्लेषकों ने पहले बढ़ती वैश्विक कच्चे तेल की लागत के कारण चुनावों के बाद 25-28 रुपये प्रति लीटर की मूल्य वृद्धि की संभावना जताई थी।

### यूपी पुलिस

प्रक्रिया में किसी को भी सिफारिश व पैसा नहीं देना पड़ता है। सिर्फ योग्यता, क्षमता व आरक्षण के नियमों का पालन करते हुए निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया संपन्न होती है। प्रदेश में ऐसा वातावरण तैयार किया गया है कि यदि क्षमता है तो आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। अब आपको भी शुद्ध नीयत के साथ कार्य करना है। कभी बीमारू राज्य रहा उत्तर प्रदेश सामूहिक प्रयास की बदौलत अब भारत के विकास में योगदान दे रहा है। सीएम योगी ने कहा कि परसों (रविवार) ही प्रदेश के 112 केंद्रों पर पुलिस के 60 हजार आरक्षियों की दीक्षांत परेड हुई, यानी एक साथ 60 हजार आरक्षी उत्तर प्रदेश पुलिस बल का हिस्सा बने, जो अब फील्ड में मुस्तैदी से ड्यूटी करेंगे। 9 वर्ष में उत्तर प्रदेश पुलिस में 2.20 लाख से अधिक कार्मिकों की भर्ती संपन्न हुई है, जबकि देश के कई राज्यों में पुलिस की कुल इतनी स्ट्रेंथ भी नहीं है। सीएम योगी ने कहा कि 9 वर्ष पहले संकट था कि कहां ट्रेनिंग होगी, लेकिन अब इस दृष्टि से जगह की कमी नहीं रही। 2017 के पहले एक बार में केवल 3 हजार पुलिस कार्मिकों की ही ट्रेनिंग करा सकते थे, लेकिन 2025 में एक साथ 60,244 पुलिस आरक्षियों की ट्रेनिंग यूपी के सेंटरों में हुई। इसके जरिए यूपी पुलिस ने दिखाया कि नीयत साफ, नीति स्पष्ट और कार्य करने की दृढ़ इच्छाशक्ति हो तो परिणाम लाया जा सकता है। पासिंग आउट परेड के बाद आरक्षी जनपदों में ड्यूटी के लिए निकल रहे हैं।

### पीएम ने

परियोजना की भी आधारशिला रखी, जिसमें गंगा नदी पर एक रेल-सह-सड़क पुल का निर्माण भी शामिल है। संसद में इस विधेयक के गिरने के बाद पहली बार अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को जन-आक्रोश महिला सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, आज इस कार्यक्रम में आप सभी बहनों-बेटियों से एक महायज्ञ की शुरुआत के लिए आशीर्वाद लेने आया हूं। उन्होंने भरोसा दिलाते हुए कहा कि काशी के सांसद, देश के प्रधानमंत्री के तौर पर मुझे देश हित में एक बड़े लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आप सबका आशीर्वाद चाहिए। यह बड़ा लक्ष्य लोकसभा विधानसभा में महिलाओं के लिए आरक्षण लागू करना है। महिलाओं को विशेष महत्व देते हुए उन्होंने कहा कि हमारी काशी माता श्रृंगार गौरी, माता अन्नपूर्णा, माता विशालाक्षी, माता संकटा और मां गंगा जैसी दिव्य शक्तियों की भूमि है, ऐसे में आप सभी बहन बेटियों के इस समागम ने इस अवसर को बहुत दिव्य बना दिया। उन्होंने विपक्षी दलों खासतौर से सपा और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि अभी कुछ दिन पहले सपा और कांग्रेस जैसे दलों की वजह से हमारा यह प्रयास संसद में सफल नहीं हो पाया लेकिन आप सभी बहनों को फिर से भरोसा दिलाता हूं कि आपके लिए आरक्षण लागू कराने में मैं कोई कोर-कसर नहीं छोड़ूंगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस, सपा, टीएमसी और द्रमुक जैसी परिवारवादी पार्टियों ने एक बार फिर महिलाओं के साथ विश्वासघात किया है। उन्होंने दोहराया कि ये परिवारवादी पार्टियां नहीं चाहतीं कि बेटियां विधानसभा और लोकसभा तक पहुंचें और इन दलों ने पिछले 40 सालों से महिला आरक्षण पर ब्रेक लगा रखा है।

### पीएम मोदी

गरीब, युवा और अन्नदाता किसान। इन चारों में हमारा पूरा समाज समाहित होता है। यह एक विराट विजन है, जिसके अनुरूप ये चारों वर्ग समग्र समाज और राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसीलिए हमने उन्हें भारत की राजनीति का केंद्र बनाकर प्रत्येक योजना का लाभ इन वर्गों तक पहुंचाया है। पीएम मोदी ने इन वर्गों के आर्थिक स्वावलंबन, सम्मान व सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए दूरदर्शी सोच के तहत नए भारत और विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने का अभियान दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सब काशीवासी हैं, लेकिन काशी के बारे में जो धारणा पहले थी, वह पिछले 11-12 वर्षों में बदलती हुई दिखाई दी है। काशी आज पूरी दुनिया के आकर्षण का केंद्र बन गई है। काशी, जो बाबा विश्वनाथ की शाश्वत चेतना का केंद्रबिंदु रही है, वह आज भव्य काशी विश्वनाथ धाम के रूप में पुनः हम सभी के सामने प्रकट हुई है। विरासत और विकास का अद्भुत समन्वय न केवल काशी, बल्कि उत्तर प्रदेश और पूरे देश में दिखाई दे रहा है। प्रधानमंत्री ने जिस परिवर्तन की शुरूआत काशी से की, वह आज पूरे देश में स्पष्ट रूप से नजर आ रहा है। जिसने भारत की सनातन परंपरा को जीवंतता प्रदान की और भारत की आत्मा को अपने भीतर संजोए रखा, वही काशी आज एक नए कलेवर में दुनिया के सामने दिखाई दे रही है।

### नारी शक्ति

का सम्मान हमारी संस्कृति की पहचान है। रानी लक्ष्मीबाई, सावित्रीबाई फुले और कल्पना चावला जैसी विभूतियों ने राष्ट्र को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं विज्ञान, खेल, रक्षा, शिक्षा और प्रशासन सहित हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परिचय दे रही हैं। चंद्रयान-3 मिशन की सफलता, अंतरराष्ट्रीय खेल मंचों पर उपलब्धियां, राष्ट्रीय रक्षा अकादमी से महिला कैडेट्स का निकलना तथा सेना और वायुसेना में उनकी सक्रिय भूमिका, आधुनिक भारत की नई तस्वीर प्रस्तुत करती है। उत्तराखंड की तीलू रौतेली, रानी जिया रानी और चिपको आंदोलन की अग्रणी गौरा देवी महिलाओं के साहस की प्रेरक मिसाल हैं। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाकर महिलाओं को संसद और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण देने की दिशा में ऐतिहासिक पहल की गई। यह कदम केवल सीटों के आरक्षण तक सीमित नहीं, बल्कि नीति निर्माण में महिलाओं की प्रभावशाली भागीदारी सुनिश्चित करने वाला है।

### महाराष्ट्र में

हरकत में आई और पीड़ित गार्ड के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर डेढ़ घंटे के अंदर ही आरोपित को खोज निकाला।

31 वर्षीय आरोपित जैब जुबेर अंसारी घटनास्थल से 200 मीटर दूर स्थित एक इमारत की तीसरी मंजिल पर किराए के घर में रह रहा था। नया नगर पुलिस थाने के वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि आरोपी की पहचान के लिए घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर उसे गिरफ्तार किया गया।

### देश के

जाएगा। एंबुलेंस या पेट्रोलिंग टीम कुछ मिनटों में पहुंच जाएगी। रोड एक्सीडेंट में किसी को हेल्प के लिए इमरजेंसी कॉल का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। गंगा एक्सप्रेसवे का स्मार्ट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम किसी वार रूम जैसा 24 घंटे काम करेगा। कंट्रोल रूम में एक विशाल वीडियो वॉल जैसी दिखती है, जिस पर सैकड़ों कैमरों की लाइव फीड एक साथ चलती है। एक्सप्रेसवे के हर 2-3 किलोमीटर पर लगे हाई-डेफिनिशन पीटीजेड कैमरे इस वॉल से जुड़े होते हैं। यहां इंजीनियर 24/7 शिफ्ट में इंजीनियर पूरे 594 किमी के एक्सप्रेसवे की रियल टाइम डिजिटल निगरानी करेंगे. कहीं भी ट्रैफिक धीमा होता है तो रेड अलर्ट होगा। परियोजना के तहत घटपुरी, बनकोटा (बिसौली) और डहरपुर (दातागंज) में तीन प्रमुख इंटरचेंज बनाए गए हैं। ये इंटरचेंज आवागमन और व्यापार को नई गति देंगे। बिसौली क्षेत्र का बनकोटा इंटरचेंज स्थानीय विकास का प्रमुख केंद्र बनेगा। एक्सप्रेस-वे के शुरू होने से बदायूं से दिल्ली, मेरठ और प्रयागराज जैसे प्रमुख शहरों की दूरी और यात्रा समय में कमी आएगी। साथ ही धार्मिक स्थलों तक पहुंच भी आसान होगी।

### पटियाला रेलवे

वरुण शर्मा ने बताया कि सोमवार रात पटरी को उड़ाने का प्रयास कर रहे व्यक्ति की विस्फोट में मौत हो गई। पुलिस ने मृतक संदिग्ध की पहचान तरन तारन जिले के पंजवार गांव निवासी जगरूप सिंह के रूप में की। विस्फोट स्थल का दौरा करने वाली विशेष पुलिस महानिदेशक (रेलवे) शशि प्रभा द्विवेदी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में संदिग्ध को अमृतसर में अपनी मोटरसाइकिल खड़ी करते हुए देखा जा सकता है। पुलिस उप महानिरीक्षक कुलदीप चहल ने बताया कि चार लोगों प्रदीप सिंह खालसा, कुलविंदर सिंह, सतनाम सिंह और गुरप्रीत सिंह को इस संबंध में गिरफ्तार किया गया है। प्रदीप और कुलविंदर मानसा के रहने वाले हैं जबकि सतनाम और गुरप्रीत तरन तारन के निवासी हैं।

# यूएई ने ओपेक और ओपेक प्लस छोड़ा, वैश्विक ऊर्जा बाजार में भूचाल

नई दिल्ली। वैश्विक ऊर्जा बाजार और कूटनीति के मोर्चे पर एक ऐतिहासिक घटनाक्रम सामने आया है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने मंगलवार को पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन 'ओपेक' और 'ओपेक प्लस' से बाहर निकलने का आधिकारिक ऐलान कर दिया है। ईरान युद्ध के कारण पहले से ही पैदा हुए ऐतिहासिक ऊर्जा संकट और अस्थिर वैश्विक अर्थव्यवस्था के बीच उठाया गया यह कदम ओपेक समूह और उसके अघोषित नेता सऊदी अरब के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। लंबे समय से ओपेक का प्रमुख सदस्य रहा यूएई अब इस संगठन का हिस्सा नहीं है। इस चौंकाने वाले फैसले से तेल निर्यातक देशों के इस समूह में अव्यवस्था पैदा होने और इसके कमजोर होने की आशंका काफी बढ़ गई है। ओपेक ने भू-राजनीतिक मुद्दों से लेकर उत्पादन कोटे तक के आंतरिक मतभेदों के बावजूद हमेशा एक एकजुटता दिखाने की कोशिश की है, लेकिन यूएई के ओपेक से बाहर निकलने से इस एकता पर संशय गहरा गया है। यह घटनाक्रम ऐसे नाजुक समय में हुआ है जब खाड़ी के तेल उत्पादक देश होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते अपने निर्यात को सुचारू रखने के लिए कड़ा संघर्ष कर रहे हैं। यह ईरान और ओमान के बीच एक संकरा समुद्री मार्ग है, जहां से दुनिया का पांचवां हिस्सा कच्चा तेल और तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) गुजरती है। जहाजों पर ईरान के लगातार हमलों और धमकियों के कारण इस अहम मार्ग से होने वाला व्यापार बुरी तरह प्रभावित हुआ है।




# पंजाब ने राजस्थान को दिया 223 रन का लक्ष्य

## आईपीएल : 20वें ओवर में 24 रन आये, प्रभसिमरन-स्टोयनिस ने फिफ्टी लगायी

एजेंसी

मुल्लांपुर। पंजाब किंग्स ने आईपीएल के 40वें मैच में राजस्थान रॉयल्स को 223 रन का टारगेट दिया। न्यू चंडीगढ़ के महाराजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम में राजस्थान ने गेंदबाजी चुनी। पंजाब ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 223 रन बनाए। मार्कस स्टोयनिस ने 62 और ओपनर प्रभसिमरन सिंह ने 59 रन की अर्धशतकीय पारियां खेलीं। कप्तान श्रेयस अय्यर ने 30 रन बनाए। राजस्थान की ओर से यशराज पुंजा ने 4 ओवर में 41 रन देकर 2 विकेट झटके। जोफ्रा आर्चर और नांद्रे बर्गर ने एक-एक विकेट झटके। मार्कस स्टोयनिस ने पंजाब की पारी के 20वें ओवर में 24 रन बनाए। उन्होंने बृजेश शर्मा की आखिरी 5 बॉल पर लगातार 5 बाउंड्री लगाई। इनमें 3 चौके और 2 छक्के शामिल रहे। दूसरी बॉल पर चौका के सहारे पंजाब की टीम ने 200 रन का आंकड़ा पार कर लिया। फिर अगली दो बॉल पर लगातार दो छक्के लगाकर फिफ्टी भी पूरी की। 18वें ओवर में नांद्रे बर्गर ने 00 रन खर्च कर दिए। उनके आखिरी ओवर में मार्कस स्टोयनिस ने दूसरी बॉल पर छक्का और तीसरी बॉल पर चौका लगाया।

बर्गर ने अपने कोटे के चार ओवर में 59 रन खर्च कर दिए। उन्हें आखिरी बॉल पर श्रेयस अय्यर का विकेट मिला। श्रेयस को विकेटकीपर ध्रुव जुरेल ने कैच किया। अय्यर 30 रन बनाकर आउट हुए। 15वें ओवर में पंजाब ने 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। श्रेयस अय्यर ने रवींद्र जडेजा के ओवर की आखिरी बॉल पर दो रन लेकर टीम स्कोर डेढ़ सौ पार कराया। 14वें ओवर की आखिरी बॉल पर पंजाब ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां पर प्रभसिमरन सिंह 59 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें यशराज पूंजा ने कप्तान रियान पराग के हाथों कैच कराया। पूंजा को दूसरा विकेट मिला है। उन्होंने कूपर कोनोली को भी पवेलियन भेजा। 12वें ओवर की तीसरी बॉल पर प्रभसिमरन सिंह ने फिफ्टी पूरी की। उन्होंने डीप मिडविकेट पर सिंगल लिया और 35 बॉल पर अर्धशतक लगाया। प्रभसिमरन ने इस सीजन चौथी हाफ सेंचुरी लगाई है। 9वें ओवर की दूसरी बॉल पर यशराज पूंजा ने कूपर कोनोली को कैच आउट कराया। उन्हें डोनोवान फरेरा कैच किया। पूंजा को आईपीएल में पहला विकेट मिला है।




कोनोली 30 रन बनाकर आउट हुए। 7वें ओवर में कूपर कोनोली ने यश राज पूंजा की बॉल पर लगातार दो छक्के लगाए। उन्होंने दूसरी और तीसरी बॉल पर सिक्स लगाया। कोनोली ने 8वें ओवर में जोफ्रा आर्चर की 5वीं बॉल पर छक्का लगाया। फिर आखिरी बॉल पर चौका मारा। टॉस हारकर बैटिंग कर रही पंजाब की शुरूआत मिलीजुली रही। टीम ने शुरूआती 6 ओवर के खेल में 65 रन बनाने में एक विकेट गंवाया। छठे ओवर में नांद्रे बर्गर की पहली बॉल पर प्रभसिमरन सिंह ने छक्का लगाया। यहां जोफ्रा आर्चर के पास डीप स्क्वैयर बाउंड्री पर कैच का चांस था।

ओवर की आखिरी बॉल पर कूपर कोनोली ने मिड ऑफ पर चौका लगाया। बर्गर के इस ओवर से 13 रन आए। 5वें ओवर में पंजाब ने 50 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया है। बृजेश शर्मा ने 5वीं बॉल पर वाइड डाल दी। वाइड से आए एक रन के सहारे पंजाब ने 50 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया। प्रभसिमरन सिंह और कूपर कोनोली क्रीज पर हैं। तीसरे ओवर की 5वीं बॉल पर पंजाब ने पहला विकेट गंवाया। यहां पर प्रियांश आर्या 29 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जोफ्रा आर्चर ने नांद्रे बर्गर के हाथों कैच कराया। इस ओवर की चौथी बॉल पर स्लिप पर यशस्वी जायसवाल ने उन्हें कैच करने का मौका गंवाया। बॉल उनके हाथ से लगकर थर्ड मैन बाउंड्री पर चली गई। दूसरे ओवर में प्रियांश आर्या ने नांद्रे बर्गर की गेंद पर पर लगातार 4 बाउंड्री लगाई।

इनमें दो चौके और दो छक्के शामिल रहे। बर्गर के इस ओवर से 21 रन आए। मैच के पहले ओवर में जोफ्रा आर्चर ने 8 रन खर्च किए। उनकी दूसरी बॉल पर प्रभसिमरन सिंह ने कट करके चौका लगाया और टीम का खाता खोला। स्टोइनिस ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 22 गेंद में छह छक्कों और चार चौकों से नाबाद 62 रन की पारी खेली जबकि प्रभसिमरन (44 गेंद, छह चौके, एक छक्का) ने 59 रन बनाए। प्रभसिमरन ने अर्धशतक जड़ने के अलावा कूपर कोनोली (30) के साथ दूसरे विकेट के लिए 59 और कप्तान श्रेयस अय्यर (30) के साथ तीसरे विकेट के लिए 48 रन की साझेदारी भी की। स्टोइनिस की तूफानी पारी से पंजाब किंग्स की टीम आखिरी तीन ओवर में 55 रन जोड़ने में सफल रही। रॉयल्स की ओर से लेग स्पिनर यश राज पुंजा सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 41 रन देकर दो विकेट चटकाए। नांद्रे बर्गर काफी महंगे साबित हुए। उन्होंने 59 रन देकर एक विकेट चटकाया। टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरे पंजाब किंग्स ने पावर प्ले में एक विकेट पर 65 रन बनाकर अच्छी शुरुआत की। प्रभसिमरन सिंह ने जोफ्रा आर्चर पर चौके से खाता खोला जबकि प्रियांश आर्य (29) ने नांद्रे बर्गर की लगातार गेंदों पर तीन चौके और एक छक्का मारा। प्रियांश ने अगले ओवर में आर्चर पर भी दो चौके जड़े लेकिन फिर बर्गर को आसान कैच दे बैठे। कूपर कोनोली (30) ने लेग स्पिनर यश राज पुंजा का स्वागत लगातार दो छक्कों के साथ किया और फिर रविंद्र जडेजा की गेंद को भी दर्शकों के बीच पहुंचाया। कोनोली हालांकि यश के अगले ओवर में बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में लॉन्ग ऑफ पर डोनोवन फरेरा को आसान कैच दे बैठे।

# सनराइजर्स की कड़ी चुनौती पर जीत की राह पर लौटने की कोशिश करेगा मुंबई इंडियंस

मुंबई। पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस को अगर अपनी किस्मत पलटनी है तो उसे शानदार फॉर्म में चल रहे सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के महत्वपूर्ण मुकाबले में खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। मुंबई की टीम पहले सात मैचों में पांच में हार से चार अंक लेकर नौवें स्थान पर है। उसे चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 103 रन से करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा था जिससे उसका नेट रन रेट भी बिगड़ गया है। मुंबई की टीम की चिंता भारत की टी20 विश्व कप विजेता टीम के चार खिलाड़ियों में शामिल कप्तान हार्दिक पंड्या (तीन विकेट और 97 रन) और सूर्यकुमार यादव (110) का खराब प्रदर्शन है।




तिलक वर्मा के गुजरात टाइटन्स के खिलाफ आईपीएल में पहले शतक से मुंबई लगातार चार मैचों में हार का सिलसिला तोड़ने में सफल रहा था लेकिन चेन्नई से मिली करारी हार ने एक बार फिर उसके लड़खड़ाते अभियान को और भी मुश्किल में डाल दिया। मुंबई इंडियंस के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का प्रदर्शन भी निराशाजनक रहा है। वह अभी तक केवल दो विकेट ले पाए हैं। बुमराह बीच के ओवर और डेथ ओवरों में गेंदबाजी करते रहे हैं लेकिन पिछले दो मैच में उन्होंने गेंदबाजी की शुरुआत की क्योंकि अन्य गेंदबाज मुंबई को अच्छी शुरुआत दिलाने में नाकाम रहे थे। न तो ट्रेंट बोल्ट (एक विकेट) और ना ही दीपक चाहर (एक) अपने आक्रामक तेवर दिखा पाए हैं। मुंबई के गेंदबाजों के असफल होने के कारण विरोधी टीमों ने पावरप्ले में नियंत्रण बनाया है जिससे मुंबई को नुकसान पहुंचा। इस बीच रोहित शर्मा की अनुपस्थिति ने खालीपन सा पैदा कर दिया है।

उनकी जगह पारी का आगाज करने के लिए भेजे गए दानिश मालेवार (2 और 0) उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाए हैं। अब यह देखना है कि पूर्व कप्तान रोहित हैमस्ट्रिंग की समस्या से उबरने के बाद पूरी फिटनेस हासिल कर पाए हैं या नहीं। चोटिल मिचेल सैंटनर की जगह केशव महाराज को टीम में शामिल किए जाने के बाद यह देखना बाकी है कि विल जैक्स को अंतिम एकादश में जगह मिलती है या नहीं। जैक्स ने टी20 विश्व कप में इसी तरह की परिस्थितियों में शानदार प्रदर्शन किया था। सनराइजर्स इस बात से अच्छी तरह वाकिफ होगा कि मुंबई अपनी हार का सिलसिला तोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। ऐसे में उसकी उम्मीद बल्लेबाजों पर टिकी रहेगी जो वानखेड़े स्टेडियम की बल्लेबाजी के लिए अनुकूल परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। सनराइजर्स में पिछले मैच में वैभव सूर्यवंशी के शतक के बावजूद राजस्थान रॉयल्स को हराया था।

अभिषेक शर्मा टी20 विश्व कप में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने के बाद फॉर्म में लौट आए हैं और वह इसका पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। उन्होंने अब तक 212.29 के स्ट्राइक रेट और 54.28 के औसत से 380 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और तीन अर्धशतक शामिल हैं। ईशान किशन (312) और हेनरिक क्लासेन (349) ने भी बल्लेबाजी ने अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन ट्रैविस हेड (186) से टीम को और अधिक उम्मीदें होंगी, जो अभी तक इस टूर्नामेंट में खास प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। कप्तान पैट कमिंस की वापसी से सनराइजर्स का गेंदबाजी आक्रमण मजबूत हुआ है। मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजों को उनसे सतर्क रहना होगा। सनराइजर्स की टीम अभी अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है।

## संक्षेप

### सिल्वा व कार्यकारी परिषद के सदस्यों ने एसएलसी प्रशासन से दिया इस्तीफा

कोलंबो। आलोचनाओं का सामना कर रहे श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) के अध्यक्ष शम्मी सिल्वा और उनकी कार्यकारी समिति के सदस्यों ने मंगलवार को यहां एक विशेष बैठक में अपने पदों से इस्तीफा दे दिया। यह कदम उस समय उठाया गया जब देश के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने नए प्रशासन के गठन की मांग की थी। कार्यकारी समिति के एक सूत्र ने बताया कि करीब तीन घंटे चले विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया। समिति के सदस्य हालांकि इस बारे में चुप्पी साधे रहे कि खेल मंत्री सुनील कुमारा गामगे को इस्तीफा सौंपने के बाद आगे क्या कदम उठाए जाएंगे। राष्ट्रपति के इस्तीफा देने के आग्रह के बाद यह अहम बैठक सिल्वा ने ही बुलाई थी। सिल्वा ने अपने पद को छोड़ने की मांग के बीच पिछले सप्ताह राष्ट्रपति दिसानायके से मुलाकात भी की थी। सरकार मार्च की शुरुआत से ही खिलाड़ियों की शिकायतों और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर श्रीलंका टीम के खराब प्रदर्शन के मद्देनजर सिल्वा को पद से हटाने पर विचार कर रही थी।

### बल्लेबाज हार्ड लेंथ के लिए पर्याप्त तैयारी नहीं कर रहे : स्टेन

नयी दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने कहा कि वर्तमान समय में बल्लेबाज हार्ड लेंथ (सटीक लेंथ पर की गई गेंद) के लिए पर्याप्त तैयारी नहीं कर रहे हैं तथा जोश हेज़लवुड और भुवनेश्वर कुमार ने रविवार को यहां खेले गए आईपीएल मैच में बल्लेबाजों की यह कमजोरी उजागर कर दी। हेज़लवुड और भुवनेश्वर ने पहले चार ओवरों में छह विकेट लेकर दिल्ली कैपिटल्स की बल्लेबाजी को तहस-नहस कर दिया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने दिल्ली को 16.3 ओवरों में 75 रन पर आउट कर दिया और नौ विकेट से आसान जीत दर्ज की। स्टेन ने कहा कि बल्लेबाज अब डरते नहीं हैं, लेकिन वह हेज़लवुड, भुवनेश्वर, कगिसो रबाडा और जोफ्रा आर्चर जैसे गेंदबाजों की सही लेंथ पर की गई गेंदों का सामना करने के लिए पर्याप्त अभ्यास नहीं करते हैं। स्टेन ने एक्स पर लिखा, बल्लेबाज भुवी (भुवनेश्वर), हेज़लवुड, रबाडा और आर्चर जैसे तेज गेंदबाजों से खौफ नहीं खाते लेकिन उनके मन में डर रहता है क्योंकि वे जानते हैं।

# प्रधानमंत्री ने बीसीसीआई की छह इंडोर क्रिकेट अकादमियों का किया उद्घाटन

एजेंसी

गंगटोक। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को पूर्वोत्तर भारत में छह अत्याधुनिक इंडोर क्रिकेट अकादमियों का उद्घाटन किया जो इस क्षेत्र में क्रिकेट के बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के कार्यक्रम का हिस्सा हैं। ये अकादमियां रंगपो (सिक्किम), दोइमुख (अरुणाचल प्रदेश), इंफाल (मणिपुर), मदनकुरक्लांग (मेघालय), आइजोल (मिजोरम) और दीमापुर (नगालैंड) में स्थित हैं। बीसीसीआई ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, माननीय प्रधानमंत्री ने सिक्किम के गंगटोक में एक राजकीय समारोह के दौरान इन सुविधाओं का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। यह खेल के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और पूर्वोत्तर क्षेत्र की अपार खेल क्षमता को सामने लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

उद्घाटन समारोह में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (अईसीसी) के चेयरमैन जय शाह और बीसीसीआई के पदाधिकारी मौजूद थे जबकि पूर्वोत्तर के अन्य पांच राज्यों के प्रशासक वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए इस कार्यक्रम से जुड़े। बीसीसीआई ने कहा, इस परियोजना की परिकल्पना बीसीसीआई द्वारा की गई थी।

### विस्मया और श्रीनिवास को नाडा का दो व चार साल का प्रतिबन्ध

नयी दिल्ली। एशियाई खेलों 2018 में चार गुणा 400 मीटर रिले में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय धाविका वी.के. विस्मया को प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन में दोषी पाए जाने के करीब दो साल बाद राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक पैनल ने दो साल के निलंबन की सजा सुनाई है। विस्मया 2018 जकार्ता एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतने वाली भारतीय महिला रिले टीम का हिस्सा थीं। उनके नमूने में प्रतिबंधित पदार्थ क्लोमिफीन की पुष्टि होने के बाद 2024 में उन्हें अस्थायी रूप से निलंबित किया गया था। यह पदार्थ हार्मोन और मेटाबोलिक मॉड्यूलेटर श्रेणी में आता है और खिलाड़ी के लिए हर समय प्रतिबंधित है।

# आक्रामक बल्लेबाजों पर रक्षात्मक होना नकारात्मकता नहीं : भुवनेश्वर

एजेंसी

नयी दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार का मानना है कि टी20 क्रिकेट के मौजूदा दौर में बल्लेबाजों के लगातार आक्रामक रुख के मद्देनज़र गेंदबाजों को पावरप्ले में गेंद स्विंग होने पर भी रणनीतिक और रक्षात्मक सोच के साथ गेंदबाजी करनी चाहिए। भुवनेश्वर ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सोमवार को यहां आईपीएल मुकाबले में पांच रन देकर तीन विकेट झटके। उन्होंने जोश हेजलवुड (12 रन पर चार विकेट) के साथ उछाल और स्विंग वाली कोटला की पिच पर दिल्ली कैपिटल्स की पारी को महज 75 रन पर समेट दिया। आरसीबी ने इसके जवाब में 6.3 ओवर में ही नौ विकेट शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। भुवनेश्वर ने जियोहॉटस्टार से कहा, इस प्रारूप में सबसे बड़ा बदलाव यह है कि अब बल्लेबाज पावरप्ले में गेंद स्विंग होने पर भी रुकते नहीं हैं। पहले परिस्थितियों का अधिक सम्मान होता था, लेकिन अब उनका रवैया लगातार आक्रामक रहता है। ऐसे में गेंदबाजों के लिए सोच में बदलाव जरूरी है। रक्षात्मक होना नकारात्मक नहीं है, बल्कि योजना के अनुसार गेंदबाजी करना और बल्लेबाजों की कमजोरियों को निशाना बनाना अहम है। भारतीय टीम से बाहर चल रहे भुवनेश्वर ने कहा कि जब पिच या माहौल से मदद मिलती है तो तेज गेंदबाज स्वाभाविक रूप से अधिक आक्रामक हो जाता है। उन्होंने कहा ऐसी सपाट पिचें, जहां गेंदबाजों को कोई मदद नहीं मिलती, वहां रणनीति अधिक रक्षात्मक हो जाती है, लेकिन इसका मतलब नकारात्मक होना नहीं है। इसका उद्देश्य रन रोकना और खासकर आक्रामक बल्लेबाजों के खिलाफ बाउंड्री से बचना होता है। लेकिन जब हवा में या पिच से थोड़ी मदद मिलती है, तो मानसिकता आक्रामक होकर विकेट लेने पर केंद्रित हो जाती है। उन्होंने कहा, गेंदबाज को पिच से अगर थोड़ी भी मदद मिले, तो उसका इरादा सिर्फ रन रोकने की जगह लगातार आक्रमण करते हुए विकेट लेने के मौके बनाने का होना चाहिए। हेजलवुड के साथ अपनी शानदार गेंदबाजी पर भुवनेश्वर ने कहा कि यह छोटी-छोटी बातों पर ध्यान देने का नतीजा है। उन्होंने कहा, तैयारी और परिस्थितियों को समझना बेहद महत्वपूर्ण होता है। योजना बनाने में छोटे-छोटे पहलू भी अहम भूमिका निभाते हैं। हेजलवुड जैसे अनुभवी खिलाड़ी के साथ मैदान पर संवाद बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है, जिससे परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढालना आसान होता है। स्विंग गेंदबाजी के माहिर माने जाने वाले भुवनेश्वर ने अपनी सफलता का श्रेय लाल गेंद के क्रिकेट को दिया।




# खेल की दुनिया में लंबे समय तक बने रहे रिकॉर्ड

एजेंसी

नयी दिल्ली। कीनिया के सबास्टियन सावे रविवार को लंदन में दो घंटे से कम समय में मैराथन दौड़ पूरी करने वाले इतिहास के पहले खिलाड़ी बन गए। हम यहां पर ऐसे ही कुछ रिकॉर्ड की सूची दे रहे है जो लंबे समय तक बने रहे।




**एथलेटिक्स**

पुरुष मैराथन (42.195 किमी): कीनिया के सबास्टियन सावे ने 26 अप्रैल, 2026 को लंदन मैराथन में 1:59:30 (एक घंटा, 59 मिनट, 30 सेकंड) के समय के साथ आधिकारिक तौर पर दो घंटे की बाधा पार कर दी। उन्होंने 2023 में कीनिया के केल्विन किप्टम द्वारा बनाए गए 2:00:35 के तीन साल पुराने विश्व रिकॉर्ड को तोड़ा।

छह मई, 1954 को, ब्रिटिश धावक रोजर बैनिस्टर ने ऑक्सफोर्ड में तीन मिनट 59.40 सेकंड के तत्कालीन विश्व रिकॉर्ड समय के साथ चार मिनट से कम समय में एक मील दौड़ने वाले पहले खिलाड़ी बनकर इतिहास रचा। इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने एक ऐसे मनोवैज्ञानिक अवरोध को खत्म कर दिया था जिसे पहले असंभव माना जाता था। हालांकि उनका विश्व रिकॉर्ड केवल 46 दिनों तक ही कायम रहा, क्योंकि 21 जून 1954 को ऑस्ट्रेलिया के जॉन लैंडी ने 3:58:00 के समय के साथ इसे अपने नाम कर दिया था।

भारत के सावन बरवाल ने अप्रैल 2026 में रॉटरडैम में पुरुषों की मैराथन का 48 साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया। उन्होंने दो घंटे, 11 मिनट और 58 सेकंड का समय लिया और शिवनाथ सिंह के 1978 में बनाए गए 2:12:00 के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ा।

**पुरुषों की लंबी कूद**

अमेरिकी खिलाड़ी माइक पॉवेल ने 1991 में 8.95 मीटर की छलांग लगाकर 23 साल पुराना विश्व रिकॉर्ड तोड़ा था, जो उनके हमवतन बॉब बीमन के 1968 में बनाए गए 8.90 मीटर के रिकॉर्ड से बेहतर था।

**पुरुषों की पोल वॉल्ट**

यूक्रेन के सर्गेई बुबका का 1993 में बनाया गया 6.15 मीटर का आखिरी विश्व रिकॉर्ड 21 साल तक कायम रहा, जिसे फ्रांस के रेनॉड लाविलनी ने 2014 में 6.16 मीटर के साथ तोड़ा। स्वीडन के आर्मंड डुप्लांटिस (6.31 मीटर) 2020 से वर्तमान विश्व रिकॉर्ड धारक हैं।

**महिलाओं की 400 मीटर (इनडोर दौड़)**

नीदरलैंड की फेमके बोल ने 19 फरवरी, 2023 को 49.26 सेकंड का नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने तब 49.59 सेकंड के 41 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ा था, जिसे 1982 में तत्कालीन चेकोस्लोवाकिया की जारमिला क्राटोचविलोवा ने बनाया था।

**महिला मैराथन**

ब्रिटिश धाविका पाउला रेडक्लिफ का 2:15:25 का विश्व रिकॉर्ड 16 साल तक कायम रहा, जिसे 2019 में कीनिया की ब्रिगिड कोसगेई (2:14:04) ने तोड़ा। वर्तमान विश्व रिकॉर्ड 2:09:56 है।

### दक्षिण अफ्रीका की हार से भारत ने काफी कुछ सीखा: मजूमदार

बेनोनी। भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 1-4 की निराशाजनक हार के बावजूद उनकी टीम को इस दौरे से काफी कुछ सीखने को मिला है। भारत ने पहले तीन मैच गंवाने के बाद चौथा मैच जीता लेकिन वह सोमवार को यहां पांचवें और अंतिम टी20 में 23 रन से हार गया। इस चुनौतीपूर्ण श्रृंखला के समाप्त होने के बाद मजूमदार ने कहा, मुझे लगता है कि यह शानदार श्रृंखला रही, जिसमें दोनों टीम के बीच अच्छा मुकाबला हुआ। शुरुआत से ही मुकाबला कड़ा था और दक्षिण अफ्रीका में आकर खेलना बहुत अच्छा रहा। उन्होंने कहा निश्चित तौर पर परिणाम हमारे पक्ष में नहीं रहा। 4-1 के परिणाम से हम थोड़े निराश हैं, लेकिन हमने इस श्रृंखला से बहुत कुछ सीखा है। मजूमदार ने कहा कि भारत की पावरप्ले में विकेट लेने में नाकामी और बल्लेबाजी में मैच का अच्छी तरह से समापन नहीं कर पाना, दो ऐसे क्षेत्र थे, जिनमें टीम शुरू में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई थी।

### विश्व कप : इंग्लैंड टीम घोषित, भारत से भी खेलेगी मैच

लंदन। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 के लिए मंगलवार को इंग्लैंड की 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसकी अगुआई ऑलराउंडर नैट स्काइवर ब्रंट करेंगी। स्काइवर ब्रंट की कप्तानी वाली इंग्लैंड की यही टीम मई-जून में भारत और न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली श्रृंखला में भी हिस्सा लेगी जिसके बाद टी20 विश्व कप होगा। यह स्काइवर ब्रंट सातवां टी20 विश्व कप होगा। भारतीय महिला टीम तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय और लॉर्ड्स में एक टेस्ट मैच खेलने के लिए इंग्लैंड का दौरा करेगी। टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच मई के आखिर या जून की शुरुआत में होने हैं जबकि टेस्ट मैच 10 से 13 जुलाई तक होगा। यह इस प्रतिष्ठित मैदान पर इंग्लैंड की महिला टीम के मैच की 50वीं वर्षगांठ का मौका भी है। इंग्लैंड टीम में नया नाम 18 वर्षीय सरे की स्पिनर टिली कोर्टिन कोलमैन हैं जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करेंगी। साथ ही वारविकशर की इसी वोंग और डरहम की लॉरेन फाइलर को भी पहली बार टी20 विश्व कप के लिए टीम में जगह मिली है।

# भारोत्तोलन चैंपियनशिप में भारत को चार स्वर्ण पदक

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय भारोत्तोलकों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए समोआ के अपिया में चल रही राष्ट्रमंडल युवा एवं जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप और संबंधित यूनिवर्सल कप (सीनियर) में प्रतियोगिता के दूसरे दिन चार स्वर्ण पदक जीते। सुनील सिंह ने 65 किलोग्राम पुरुष वर्ग में कुल 271 किलोग्राम (स्नैच में 126 किलोग्राम और क्लीन एवं जर्क में 145 किलोग्राम) भार उठाकर स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि ऐसांगफा गोगोई ने 58 किलोग्राम महिला वर्ग में और अभिनव गोगोई ने 71 किलोग्राम पुरुष वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।

ऐसांगफा ने कुल 185 किलोग्राम (स्नैच में 79 किलोग्राम और क्लीन एवं जर्क में 106 किलोग्राम) भार उठाकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि अभिनव ने कुल 284 किलोग्राम (स्नैच में 129 किलोग्राम और क्लीन एवं जर्क में 155 किलोग्राम) भार उठाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यूनिवर्सल कप में अरुणाचल प्रदेश के चारू पेसी ने पुरुषों के 65 किलोग्राम वर्ग में 289 किलोग्राम (स्नैच में 127 किलोग्राम और क्लीन एंड जर्क में 162 किलोग्राम) के कुल भार के साथ स्वर्ण पदक जीता। भारतीय भारोत्तोलन महासंघ (आईडब्ल्यूएफ) के अध्यक्ष सहदेव यादव ने टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों, कोच और सहायक कर्मचारियों को बधाई दी। यादव ने अपने बधाई संदेश में कहा, ये उपलब्धियाँ हमारे खिलाड़ियों और सहायक टीम की कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। भारत वैश्विक भारोत्तोलन मंच पर एक मजबूत दावेदार के रूप में उभर रहा है।




### डब्ल्यूएफआई के आरोपों के बाद विनेश ने रैंकिंग प्रतियोगिता के लिए किया पंजीकरण

नयी दिल्ली। भारत की स्टार पहलवान विनेश फोगाट ने मंगलवार को पुष्टि की कि उन्होंने गोंडा में होने वाले आगामी रैंकिंग टूर्नामेंट के लिए सफलतापूर्वक पंजीकरण कर लिया है।

उन्होंने इससे पहले आरोप लगाया था कि भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) उनकी भागीदारी में बाधाएं उत्पन्न कर रहा है। उनके देर से पंजीकरण को लेकर पैदा हुई भ्रम की स्थिति के बीच यह स्पष्टीकरण सामने आया है। डब्ल्यूएफआई का कहना था कि पंजीकरण पोर्टल में तकनीकी समस्याओं के कारण केवल विनेश ही नहीं, बल्कि कई पहलवान शुरुआत में प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाए थे।

बाद में लिंक उपलब्ध होने पर विनेश अपना पंजीकरण कराने में सफल रहीं। विनेश ने सोशल मीडिया पर लिखा, आगामी रैंकिंग टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए मेरा पंजीकरण आज सुबह पूरा हो गया।

# रक्षा मंत्री ने चीन, रूस के समकक्षों से की मुलाकात

## भारत और चीन अपने तनावपूर्ण संबंधों को सुधारने की दिशा में प्रयासरत

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को बिश्केक में अपने चीनी समकक्ष एडमिरल डोंग जून से मुलाकात की और वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शांति और स्थिरता बनाए रखने तथा व्यापक क्षेत्रीय सुरक्षा चिंताओं के संबंध में चर्चा की। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन के इतर यह बैठक ऐसे समय में हुई है, जब भारत और चीन अपने तनावपूर्ण संबंधों को सुधारने की दिशा में प्रयासरत हैं।

सिंह ने सोशल मीडिया पर कहा, बिश्केक में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान चीन के रक्षा मंत्री एडमिरल डोंग जून से बातचीत कर खुशी हुई। इस बारे में अभी कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है कि सिंह और डोंग के बीच किन मुद्दों पर चर्चा हुई। पता चला है कि सिंह और डोंग ने एलएसी पर समग्र स्थिति के संबंध में चर्चा की, जिसमें सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखने के महत्व के साथ-साथ क्षेत्रीय सुरक्षा मुद्दों पर भी जोर दिया गया। फिलहाल यह पता नहीं चल पाया है कि वार्ता में पश्चिम एशिया संकट पर चर्चा हुई या नहीं। यह बैठक भारत और चीन के संबंधों को सुधारने के प्रयासों के बीच हुई है। पिछले



कुछ महीनों में, दोनों पक्षों ने अपने संबंधों को फिर से सुधारने के लिए कई उपाय शुरू किए हैं। जून 2020 में गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुई हिंसक झड़पों के बाद दोनों देशों के रिश्तों में तनाव पैदा हो गया था। राजनयिक और सैन्य स्तर पर कई दौर की वार्ताओं के बाद, दोनों पक्षों ने पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा के साथ गतिरोध वाले कई बिंदुओं से अपने-अपने सैनिकों को वापस बुला लिया। रक्षा मंत्री ने रूस के अपने समकक्ष आंद्रेई बेलोसोव से भी मुलाकात की। सिंह ने कहा, बिश्केक में एससीओ के रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान रूस के रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलोसोव के साथ बातचीत अच्छी रही।

पता चला है कि सिंह और बेलोसोव ने रूस द्वारा भारत को एस-400 वायु रक्षा मिसाइलों की आपूर्ति सहित विभिन्न रक्षा खरीद परियोजनाओं पर चर्चा की। अक्टूबर 2018 में भारत ने रूस के साथ पांच अरब अमेरिकी डॉलर का समझौता किया था, जिसके तहत पांच मिसाइल प्रणाली इकाइयों की खरीद की जानी थी, और इनमें से तीन इकाइयां पहले ही भारत को सौंप दी गई हैं। चौथी इकाई के अगले कुछ दिनों में मिलने की उम्मीद है, जबकि पांचवीं इकाई नवंबर में भेजे जाने की संभावना है। पिछले महीने, भारत ने रूस से एस-400 मिसाइल प्रणाली की नयी खेप के तहत पांच और प्रणालियों की खरीद को मंजूरी दे दी, जिससे इनकी कुल संख्या 10 हो जाएगी। सिंह ने एससीओ बैठक के इतर बेलारूस के अपने समकक्ष लेफ्टिनेंट जनरल विक्टर खेनिन से भी मुलाकात की। सिंह ने एक्स पर कहा, बिश्केक में एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान बेलारूस के रक्षा मंत्री लेफ्टिनेंट जनरल विक्टर खेनिन से मिलकर मुझे बहुत खुशी हुई। हमारी बातचीत दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को मजबूत करने पर केंद्रित रही।

# न्यायालय ने सीबीआई, ईडी मामलों में आरोपी व्यक्ति के खिलाफ जारी एलओसी पर लगायी रोक



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा उस व्यक्ति के खिलाफ जारी लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) पर मंगलवार को रोक लगा दी, जिसपर जांच एजेंसी (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज अलग-अलग मामलों में मुकदमा चल रहा है। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता निमेष नवीनचंद्र शाह की एक याचिका पर गृह मंत्रालय को नोटिस जारी करके जवाब तलब किया। शाह ने अपनी याचिका में सीबीआई द्वारा जारी लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) को चुनौती दी है। याचिकाकर्ता के वकील ने न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को अवगत कराया कि यह सर्कुलर 2022 में जारी किया गया था, लेकिन उन्हें लगभग तीन वर्षों तक इसकी जानकारी नहीं दी गई। सीबीआई ने नौ नवंबर 2022 को जारी एलओसी पीठ के समक्ष पेश किया, जिसे न्यायालय ने गंभीरता से लिया। शीर्ष अदालत ने कहा, हमारी राय है कि नौ नवंबर 2022 को जारी लुकआउट सर्कुलर को फिलहाल निलंबित रखा जाए। पीठ ने कहा कि याचिका में उठाए गए मुद्दे के निर्णय के लिए गृह मंत्रालय को भी इस मामले में पक्षकार बनाना आवश्यक है। इसके बाद गृह मंत्रालय को मामले में पक्षकार के रूप में शामिल किया गया और उसे नोटिस जारी किया गया। शीर्ष अदालत ने इससे पहले सीबीआई, केंद्र सरकार और महाराष्ट्र सरकार से शाह की उस याचिका पर जवाब मांगा था, जिसमें उन्होंने इस वर्ष फरवरी में दिए गए मुंबई उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी थी। उच्च न्यायालय ने सीबीआई की ओर से जारी एलओसी के खिलाफ शाह की याचिका खारिज कर दी। याचिकाकर्ता ने इस सुर्कलर को रद्द करने की मांग की थी। शाह के वकील ने मंगलवार को सुनवाई के दौरान पीठ को बताया कि याचिकाकर्ता के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर 2022 में जारी किया गया था, लेकिन मई 2025 तक उन्हें इसकी जानकारी नहीं दी गई थी। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो के वकील ने लुकआउट सर्कुलर जारी करने से संबंधित एक कार्यालय ज्ञापन का हवाला दिया।

## संक्षेप

### लद्दाख के पांच नये जिलों के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक नियुक्त

लेह/जम्मू। लद्दाख के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने केंद्र-शासित प्रदेश के नवगठित पांच जिलों के लिए मंगलवार को उपायुक्तों (डीसी) और पुलिस अधीक्षकों (एसपी) की नियुक्ति को मंजूरी दे दी। यह कदम इन जिलों के गठन के एक दिन बाद उठाया गया। अधिकारियों ने बताया कि चांगथांग, नुब्रा, जंस्कार, शाम और द्रास में डीसी और एसपी के पदों पर नियुक्तियां प्रशासनिक कार्यों की तत्काल शुरुआत सुनिश्चित करने के लिए की गईं। उन्होंने कहा कि इस कदम का मकसद कानून-व्यवस्था को मजबूत करना और प्रशासन तक लोगों की पहुंच बढ़ाना है, खासकर दूरदराज के दुर्गम क्षेत्रों में। सरकारी आदेश के मुताबिक, नीतीश राजोरिया को चांगथांग का उपायुक्त, जबकि एसजेड अब्बास जाफरी को पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है।

इसमें कहा गया है कि मुकुल बेनीवाल और स्टैनजिन लोसाल क्रमशः नुब्रा के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक के रूप में सेवाएं देंगे। सरकारी आदेश के अनुसार, ओंकार राजेंद्र गुंडागे और रिग्जेन संदुप को क्रमशः जंस्कार के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है।

# अमेरिका में पूजा स्थलों के चारों ओर बफर जोन बनाने का विधेयक पेश

वाशिंगटन। अमेरिकी संसद में एक द्विदलीय विधेयक पेश किया गया है जिसमें मंदिरों और गुरुद्वारों सहित पूजा स्थलों के आसपास 100 फुट का बफर जोन बनाने और ऐसे क्षेत्रों के भीतर किसी भी प्रकार के उत्पीड़न या धमकी को संघीय अपराध मानने का प्रावधान है। न्यूयॉर्क से डेमोक्रेटिक सांसद टॉम सुओजी और ओहायो से रिपब्लिकन सांसद मैक्स मिलर ने धार्मिक सभाओं और धार्मिक प्रतिष्ठानों में व्यवधान से सुरक्षा अधिनियम से जुड़ा विधेयक पेश किया है। इस विधेयक का उद्देश्य किसी पूजा स्थल के 100 फुट के दायरे में धार्मिक पूजा के अपने अधिकार का प्रयोग कर रहे लोगों को जानबूझकर डराना, बाधा डालना या परेशान करने को संघीय अपराध बनाना है, चाहे ऐसा उन्हें धमकाकर, उनका रास्ता रोककर या उत्पीड़न या डराने के उद्देश्य से उनके आठ फुट के दायरे में पहुंचकर ही क्यों न किया गया हो। एसएसीआरईडी विधेयक को एंटी-डिफेमेशन लीग, अमेरिकन ज्यूइश कमेटी, यूनियन ऑफ ऑर्थोडॉक्स ज्यूइश कांग्रेगेशन्स ऑफ अमेरिका, हदासाह, इस्लामिक सोसाइटी ऑफ नॉर्थ अमेरिका का समर्थन प्राप्त है।

# सिसोदिया का न्यायाधीश के समक्ष पेश होने से इनकार

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया ने दिल्ली उच्च न्यायालय की न्यायाधीश स्वर्ण कांता शर्मा को मंगलवार को पत्र लिखकर कहा कि वह आबकारी मामले में उनकी अदालत में पेश नहीं होंगे। इससे एक दिन पहले, पार्टी प्रमुख एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने न्यायमूर्ति शर्मा को पत्र लिखकर कहा था कि आबकारी मामले में वह न तो व्यक्तिगत रूप से और न ही वकील के माध्यम से उनके समक्ष पेश होंगे। न्यायमूर्ति शर्मा को लिखे एक पत्र में सिसोदिया ने कहा, मेरी ओर से कोई वकील भी पेश नहीं होगा। आपके बच्चों का भविष्य तुषार मेहता के हाथों में है। उन्होंने आगे कहा, मुझे न्याय की उम्मीद नहीं है, सत्याग्रह के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है। केजरीवाल द्वारा इसी चिंता को लेकर लिखे गए पत्र का जिक्र करते हुए सिसोदिया ने कहा कि गंभीर चिंताओं को उठाया गया है। सिसोदिया ने कहा, मैं उनके द्वारा अपनाए गए रुख से सम्मानपूर्वक सहमत हूं, जो महात्मा गांधी की सत्याग्रह संबंधी शिक्षाओं पर आधारित है। केजरीवाल ने न्यायमूर्ति शर्मा से मामले की सुनवाई से खुद को अलग करने की अपील की थी।

# होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही ठप

एजेंसी

दुबई। होर्मुज जलडमरूमध्य को पार न कर पाने के कारण सैकड़ों जहाजों पर सवार लगभग 20,000 नाविक खाड़ी में फंसे हुए हैं। इन जहाजों में गैस और तेल के टैंकर सहित कई मालवाहक जहाज शामिल हैं। दुनिया के कुल तेल और तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) का लगभग पांचवां हिस्सा इसी जलमार्ग से होकर गुजरता है। समुद्र संबंधी डेटा देने कंपनी लॉयड्स लिस्ट इंटेलिजेंस के अनुसार, 13 से 19 अप्रैल के दौरान इस जलडमरूमध्य से लगभग 80 जहाज गुजरे। युद्ध से पहले इस मार्ग से प्रतिदिन लगभग 130 या उससे अधिक जहाज

**लगभग 20,000 नाविक फंसे**

गुजरते थे। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक दर्जनों जहाजों पर हुए हमलों में कम से कम 10 नाविकों की मौत हो चुकी है।


### अपने अंत की ओर बढ़ रहा ईरान : ट्रंप

वाशिंगटन। अमेरिका और ईरान के बीच चल रही तनातनी के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बेहद चौंकाने वाला दावा किया है। उन्होंने कहा है कि ईरान पूरी तरह से बर्बादी के कगार पर पहुंच गया है।

# दक्षिण तटीय रेलवे जोन एक जून से अस्तित्व में आयेगा

नयी दिल्ली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को घोषणा की कि रेलवे का नया दक्षिण तटीय जोन एक जून 2026 से अस्तित्व में आएगा और कार्य करना शुरू कर देगा।

विशाखापत्तनम में गूगल क्लाउड इंडिया एआई हब के शिलान्यास समारोह के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए वैष्णव ने कहा, दक्षिण तटीय रेलवे जोन के गठन के लिए राजपत्र अधिसूचना जारी की जाएगी, जिसकी प्रभावी तिथि एक जून 2026 होगी। उन्होंने कहा कि यह घटनाक्रम आंध्र प्रदेश में रेलवे प्रशासन को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।







Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com